संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 17 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 75 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनपद रामपुर में 610 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया।

# लोकसभा चुनाव का बजा बिगुल, जून में नई सरकार

## 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में होंगे लोकसभा चुनाव, 4 जून को नतीजे, पहली वोटिंग 19 अप्रैल, आखिरी 1 जून को, मणिपुर की एक सीट पर 2 फेज में वोटिंग

**जनता की बारी**

**8 पोलिंग बूथों पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं: मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 2024 लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज गया है। निर्वाचन आयोग ने दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तारीखों का एलान किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इस बार के लोकसभा चुनाव 7 चरणों में कराए जाएंगे। उन्होंने ये भी बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसके अलावा पोलिंग बूथों पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं।

**19 अप्रैल से शुरू होंगे चुनाव:** इस बार लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होंगे। चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव शुरू होंगे और 4 जून को नतीजे आएंगे। सातों चरण इस प्रकार होंगे...

**किस राज्य में कब होंगे लोकसभा चुनाव?**

दिल्ली में लोकसभा चुनाव की वोटिंग 25 मई को होगी। यूपी में सभी सातों चरणों में वोटिंग होगी। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई और 13 मई को वोटिंग होगी। छत्तीसगढ़ में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और तीसरे चरण 7 मई को वोटिंग होगी। बंगाल में सात चरणों में वोटिंग होगी। गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों के लिए मतदान सात मई को तीसरे चरण में होगा।




**किस चरण में कितने राज्यों में चुनाव:** पहले चरण में 21 राज्यों के कुल 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, दूसरे फेज में 13 राज्यों की 89 सीटों, तीसरे में 12 राज्यों की 94 सीटों, 10 राज्यों की 96 सीटों, 8 राज्यों की 49 सीट, 7 राज्यों की 57 सीट, 8 राज्यों की 57 सीट पर वोटिंग होगी।

**इस बार 97 करोड़ वोटर्स:** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में 96.8 करोड़ वोटर्स हैं और 10 लाख से ज्यादा बूथ वोटिंग के लिए होंगे। राजीव कुमार ने कहा कि हमारे देश के चुनाव पर पूरी दुनिया की नजर होगी।

उन्होंने कहा कि इस बार 1.8 करोड़ मतदाता पहली बार वोट करेंगे और कुल 21.5 करोड़ युवा वोटर्स होंगे। पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.7 करोड़ है।

**26 विधानसभाओं में होंगे उपचुनाव:** हरियाणा, हिमाचल, झारखंड और यूपी समेत 26 विधानसभाओं में उपचुनाव होंगे।



### चुनाव आयुक्त की बड़ी बातें...

- = लोकसभा का कार्यकाल 16 जून तक है
- = अब पार्टियों को अपने उम्मीदवार का क्रिमिनल रिकॉर्ड बताना होगा
- = यह भी बताना होगा कि उस उम्मीदवार को क्यों टिकट दिया गया और क्षेत्र से किसी और व्यक्ति को टिकट क्यों नहीं दिया गया
- = इस बार 85 साल से ऊपर के वोटर घर से वोट दे सकते हैं
- = चुनाव आयुक्त ने बताया कि महिला वोटर्स की संख्या में इजाफा हुआ
- = कई क्षेत्रों में तो महिला वोटर्स की संख्या पुरुषों से ज्यादा
- = इस बार 85 लाख फर्स्ट टाइम महिला वोटर्स होंगे
- = हर जिले में होगा एक कंट्रोल रूम

## 2024 के लिए '4एम सबसे बड़ी चुनौतीः चुनाव आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मुख्य निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का एलान कर दिया है। 18वीं लोकसभा चुनाव का आयोजन सात चरणों में किया जाएगा। वहीं, वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी। पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल, दूसरे चरण का चुनाव 26 अप्रैल, तीसरे चरण का चुनाव 7 मई, चौथे चरण का चुनाव 13 मई, पांचवें चरण का चुनाव 20 मई, छठे चरण का चुनाव 25 मई और आखिरी चरण का चुनाव 1 जून को किया जाएगा।

**चुनाव आयुक्त ने बताई अपनी चुनौतियां:** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चुनाव से जुड़ी बहुत-सी बातों का जिक्र किया है। दरअसल, चुनाव आयुक्त ने तारीखों का एलान करने के साथ ही '4एम 'का भी जिक्र किया है। इसे चुनाव आयोग ने अपने लिए चुनौती माना है, लेकिन इसके साथ ही, उससे निपटने का रास्ता भी ढूंढ़ लिया है। दरअसल, चुनाव आयुक्त ने '4M' Muscle, Money, Misinformation MCC Violation का जिक्र किया है। आचार संहिता का उल्लंघन करना है। इन सभी समस्याओं के निपटारे के लिए चुनाव आयोग ने तारीखों के एलान से पहले ही तैयारियां कर ली थीं और आज से चुनाव आयोग के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू हो जाएगी।

**आयोग तैयार**

**8 सबसे पहले मसल पावर को कंट्रोल करने के लिए सीएपीएफ की तैनाती पर्याप्त संख्या में कड़ी कर दी जाएगी।**

**शक्ति प्रयोग को काबू करने की तैयारी: राजीव कुमार** : राजीव कुमार ने कहा कि सबसे पहले मसल पावर को कंट्रोल करने के लिए सीएपीएफ की तैनाती पर्याप्त संख्या में और कड़ी कर दी जाएगी।

### चुनाव एक पर्व और देश का गर्व

**चुनाव** आयुक्त ने कहा कि भारत में चुनाव एक पर्व और देश का गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम चुनावों के लिए तैयारी है। हम दो साल से चुनाव की तैयारियां कर रहे थे

| चरण | तारीख |
|---|---|
| पहला | 19 अप्रैल |
| दूसरा | 26 अप्रैल |
| तीसरा | 7 मई |
| चौथा | 13 मई |
| पांचवां | 20 मई |
| छठा | 25 मई |
| सातवां | 1 जून |
| नतीजे | 4 जून |

### 4 राज्यों में विधानसभा चुनाव

**आम** चुनाव के साथ 4 राज्यों में विधानसभचुनाव भी होंगे। आंध्र प्रदेश में 13 मई को चुनाव होंगे। सिक्किम और अरुणाचल में 19 अप्रैल को वोटिंग। ओडिशा में मतदान 13 मई से 4 चरणों में होंगे।


**आदर्श विचार**



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

**मन की बात**



"जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।"

स्वामी विवेकानंद

**तीसरी आंख**




## सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के मुद्दे पर ओवैसी के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उन्होंने सीएए के कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान ओवैसी ने एनआसी का मुद्दा भी उठाया है। ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि सीएए का एनआरसी के साथ गलत गठजोड़ है। एनआरसी के जरिए भारतीय मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। याचिका में ओवैसी ने कहा कि कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6B के तहत नागरिकता का दर्जा देने की मांग करने वाले किसी भी आवेदन पर सरकार द्वारा विचार या कार्रवाई नहीं की जाए। सीएए को अधिसूचित किये जाने के बाद ओवैसी ने कहा था कि धर्म के आधार पर कोई कानून नहीं बनाया जा सकता और इसपर सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय भी हैं।

## वाईएसआरसीपी ने 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने आंध्र प्रदेश में 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसके साथ ही पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की सभी 175 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की भी घोषणा की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को इडुपुलापाया में उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी की। जगन मोहन रेड्डी ने एक ही बार में सभी 175 विधानसभा क्षेत्रों और 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची शनिवार को जारी की।

## चार राज्यों में होंगे विधानसभा चुनाव



**एलान**

**8 अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा के विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के साथ ही अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा के विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान किया। बता दें कि अरुणाचल और सिक्किम में 19 अप्रैल को वोटिंग होगी, जबकि आंध्र प्रदेश में 13 मई को मतदान होगा।

इसके अलावा ओडिशा में सात चरणों में विधानसभा चुनाव संपन्न होंगे।

## चुनाव के लिए एनडीए पूरी तरह तैयार: पीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। इस बार पूरे देश में लोकसभा का चुनाव सात चरणों में कराए जाएंगे। वहीं, चुनाव की तारीखों के एलान के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पाटी, एनडीए आम चुनाव में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**शुरू हुआ लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व:** पीएम मोदी ने चुनाव की तारीखों के एलान के बाद कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का शुभारंभ हो गया है। चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल से मतदान के पहले चरण का शुरूआत होगा, जो सात चरणों तक चलेगा। उन्होंने आगे कहा कि 4 जून को चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे।

**मतदान** लोक सभा चुनाव की अधिसूचना 7 मई को जारी होगी, 14 मई तक उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे

## हिमाचल की चार लोकसभा सीटों के लिए मतदान एक जून को

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल की चार लोक सभा सीटों के लिए मतदान सातवें चरण में एक जून को होगा। लोक सभा चुनाव की अधिसूचना 7 मई को जारी होगी। 14 मई तक उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 15 को नामांकन पत्रों की छंटनी तथा 17 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतगणना 4 जून को होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शिमला में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली बार प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने वाले मतदाताओं का आंकड़ा 1 लाख 38 हजार 918 का बनता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 7990 मतदान केंद्रों में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव को लेकर मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया है। प्रदेश में 2024 के लोक सभा चुनाव में 56 लाख 38 हजार 422 मतदाता उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। मतदाताओं में 28 लाख 79 हजार से अधिक पुरुष तथा 27 लाख 59 हजार 187 महिलाएं हैं। 35 तृतीय लिंग मतदाता भी मतदाता सूचियों में शामिल हैं। कुल मतदाताओं में सर्विस वोटर भी शामिल हैं। सनद रहे कि 2019 के लोक सभा चुनाव में प्रदेश में 50 लाख 96हजार से अधिक मतदाता थे। 2022 के विधान सभा चुनाव में प्रदेश में 55 लाख 25 हजार से अधिक मतदाता थे।प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करने की घोषणा करते हुए चुनावी रूपरेखा पर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा कि चुनावों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कुल मतदान केन्द्र 7990 होंगे जिसमें से 425 मतदान केन्द्र क्रिटिकल की श्रेणी में है। उन्होंने बताया कि सभी स्थानों पर ईवीएम और पीपीपैट मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा।





# पहले और अब के मुकाबले लोकसभा चुनावों में आया बड़ा बदलाव, पहाड़ों में छह महीने पहले मच जाता था शोर

**दस्तक**

**8 विभिन्न पार्टियों के दावेदार प्रत्याशी इंटरनेट मीडिया के जरिये, साथ-साथ दल-बल के साथ घरों में दस्तक दे रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है। देश की 140 करोड़ की जनता एक बार फिर से नई सरकार चुनने को तैयार है। राजनीतिक दलों ने चुनाव में अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। सांसद बनने के सपने देख रहे विभिन्न पार्टियों के दावेदार प्रत्याशी इंटरनेट मीडिया के जरिये प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ दल-बल के साथ घरों में दस्तक दे रहे हैं। पहले और अब के चुनाव में जमीन आसमान का फर्क है। यह कहना है एडब्ल्यूएचओ सोसाइटी में रहने वाले 85 वर्षीय मेजर कुंवर सिंह राणा का। मूलरूप से हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना गांव पराह के रहने वाले कुंवर सिंह राणा बताते हैं कि पुराने समय में पार्टियां छह महीने पहले ही अपने प्रत्याशियों को घोषित कर देती थीं। पहाड़ी इलाका होने की वजह से ज्यादातर गांवों में पार्टी प्रत्याशी चुनाव से कई महीनों पहले ही पहुंचकर प्रचार-प्रसार करते थे। पैदल ही अपने समर्थकों के साथ घर-घर पहुंचते थे। प्रत्याशियों के एजेंट गांवों में घूमकर पार्टी प्रत्याशियों से जुड़े बिल्ला बांटकर प्रचार किया करते थे। बच्चों में बिल्ला एकत्र करने की होड़ मची रहती थी। उन्होंने कई मतदान देखे हैं। पहले और अब के मतदान में काफी बदलाव आया है। पहले मतदान प्रतिशत बेहद कम रहता था। लोकतंत्र के महापर्व में महिलाओं की सहभागिता बेहद कम रहती थी। गिनी-चुनी पार्टियां और गिने चुने ही प्रत्याशी होते थे। पहले लोकसभा चुनाव में हर एक उम्मीदवार को मतदान केंद्र पर नाम व चुनाव चिह्न के साथ अलग रंगीन पेटी दी गई थी। इसका एकमात्र मकसद यह था कि अनपढ़ लोग भी अपनी पसंद के उम्मीदवार को आसानी से वोट दे सके। उस समय 85 प्रतिशत लोग अशिक्षित थे। संचार का कोई भी ऐसा माध्यम नहीं था, जो लोगों तक सीधी अपनी पहुंच रखता हो। उस दौर में टेलीविजन नहीं था। रेडियो की संख्या भी बेहद कम थी। लोकतंत्र को लेकर लोगों में जागरूकता न के बराबर थी। चुनाव आयोग के सामने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना सबसे बड़ी चुनौती होती थी।

## गाजियाबाद में 26 अप्रैल को होगी वोटिंग, इस सीट पर कई बार रहा बीजेपी का कब्जा

**गाजियाबाद।** चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ ही 2024 के महासमर की रणभेरी बज चुकी है। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के साथ ही कई राज्यों की विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी एलान किया। इसी के साथ ही गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की तारीख भी घोषित हो चुकी है।

यहां पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। इसके बाद 4 जून को मतों की गिनती होगी। अभी तक यहां पर किसी भी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी का एलान नहीं किया है।




**जिले में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल:** अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार, जिले की सभी पांच विधानसभा के अलावा हापुड़ की धौलाना आंशिक क्षेत्र में कुल 29,38,845 मतदाता पंजीकृत हुए हैं। इनमें 16,22,869 पुरुष और 13,15,782 महिला मतदाता दर्ज हैं।

## दोषी आईएएस अधिकारी तंवर को सजा

**गाजियाबाद :** दूसरे की जगह परीक्षा देने के दोषी 2019 बैच के आईएएस अधिकारी नवीन तंवर को शुक्रवार को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई गई। मजिस्ट्रेट शिवम वर्मा ने हिमाचल प्रदेश के चंबा में एडीएम नवीन पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस संख्या:- 61245282 में शुद्धिपत्र**

निम्नलिखित शुद्धिपत्र निविदा संख्या 61245282 के लिए जारी किए जाते हैं। भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप - 135002 द्वारा फर्मों की निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरानी | संशोधित | |
| 1. | 61245282 में शुद्धिपत्र | कंप्लीट रेक्टिफायर असेंबली | 2 नग | 4 नग | 25 मार्च 2024 |
| | | | पुरानी | संशोधित | |
| 2. | अर्नेस्ट मनी | - | 67510 | 138800 | |

निविदा शर्तें:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 852/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक**, पुत्रः पदम सिंह, पताः जी-2, लक्ष्मी पार्क, बिस्किट फैक्ट्री के पास, निहाल विहार, नांगलोई, दिल्ली ने **FIR No. 1034/2018, दिनांक 26.12.2018, U/s 498A/406/34 IPC, थानाः सुलतान पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1034/2018, दिनांक 26.12.2018, U/s 498A/406/34 IPC,** थानाः सुलतान पुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अभिषेक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति राजोरिया
महानगर दण्डाधिकारी-10
कमरा नंबर 18, ग्राउंड फ्लोर
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3090/OD/2024-
(Court Matter)

## पति की हत्या के मामले की पैरवी कर रही महिला पर एसिड अटैक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** पति की दो वर्ष पहले हुई हत्या के मामले में पैरवी कर रही महिला पर पटेल नगर में बाइक सवार दो लोगों ने तेजाब फेंक दिया। महिला इसमें बुरी तरह झुलस गई और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के बेटे शिवम ने बताया कि उनके पिता अखिलेश कुमार को तीन मई 2022 को कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र के स्वदेशी कंपाउंड में एक निमार्णाधीन फैक्ट्री में जला दिया गया था। इलाज के दौरान 29 मई को उनके पिता की मौत हो गई। इस मामले में तीन लोगों पर कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज है। पहले वह दौलतपुर क्षेत्र में रहते थे, लेकिन पिता की मौत के बाद नंदग्राम में आकर रहने लगे।

**बाइक सवार युवकों ने फेका तेजाब:** शनिवार दोपहर शिवम की मां सुमन पंचवटी से राशन लेकर ई-रिक्शा में बैठकर नंदग्राम आ रही थी।

महिला का आरोप है कि पटेल नगर में निम गैस एजेंसी के पास बाइक सवार दो लोगों ने उनके उपर तेजाब फेंक दिया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 95/2023-2024 दिनांक 21.02.2024, क्र. सं. 05
निविदा संख्या 7723907ORGC खुलने की तिथि 02.04.2024
उपरोक्त संदर्भित निविदा की अनुबंध-एच से संबंधित वाणिज्यिक अनुपालन शर्त को निविदा से हटा दिया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 15.03.2024 841/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या: झाँसी-इलेक्ट्रो-ई-2024-39 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 26823480.00 |

**कार्य का नामः** सप्लाईंग, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ वैरी हाई फ्रीक्वेंसी (वीएचएफ) बेस्ड अप्रोचिंग ट्रेन वार्निंग सिस्टम (रक्षक) फॉर ट्रैक मेंटेनर्स अंडर जुरिस्डिक्शन ऑफ सीनियर डीईएन/ईस्ट/झाँसी।

**अमानत राशिः** ₹ 284200.00, **निविदा बन्द होने की तिथिः** 08.04.2024 at 15:00 hrs., **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 15 माह

नोट:- (1) निविदा **दिनांक 08.04.2024** को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 437/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 95/2023-2024 दिनांक 21.02.2024, क्र. सं. 06
निविदा संख्या 77239062RGC खुलने की तिथि 02.04.2024
उपरोक्त संदर्भित निविदा की अनुबंध-एच से संबंधित वाणिज्यिक अनुपालन शर्त को निविदा से हटा दिया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 15.03.2024 840/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 92/2023-2024 दिनांक 09.02.2024, क्र.सं. 07
निविदा संख्या 77239065RGC खुलने की तिथि 21.03.2024
उपरोक्त संदर्भित निविदा की अनुबंध-एच से संबंधित वाणिज्यिक अनुपालन शर्त को निविदा से हटा दिया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह दूसरा शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 15.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 838/24

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

ई-प्रापण निविदा सूचना सं. ई-प्रापण निविदा सूचना दिनांक 13.03.2024 भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक ई.टी.डी./सी.एन.बी. निम्नलिखित मदों के लिए ई प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा सं..: 57245023 | मात्रा : 8200 Pairs |

**माल का विवरण:** Cut Resistance Hand Gloves with Heavy Duty Nitride coating as per EN 388: 2003. Complete specification as given below. EN: 388(4221) size:10 Length: Approx. 27 Cm. Construction: Five Finger Glove, Canvas Cuff, Partially Coated. Base Glove: Jersey Cotton. Coating: NBR (Nitrile Butadine rubber) Resistance: Good resistance to Oil & Grease. Note: Following Details must be available on each glove: 1. CE Conformity symbol, 2. Mechanical Risk Pictogram with EN Standard & 4 digit Code. Make Udyogi/Ayushi/Saviour/Karam or equivalent.

| | |
|---|---|
| निविदा सं..: 57245028 | मात्रा : 420 Ltr. |

**माल का विवरण:** GEAR OIL FOR WHEEL LATHE OIL SERVO MESH SP-68 OF M/S. IOCL OR PARTHEN EP 68 OF M/S. HPCL OR MAK AMOCOM-68 OF M/S. BPCL; PACKED IN 210 LITRES NON RETURNABLE NEW M.S. DRUMS.

| | |
|---|---|
| निविदा सं..: 57245036 | मात्रा : 02 Nos. |

**माल का विवरण:** 60 KG CO2 GAS CYLINDER REFILLING WITH SMALL CYLINDER

| | |
|---|---|
| निविदा सं..: 57245024 | मात्रा : 410 Ltr. |

**माल का विवरण:** Water Miscible cutting fluid PH Range: 8.9-9.5, Concentration (%) Range: 3-15, Oil Proportion %: 51-65. Make & Brand: Houghton, Castrol, IOC, HP & Blaser.

| | |
|---|---|
| निविदा सं..: 57245030 | मात्रा : 10 Nos. |

**माल का विवरण:** Material stacking foldable plateform trolley, load cap. 300 Kg. with four wheels. Material of trolley- mild steel. Required dimension as follows. Size (L x W x H) Foldable size 91 x 61 x 28 cm. unfolded size 91 x 61 x 87. cm. Base plate size- 91 x 61 cm. Wheel size- 12.5 cm. Wheel material - Heavy duty rubber/PU/Poly propylene/TPR., make- **stanley/Neelkamal/technocart/blackdecker/volts/Corvids.**

| | |
|---|---|
| निविदा सं..: 57241019 | मात्रा : 100 Mtr. |

**माल का विवरण:** STEEL WIRE ROPE 14 MM DIA CONSTN. 6 X 37 FIBRE CORE R-H UNGALVANISED Tensile Strength. 157 K N SQ. MTRS. TO IS:2266.

**निविदा खोलने की तिथि :** सभी निविदाओं के लिये **'04.04.2024'**
**बयाना राशि :** सभी निविदाओं के लिये 'NIL'

नोट:- (1) उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायगी। वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आई टी एक्ट 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी (Class III) डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ आईआरईपीएस की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजीटल हस्ताक्षरित कवरिंग लेटर पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फर्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 485/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## नामी विश्वविद्यालय की छात्राओं की बनाई वीडियो

**नोएडा।** जिले के कोतवाली सेक्टर-126 क्षेत्र स्थित एक नामी विश्वविद्यालय की दो छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्राओं के पिता ने ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि उनकी दो बेटियां विश्वविद्यालय में पढ़ती हैं। 15 मार्च की दोपहर बेटियां जब कालेज में पढ़ने के लिए आईं तो विश्वविद्यालय के गेट नंबर-4 के पास एक आटो रिक्शा चालक उनका पीछा करता हुआ पहुंचा। वह उनका वीडियो बनाने लगा। दोनों बहनों ने इस बात का विरोध किया तो उनके साथ अश्लील हरकत की। सूचना पर छात्राओं के पिता पहुंचे तो आरोपित ने उनके साथ भी अभद्रता की। पुलिस ने सदरपुर सलोनी के सुरेंद्र पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## प्रसव पीड़ा बढ़ने पर महिला ने एंबुलेंस में ही दिया बच्ची को जन्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** प्रसव पीड़ा बढ़ने पर एंबुलेस में सुरक्षित प्रसव कराया गया है। मामला साहिबाबाद क्षेत्र का है। साहिबाबाद गांव निवासी मोहित की पत्नी अंजलि को शनिवार को प्रसव पीड़ा हुई। प्रसव पीड़ा होने पर मोहित ने अस्पताल जाने के लिए एंबुलेस सेवा 108 पर कॉल किया। मामले की सूचना तुरंत इंदिरापुरम के पास खड़ी एंबुलेंस को दी गई। एंबुलेस सेवा के जिला प्रोग्रामर मैनेजर जयविंदर ने बताया कि 10 मिनट के अंदर ही एम्बुलेंस साहिबाबाद गांव पहुंच गई तथा अंजलि और स्वजन को लेकर जिला महिला अस्पताल के लिए निकली। परंतु जैसे ही एंबुलेंस मोहन नगर चौराहा के पास पहुंची तो अंजलि को प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी चंद्रपाल ने चालक सुनील कुमार को एंबुलेंस साइड में लगाने को कहा।




**सराहनीय कर्मचारियों को किया जाएगा सम्मानित**
एंबुलेंस साइड में लगाने के बाद ईएमटी चंद्रपाल ने एंबुलेंस में उपलब्ध डिलीवरी किट की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया। अंजलि ने बेटी को जन्म दिया है। अंजलि को इससे पहले एक बेटी और भी है।

## पान मसाला की चार कंपनियों से 20 करोड़ का माल जब्त

**गाजियाबाद :** राजश्री, कमला पसंद ब्रांड के नाम से पान मसाला और तंबाकू उत्पाद बनाने वाली चार कंपनियों के तकरीबन 15 ठिकानों पर केंद्रीय जीएसटी विभाग की टीम लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी जांच में जुटी रही। इन कंपनियों के पांच ठिकानों पर 24 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन में 15 से 20 करोड़ रुपये की कर चोरी की आशंका जताई जा रही है। जांच टीमों ने 20 करोड़ रुपये से ज्यादा का माल जब्त किया है। साथ ही, कई अहम दस्तावेज भी टीम साथ ले गई हैं।

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 15120232024/394-395 दिनांक: 11.03.2024

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदायें प्रपत्र पर **दिनांक 10.04.2024 को 13.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| निविदा नं.: 394 | अनुमानित मूल्य (रू.): ₹ 66,44,130.35 |
| कार्य का विवरणः सहायक मण्डल अभियन्ता/लाइन/कानपुर के अन्तर्गत कानपुर-टुण्डला सेक्शन में लेवल क्रासिंग के सुधार का कार्य। | |
| बयाने की रकम (रू.): ₹ 1,32,900.00 | कार्य समापन की अवधि : 06 माह |
| निविदा नं.: 395 | अनुमानित मूल्य (रू.): ₹ 90,37,402.45 |
| कार्यों का विवरणः सहायक मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/द्वितीय/कानपुर के अन्तर्गत कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर नई पार्किंग का कार्य। | |
| बयाने की रकम (रू.): ₹ 1,80,800.00 | कार्य समापन की अवधि : 06 माह |

**निविदा खुलने की तिथिः** दोनों निविदाओं के लिये '10.04.2024'

**इलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्यः** दोनों निविदाओं के लिये **'कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य'।**

नोट:- (1) आन लाइन निविदा **दिनांक 10.04.2024 को 13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। (2) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर **समय 13:30 बजे** टेण्डर खुलने की तिथि **10.04.2024** तक उपलब्ध है। 461/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
**रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं।
फोन : 7710404041

## change of name

**I Harjeet Kaur W/o Amit R/o Phusgarh (Part) (2), P.O.:-Phoosgarh, Dist:- Karnal, Haryana-132001, have changed my name to Jeet kaur.**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## Change Of Name

I Atul Kumar S/o Satya Pal R/o H. No.-876, Sector-12, Huda, Panipat, Haryana-132103, have changed my name to Atul Singla.

## नाम परिवर्तन

अहम सन्नी गर्ग पुत्र श्री शिव कुमार गर्ग निवासी वार्ड नं0- 11 पुरानी अनाज मण्डी सफिदों तह० सफिदों जिला जीन्द, हरियाणा का निवासी हूं जो कि मैं अपने हल्फ द्वारा निम्नलिखित ब्यान करता हूँ कि आदित्य गर्ग मेरा सगा लड़का है जिसका जन्मतिथि 12.05.2012 है। मेरे लड़के के जन्म प्रमाण पत्र में लड़के का नाम अविश गर्ग दर्ज है। अब भविष्य में मेरे लड़के को आदित्य गर्ग के नाम से ही पुकारा जाएगा। उक्त नाम के प्रति भविष्य में किसी को कोई एतराज व आपति होती है तो उसके लिए स्वयं जिम्मेवार रहूंगा।

## नाम परिवर्तन

अहम सन्नी गर्ग पुत्र श्री शिव कुमार गर्ग निवासी वार्ड नं0- 11 पुरानी अनाज मण्डी सफिदों तह० सफिदों जिला जीन्द, हरियाणा का निवासी हूं जो कि मैं अपने हल्फ द्वारा निम्नलिखित ब्यान करता हूँ। विधि गर्ग मेरी सगी लड़की है जिसकी जन्म तिथि 06.08.2013 है। मेरी लड़की के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी लड़की का नाम दृति दर्ज है। अब भविष्य में मेरी लड़की को विधि गर्ग के नाम से ही पुकारा जाएगा। उक्त नाम के प्रति भविष्य में किसी को कोई एतराज व आपति होती है तो उसके लिए स्वयं जिम्मेवार रहूंगा।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 25 मई को छठे चरण में होगा दिल्ली में मतदान

## दिल्ली में कुल 1,47,18,119 मतदाता हैं, इनमें से 79,86,572 पुरुष मतदाता और 67,30,371 महिला मतदाता

**जनता की बारी**

**8 मतदाताओं के लिहाज से विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र सबसे बड़ा है। यहां 4,28,700 मतदाता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ ही लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। आयोग ने देश की 543 लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। सात फेज में होने मतदान होंगे। इसके साथ ही अब यह साफ हो गया है कि दिल्ली के 1,47,18,119 मतदाता किस दिन अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। चुनाव आयोग की घोषणा के अनुसार इस बार भी दिल्ली की सभी सात सीटों पर एक ही दिन मतदान किए जाएंगे। दिल्ली में मतदान छठे चरण यानी 25 मई को चुनाव होंगे। अगर मतदाताओं की बात करें तो चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में कुल 1,47,18,119 मतदाता हैं। इनमें से 79,86,572 पुरुष मतदाता और 67,30,371 महिला मतदाता हैं। वहीं 1,176 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। मतदाताओं के लिहाज से विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र सबसे बड़ा है। यहां 4,28,700 मतदाता हैं। वहीं दिल्ली कैंट सबसे छोटा विधानसभा क्षेत्र है, यहां सिर्फ 66,914 मतदाता हैं।






### सातों सीटों पर आप-कांग्रेस का बन रहा समीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के लिए दिल्ली में लोकसभा चुनाव अति महत्वपूर्ण हो गया है। गठबंधन में लड़ रही आप के लिए सभी चारों सीटें जीतना प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। हालांकि आप सभी सातों सीटें जिताने के लिए दिल्ली की जनता से अपील कर रही है, मगर आप ने चार सीटों पर ही प्रत्याशी उतारे हैं। ये चारों सीटें जीतने के लिए आप अभी से जी जान लगा रही है।

आप से सबसे पहले अपनी चारों सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए गए हैं और उसी दिन से प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आप का प्रयास यह है कि उसके प्रत्याशी हर कॉलोनी की हर गली तक प्रचार करने जाएं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं भी चुनाव जीतने के लिए हर दांव चल रहे हैं। उनका मकसद यही है कि हर वर्ग को अपनी बात समझा सकें कि जिससे कि लोक सभा चुनाव में भी उन्हें वोट दें। राजनीतिक जानकारों का आंकलन है कि अगर इस लोकसभा चुनाव में आप बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाती है तो दिल्ली के अगले विधानसभा चुनाव में उसका मत प्रतिशत प्रभावित हो सकता है।

**राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद का पहला चुनाव**
आम आदमी पार्टी की बात करें तो पिछले साल राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद यह उसके लिए पहला चुनाव है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी बहुत मजबूती के साथ चुनाव लड़ी है। हालांकि 2014 की अपेक्षा 2019 के चुनाव में आप का मत प्रतिशत कम हुआ है। 2014 में आप ने पहला लोकसभा चुनाव लड़ा था, उसे दिल्ली में 32 प्रतिशत मत मिले थे। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में आप को 18.1 प्रतिशत मत मिले थे।

**2019 में दो सीटों पर आप रही नंबर दो**
इस बार आप ने गठबंधन में नई दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

दिल्ली की सातों सीटों की बात करें तो पिछली बार यानी 2019 में आप दो सीटों पर दूसरे नंबर पर रही थी। उसे दक्षिणी दिल्ली सीट पर 26.34 प्रतिशत वोट मिले थे, यहां से राघव चड्ढा चुनाव मैदान में उतरे थे, वहीं उत्तरी पश्चिमी दिल्ली सीट पर भी आप दूसरे नंबर पर रही थी। इस सीट पर आप को 21.01 प्रतिशत वोट मिले थे।

### 2019 में कांग्रेस पांच सीटों पर रही थी नंबर दो

**आप** ने दिल्ली में जिस गणित के आधार पर कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है, उसके अनुसार दिल्ली में दोनों को मिलाकर कुल मत प्रतिशत 40 के करीब बैठता है। 2019 में आप को जहां 18 प्रतिशत वहीं कांग्रेस को कुल 22 प्रतिशत वोट मिले थे, कांग्रेस पांच सीटों पर नंबर दो पर रही थी। आप का गणित यह है कि आप और कांग्रेस दिल्ली में गठबंधन में चुनाव लड़ रही हैं। आप इसी गणित के आधार पर दिल्ली में चुनाव जीत लेने का दावा कर रही है।

**मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना से बदला माहौल:** आप के नेता मान रहे हैं कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव में पिछले चुनाव की अपेक्षा आप इस बार अच्छी स्थिति में है। उनके अनुसार आप जनता को यह बात समझा पाने में सक्षम हो रही है कि सातों लोकसभा सीटों पर आप व कांग्रेस के गठबंधन को जिताना क्यों जरूरी है। मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को बजट में शामिल करने से भी आप के पक्ष में माहौल बन रहा है।

# 37 लाख शिक्षार्थी आज साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा देंगे

**संरक्षित**

**8 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने से भाषाई विविधता को प्रोत्साहन देने और संरक्षित करने में सहायता मिलेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देशभर के 37 लाख शिक्षार्थी रविवार (17 मार्च) को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा (एफएलएनएटी) में शामिल होंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, यूएलएलएएस (अंडरस्टैंडिंग लाइफलांग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसायटी) नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में 17 मार्च को 23 राज्यों में एफएलएनएटी आयोजित करेगा।

एफएलएनएटी प्रत्येक भाग लेने वाले राज्य व केंद्रशासित प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित की जाएगी, जिसमें जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) और सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूल परीक्षा केंद्र के रूप में काम करेंगे। इस मूल्यांकन में तीन विषय- पढ़ना, लिखना और संख्यात्मकता शामिल हैं। प्रत्येक के कुल 50 अंक होंगे। इस प्रकार परीक्षा के कुल 150 अंक होंगे। यह परीक्षा पंजीकृत गैर-साक्षर शिक्षार्थियों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल का मूल्यांकन करने के लिए विकसित की गई है। इससे पहले वर्ष 2023 में दो एफएलएनएटी - मार्च और सितंबर में आयोजित किए गए थे। पिछला एफएलएनएटी 24 सितंबर, 2023 को आयोजित किया गया था, जिनमें 17,39,097 शिक्षार्थी उपस्थित हुए थे, जिनमें 15,58,696 प्रमाणित हुए थे। अभी तक कुल 36,00,870 शिक्षार्थी प्रमाणित किये जा चुके हैं। यह परीक्षा बहुभाषावाद को बढ़ावा देने और शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा या स्थानीय भाषा का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, शिक्षार्थियों की क्षेत्रीय भाषा में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा को क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने से भाषाई विविधता को प्रोत्साहन देने और संरक्षित करने में सहायता मिलेगी।

# रेहड़ी-पटरी वालों के लिए खुशखबरी, सर्वे होगा

**अनुमति**


**8 घोषणा की कि रेहड़ी पटरी वालों का एक सर्वे होगा और इसके बाद ही उन्हें दुकान लगाने की अनुमति होगी।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी के रेहड़ी पटरीवालों के लिए शनिवार को बड़ा एलान किया है। उन्होंने घोषणा की कि रेहड़ी पटरी वालों का एक सर्वे होगा और इसके बाद ही उन्हें दुकान लगाने की अनुमति होगी। उनसे कोई रिश्वत नहीं मांगेगा। उन्होंने कहा कि इस सर्वे के बाद वहां आसपास के लोगों को भी दिक्कतें नहीं होगी। वे बिना किसी डर और भय के अपनी दुकान लगा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि इन रेहड़ी पटरी वालों को पुलिस वाले काफी परेशान करते हैं। वे गरीब होते हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण बड़ी मुश्किल से करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे के काम में करीब महीने भर का समय लगेगा। इसके बाद वह इज्जत के साथ वहां अपनी दुकान लगा सकेंगे। व्यवस्था ऐसी होगी, जिसमें यातायात और सुरक्षा की कोई दिक्कत नहीं होगी। हम सब उनसे अपनी जरूरतों का सामान खरीदते हैं। ऐसे में जरूरी है कि वह भी अपनी जीवन यापन सही से कर सकें।

# लैंड फॉर जॉब: आरोपित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश



**पेशी**

**8 आरोपित अमित और हृदयानंद ने ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट की कुछ प्रतियां उपलब्ध कराने की मांग की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी की ओर से दर्ज केस में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी समेत सभी सात आरोपित शनिवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। पांच आरोपितों ने दस्तावेजों के मिलान के लिए समय देने की मांग की। मामले की अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी। सुनवाई के दौरान इस मामले के आरोपित अमित कात्याल और हृदयानंद चौधरी ने ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट की कुछ प्रतियां उपलब्ध कराने की मांग की। अमित कात्याल की ओर से पेश वकील गुरप्रीत सिंह और हृदयानंद

# सीएम अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत

## 15 हजार निजी मुचलके पर मिली जमानत



**निर्देश**

**8 समन पर पेश न होने पर ईडी द्वारा दर्ज दो शिकायतों के मामले में केजरीवाल को जमानत दे दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने राहत दे दी है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) ने दिल्ली शराब घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन पर पेश न होने पर ईडी द्वारा दर्ज दो शिकायतों के मामले में केजरीवाल को जमानत दे दी। अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन के बाद केजरीवाल कोर्ट में पेश हुए थे। दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को जमानत दे दी। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 174 जमानती है और दोनों शिकायत मामलों में 15,000 हजार रुपये का बॉन्ड देने का निर्देश दिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू, जोहेब हुसैन और साइमन बेंजामिन ईडी की ओर से पेश हुए जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता, अधिवक्ता राजीव मोहन, मोहम्मद इरशाद, मुदित जैन और संप्रिक्ता घोषाल अरविंद केजरीवाल की ओर से पेश हुए। वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री अदालत के सामने पेश हो गए हैं, ऐसे में कोई भी निर्णय आने तक केजरीवाल को जाने दिया जाए। अदालत ने सीएम को जमानत दे दी है। कोर्ट ने उन्हें 15 हजार के निजी मुचलके और एक लाख की सिक्योरिटी पर जमानत दी। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने विभिन्न रूटों से लेकर कोर्ट तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे।

# देशवासियों से अपील- इस बार तानाशाही के खिलाफ वोट करें: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। ये लोकतंत्र का महापर्व है। मेरी सभी देशवासियों से अपील है कि इस बार तानाशाही के खिलाफ वोट करें, गुंडागर्दी के खिलाफ वोट करें। आम आदमी पार्टी लोगों के असल मुद्दों पर काम करती है, जनता को सहूलियतें देती है। जहां-जहां आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार चुनावी मैदान में लड़ रहे हैं वहां झाड़ू पर वोट देकर हमारे हाथ मजबूत करें ताकि हम और अधिक ऊर्जा से आपके लिए काम कर सकें। शनिवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद कहा कि आम आदमी पार्टी और पूरा इंडिया गठबंधन चुनाव के लिए तैयार है। देश की जनता भी इस चुनाव का इंतजार कर रही थी। जिस तरह से केंद्र सरकार द्वारा पिछले 10 साल में बहुमत के अहंकार में संविधान की धज्जियां उड़ाई गईं। ईडी-सीबीआई के दम पर लोगों को तोड़ा गया। पैसों के दम पर लोगों को खरीदा गया। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की धज्जियां उड़ाई गईं। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा द्वारा मतदान की चोरी की गई। यह चुनाव तानाशाही के अंत का समय है। राय ने आगे कहा कि अभी इलेक्ट्रोरल बॉन्ड के सार्वजनिक होने पर पता चला कि किस तरह से छापे मारकर कंपनियों से वसूली की गई। इसका काला चिट्ठा देश के सामने आ गया। किसानों से एमएसपी गारंटी कानून का वादा किया गया, लेकिन वादाखिलाफी की गई।

# जात-पात पर भारी क्षेत्रीय पहचान, दिल्ली में राष्ट्रीय मुद्दे और नेतृत्व भी रखता है मायने

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सियासत में बेशक जातिगत जनगणना की चर्चा आम है, लेकिन महानगरीय शहर दिल्ली का मतदाता अमूमन जात-पात पर वोट नहीं करता। जातीय पहचान मतदाता को एक साथ नहीं ला पाती। मतदान के सामाजिक मनोविज्ञान में अभी तक तवज्जो क्षेत्रीयता को मिली है। पंजाबी/सिख, पूर्वांचल, उत्तराखंड समेत दूसरे राज्यों से ताल्लुक रखने वाला मतदाता आसानी से एक साथ आ जाता है। सांस्कृतिक रवायतें व भाषा भी इन्हें एकसूत्र में पिरोने का काम करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि राष्ट्रीय मुद्दों व नेतृत्व के साथ इनका तालमेल नतीजों को तय कर देता है। इसका अपवाद बस दिल्ली का जाट व गुर्जर समाज है। ये अपने समुदाय के उम्मीदवार के साथ एकजुट हो जाते हैं।



दरअसल, दिल्ली में जातीय पहचान खास मायने नहीं रखती। देश के अलग-अलग हिस्सों से रोजगार की तलाश में दिल्ली पहुंचाने वालों की प्राथमिकता सुरक्षा जनित रहती है। शहर में पहला जुड़ाव उसे अपने क्षेत्र के लोगों से होता है और वह भी उसी पेशे में जुड़ जाता है, जिसमें उससे पहले आने वाले लोग थे। दिल्ली में करीब 90 फीसदी निर्माण मजदूर बुंदेलखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ से हैं। रेहड़ी-पटरी व ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर पूर्वांचल के लोग काबिज हैं। हर ढाबे पर उत्तराखंड के लोग काम करते मिल जाएंगे। चुनाव के वक्त राजनीतिक दल इसी पहचान को खाद-पानी देकर वोटर समूह में तब्दील कर देते हैं। चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के चयन से लेकर में भी इसकी झलक दिखती है। बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश, बिहार व पंजाब के नेता दिल्ली के पूर्वांचल और पंजाबी बहुल इलाकों में प्रचार के दौरान दिख जाते हैं और जहां दक्षिण भारत के लोग रहते हैं, वहां दक्षिण भारतीय नेता प्रचार में होता है। क्षेत्रीय आधार के भरोसे ही लाल बिहारी तिवारी, महाबल मिश्रा व मनोज तिवारी, विजय कुमार मल्होत्रा, मदन लाल खुराना, अजय माकन व ललित माकन की संसद की राह आसान हुई है। लोकसभा चुनाव में मतदाता के क्षेत्रीय आधार के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दे व नेतृत्व में भरोसा दिल्ली के वोटर को प्रभावित करने में अहम साबित होता है।

# विश्व का सबसे बड़ा साहित्योत्सव सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** साहित्य अकादमी के तत्वावधान में आयोजित विश्व के सबसे बड़े साहित्योत्सव-2024 का शनिवार को समापन हो गया। छह दिवसीय इस समारोह का अंतिम दिन दिव्यांग लेखकों के नाम रहा। दिव्यांग लेखकों को राष्ट्रव्यापी मंच प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय दिव्यांग लेखक सम्मिलन का आयोजन किया गया। वहीं बच्चों में साहित्य के प्रति रुचि जगाने को लेकर दिल्ली एवं एनसीआर के 850 से ज्यादा बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में गोपीचंद नारंग के जीवन और कृतित्व पर परिसंवाद, बहुभाषी, बहुसांस्कृतिक समाज में अनुवाद, भारत की भाषाओं का संरक्षण, भारतीय संदर्भ में पुनर्लेखन/पुनःसृजन के रूप में अनुवाद, भारतीय अंग्रेजी लेखन और अनुवाद के अतिरिक्त भारतीय वाचिक महाकाव्य एवं स्वातंत्र्योत्तर भारतीय साहित्य पर चल रही राष्ट्रीय संगोष्ठियों का भी समापन हुआ। प्रमाण-पत्र साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक, उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा एवं सचिव के. श्रीनिवासराव को सौंपा।

# 'यूनिटेक के पूर्व निदेशक चंद्रा करें आत्मसमर्पण'

**आदेश**

**8 मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी चंद्रा इलाज के नाम पर डेढ़ साल से भी अधिक समय से अंतरिम जमानत पर हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक के पूर्व निदेशक रमेश चंद्रा को जेल प्रशासन के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। घर खरीदारों के 5,826 करोड़ रुपये की हेराफेरी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी चंद्रा इलाज के नाम पर डेढ़ साल से भी अधिक समय से अंतरिम जमानत पर हैं। जस्टिस अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने एम्स के मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट और इस तथ्य पर गौर करने के बाद शुक्रवार को आदेश दिया कि चंद्रा की बीमारी जानलेवा नहीं है, जेल में उसका इलाज संभव है। कोर्ट ने हालांकि जेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि रमेश चंद्रा के इलाज की निरंतरता के लिए सप्ताह में कम से कम दो बार उनके स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया जाए। चंद्रा को 28 जुलाई, 2023 को अंतरिम जमानत मिली थी, जो समय-समय पर आगे बढ़ती रही।

विशेष अस्पताल में इलाज के लिए जमानत नहीं जस्टिस मेंदीरत्ता ने कहा कि चिकित्सीय सलाह के मुताबिक, याचिकाकर्ता के इलाज के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। याचिकाकर्ता केवल अपनी पसंद के विशेष अस्पताल में इलाज के अधिकार के रूप में जमानत का दावा नहीं कर सकता। जज ने कहा कि जेल अधीक्षक नियमों के हिसाब से जेल अस्पताल में इलाज की सुविधा देंगे।

# अधिसूचना जारी होते ही केजरीवाल सरकार की नई सौर ऊर्जा नीति लागू हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली गजट की अधिसूचना जारी होते ही केजरीवाल सरकार की नई सौर ऊर्जा नीति लागू हो गई है। अब इसके साथ ही उन्हें मुफ्त बिजली मिलेगी। इस नीति के तहत जो लोग छतों पर सोलर पैनल लगाएंगे, उनका बिजली बिल शून्य होगा। इसके अतिरिक्त इससे लाभार्थी हर महीने 700 रुपये तक की कमाई कर सकते हैं। सरकार के अनुसार, सौर नीति 2024 के अंतर्गत अगर आप तीन किलोवाट क्षमता का सौर पैनल लगवाते हैं तो उससे पैदा होने वाली बिजली पर दिल्ली सरकार आपके बैंक खाते में तीन रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से जमा करेगी। अगर 3 से 10 किलोवाट क्षमता के सौर पैनल लगवाते हैं तो सरकार दो रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से पैसा जमा कराएगी। सरकार का दावा है कि सोलर पॉलिसी से दिल्ली के लोगों के बिजली के बिल जीरो होने थे। ऐसे में यह योजना रोक लेना दिल्लीवालों के साथ अन्याय है।



**क्या है दिल्ली की सोलर पॉलिसी:** बिजली मंत्री आतिशी ने बताया, वर्तमान में 200 यूनिट से कम खपत वाले दिल्ली के लगभग 70 प्रतिशत आवासीय उपभोक्ताओं को शून्य बिजली बिल मिलता है। आवासीय क्षेत्र में कोई उपभोक्ता 360 यूनिट बिजली इस्तेमाल कर रहा है, तो वो 201 से 401 यूनिट वाले स्लैब में आता है और उसका बिजली का बिल आधा आ रहा है। अगर वो उपभोक्ता दो किलोवाट का छत पर सौर पैनल लगवाता है तो उसे लगाने में कुल 90 हजार रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इसके बाद उस उपभोक्ता का बिजली का बिल जीरो आने लगेगा और उसका हर महीने 1370 रुपये बचने लगेंगे। इसके अलावा दिल्ली सरकार हर महीने 700 रुपये जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव देगी।

**चार साल में रिकवर हो जाएंगे रुपए:** इससे उस उपभोक्ता की 700 रुपये हर महीने अतिरिक्त आमदनी होने लगेगी। दोनों को मिलाकर उस उपभोक्ता की हर महीने करीब 2000 रुपये की बचत होगी।

इस तरह साल भर में 24 हजार रुपये बचेंगे और 4 साल के अंदर 90 हजार रुपये का निवेश रिकवर हो जाएगा। सरकार के अनुसार सौर पैनल कम से कम 25 साल चलते हैं। इसलिए सौर पैनल लगवाने के बाद 25 साल तक बिजली फ्री रहेगी।

### इन्हें भी मिलेगी सौर नीति का लाभ

**आवासीय** उपभोक्ताओं को प्रति किलोवाट दो हजार रुपये कैपिटल सब्सिडी भी मिलेगी, जो अधिकतम 10 हजार रुपये तक होगी।
व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं का भी बिजली का बिल आधा (50 प्रतिशत कम) हो जाएगा।
इन लोगों को पांच साल तक एक रुपये प्रति यूनिट जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव दिया जाएगा।
ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज और आरडब्ल्यूए को पांच साल तक दो रुपये प्रति यूनिट जेनरेशन बेस्ड इंसेंटिव
छत पर पर्याप्त जगह न होने पर कम्युनिटी सौर पैनल की सुविधा
पैसा न होने पर रेस्को माडल के तहत कंपनी की मदद से सौर पैनल लगवाने की सुविधा
दिल्ली सरकार नीति के क्रियान्वयन पर 570 करोड़ रुपये खर्च करेगी।
छत सौर पैनल के अलावा दिल्ली सरकार दिल्ली के बाहर उपयोगिता पैमाने के सौर ऊर्जा संयंत्रों से सौर ऊर्जा खरीद को भी बढ़ावा देगी।
दिल्ली आरई-आरटीसी (नवीकरणीय ऊर्जा-चौबीस घंटे) बिजली के लिए निविदा जारी करने जा रही है।
निगरानी के लिए दिल्ली की बिजली मंत्री के नेतृत्व में एक शीर्ष समिति का गठन किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचा रही है इलेक्टोरल बॉन्ड व्यवस्थाः सैलजा

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड एक ऐसी व्यवस्था बन गया है जो हमारे लोकतंत्र की नींव को चुनौती दे रहा है। जिस बॉन्ड को एक स्वच्छ और पारदर्शी चंदा प्रणाली के रूप में पेश किया गया था, वह अब एक ऐसा अंधकारमय गलियारा बन गया है जहां भ्रष्टाचार और अन्याय अपने चरम पर हैं। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा है कि 1,300 से अधिक कंपनियों और व्यक्तियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में दान दिया है, जिसमें 2019 के बाद से भाजपा को 6,000 करोड़ से अधिक का दान शामिल है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कैसे चंदा देने वाली कंपनियों को सरकारी परियोजनाओं में लाभ मिल रहा है।

**इस भ्रष्ट व्यवस्था के चार प्रमुख आयाम हैं :** चंदा दो, धंधा लो। उन्होंने कहा की जहां कंपनियों ने चंदा दिया और बदले में सरकारी परियोजनाएं प्राप्त कीं। हफ्ता वसूली। उन्होंने कहा कि जहां जांच एजेंसियों के छापे के बाद कंपनियों को चंदा देने के लिए मजबूर किया गया।

रिश्वत लेने का नया तरीका : उन्होंने कहा कि जहां सरकारी मदद मिलने के बाद कंपनियों ने चुनावी बांड के माध्यम से एहसान चुकाया। कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग। उन्होंने कहा कि जहां से कंपनियों ने मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा चंदे के रूप में दिया। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था हमारे लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचाती है और हमारे नागरिकों के अधिकारों को कमजोर करती है। सैलजा ने कहा कि इस बार जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करेगी ताकि एक ऐसे भारत का निर्माण हो जहां प्रत्येक नागरिक की आवाज महत्वपूर्ण हो, और जहां हमारे लोकतंत्र की नींव मजबूत और अडिग हो।

### रुपये भेजने की बात कहकर ठगी का जाल बिछा रहे साइबर अपराधी : मोहित हांडा

हिसार : पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि साइबर अपराधी आमजन को ठगने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे है। मोबाइल युग में आमजन को अब ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पैसे आते किसी को बुरे नहीं लगते, इसलिए जब कोई रुपये देने की बात करता है तो कोई भी ज्यादा गौर नहीं करता। साइबर ठग आमजन के इस व्यवहार का फायदा उठा रहे हैं। साइबर ठगों का एक तरीका यह भी है जिसमें ठग आपके रिश्तेदार या जानकार को रुपये देने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। इसलिए जब कोई कॉल कर रुपये देने की बात करे तो सावधान हो जाएं। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने शनिवार को कहा कि साइबर अपराधी आमजन को फोन पर कहते है कि 'हेलो, आपके पिता को रुपये देने थे, उन्होंने आपका नंबर देकर आपको रुपये भेजने के लिए कहा है।' ये ठग इसी तरह की कॉल लोगों को कर रहे हैं। वह साथ में आपके पिता, किसी रिश्तेदार या किसी जानकार का नाम भी लेते हैं, जिससे कॉल सुनने वाला आसानी से उनके झांसे में आ जाता है। फिर सामने वाला रुपये देने की बात कर रहा होता है, इस कारण भी ज्यादातर लोग इस पर गौर नहीं करते। जिसके पास कॉल आई होती है वह बोलता है रुपये भेज दो। इसलिए वह आरोपी को अपनी यूपीआई आईडी या क्यूआर कोड भी दे देता है। यहां तक सब ठीक होता है लेकिन कुछ देर बाद जब कॉलर बोलता है कि रकम ट्रांसफर हो गई है और बकायदा टारगेट के पास रुपये क्रेडिट होने का मैसेज भी आता है। उन्होंने बताया कि लोगों के पास जो रुपये क्रेडिट होने का मैसेज आता है, असल में वो एक पॉप मैसेज होता है, जिसे साइबर अपराधी ही जनरेट करते हैं। इसकी भाषशैली वैसे ही होती है, जैसे किसी बैंक से आए मैसेज की होती है।

# नायब सैनी मंत्रिमंडल का विस्तार टला

**टला**

8 राजभवन में नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन को लेकर गतिविधियां तो दिखाई दी...




टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : हरियाणा के नायब सिंह मंत्रिमंडल का शनिवार को प्रस्तावित विस्तार टल गया। वहां हरियाणा राजभवन में नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन को लेकर गतिविधियां तो दिखाई दी लेकिन आयोजन नहीं किया गया।

जानकार सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ पांच मंत्रियों के शपथ लेने के बाद पांच और मंत्रियों को शनिवार को शपथ दिलाया जाना प्रस्तावित था लेकिन निर्दलियों की ओर से मांग बढ़ने के कारण मंत्रिमंडल विस्तार टाल दिया गया।

इस बीच पूर्व गृहमंत्री अनिल विज की नाराजगी कायम है। पिछली मनोहर लाल सरकार में विज गृह और स्वास्थ्य मंत्री थे। विधायक दल की बैठक में जब नायब सिंह सैनी को नेता चुना जा रहा था तब विज नाराजगी प्रकट करते हुए, सरकारी गाड़ी छोड़कर निजी गाड़ी से अम्बाला चले गए थे। विज अंबाला निवासी है और अंबाला कैंट से विधायक है। हालांकि विज इसके बाद नायब सैनी मंत्रिमंडल के विश्वास मत हासिल करने के लिए आयोजित विधानसभा के एक दिन के विशेष सत्र में शामिल हुए थे।

अभी नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में मनोहर लाल मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री रहे कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह, बनवारी लाल और जेपी दलाल शामिल है। मनोहर लाल मंत्रिमंडल के इस्तीफे के बाद केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में विधायक दल ने नायब सिंह सैनी को नेता चुना था। बाद में नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर विधानसभा में निर्दलियों के समर्थन से विश्वास मत हासिल किया था। इस तरह भाजपा ने अपनी सरकार के लिए जेजेपी का समर्थन छोड़ दिया था और करीब साढ़े चार साल बाद जेजेपी सत्ता से बाहर हो गई थी। भाजपा ने लोकसभा चुनावों में प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीट जीतने की रणनीति के तहत मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया है। प्रदेश के प्रशासन में भी फेरबदल किया जा रहा है।

**किसी से नहीं हूं नाराजः अनिल विज**

नायब सैनी मंत्रिमंडल का विस्तार बार-बार टल रहा है। शनिवार को तो राजभवन में तैयारियां तक कर ली गई थीं। मंत्रिमंडल विस्तार टलने के पीछे पूर्व गृहमंत्री अनिल विज की नाराजगी मुख्य कारण बताई जा रही है। नायब सैनी के शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करने वाले अनिल विज आज पहली बार मीडिया के सामने आए, और इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट की।

विज ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि वे नाराज नहीं हैं।

### मायूस हुए विधायक...

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : नायब सैनी सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पेंच फंसता जा रहा है। शनिवार को राजभवन में तीन बार मंत्रिमंडल विस्तार तथा शपथ ग्रहण को लेकर कार्यक्रम आयोजन की खबरें आईं, लेकिन शाम होते-होते विस्तार भी टल गया और मंत्री बनने की इच्छा लेकर चंडीगढ़ पहुंचे विधायक भी मायूस होकर लौट गए। मनोहर लाल ने 12 मार्च को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। इसी दिन नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया गया। सीएम के साथ पांच मंत्रियों कंवर पाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौ. रणजीत सिंह, जेपी दलाल और डॉ बनवारी लाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इसके अगले दिन से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चाओं का दौर चल रहा है। शपथ लेने वाले मंत्रियों को अभी तक विभाग भी अलॉट नहीं किए गए हैं। शुक्रवार की रात कई विधायकों को फोन करके सुबह चंडीगढ़ आने को कहा गया। बताते हैं कि राजभवन में भी संदेश भेजा गया। कैबिनेट में शामिल किए जाने वाले विधायकों में बड़खल विधायक सीमा त्रिखा, सोहना के संजय सिंह, सिरसा के गोपाल कांडा, रतिया के लक्ष्मण नापा, नारनौल के ओपी यादव के नाम चर्चाओं में थे। इसके बाद अभय यादव का नाम भी सुनने को मिला। सुबह 10-11 बजे तक सुर्खियों में रहे इन नामों में दोपहर एक बजे के लगभग बदलाव भी सुनने को मिला। फिर पता लगा कि गोपाल कांडा की बजाय झानचंद गुप्ता को कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है।

# जेजेपी ने सोनीपत और गुरुग्राम लोकसभा सीटों पर किया मंथन



टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : लोकसभा चुनाव को लेकर जननायक जनता पार्टी का निरंतर लोकसभा स्तर की बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को जेजेपी ने दिल्ली में सोनीपत और गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंथन किया और चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने दोनों लोकसभा के जेजेपी पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव बारे अपने आवश्यक सुझाव दिए।

वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने भारतीय चुनाव आयोग द्वारा देशभर में लोकसभा चुनाव घोषित किए जाने का स्वागत किया और कहा कि लोकतंत्र के महापर्व का सभी इंतजार कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 25 मई को हरियाणा में मतदान होना जननायक जनता पार्टी के लिए अच्छा साबित होगा क्योंकि पार्टी के मजबूती से चुनाव लड़ने के लिए 70 दिन का वक्त मिला है। उन्होंने कहा कि बदली हुई परिस्थितियों में जेजेपी कार्यकर्ता इन 70 दिनों का भरपूर इस्तेमाल करें और मेहनत कर पार्टी के उम्मीदवारों को लोकसभा में भेजें ताकि संसद में हरियाणा की तरफ से बुलंद आवाज उठाने वाले सांसदों की हिस्सेदारी हो सके।

**चर्चा**

8 लोकसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत, 70 दिन में दिन-रात मेहनत कर संसद में हिस्सेदारी करें जेजेपी कार्यकर्ता

# कुरुक्षेत्र से अभय सिंह चौटाला होंगे इनेलो उम्मीदवार

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : हरियाणा में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए सभी दल तैयार है। कभी प्रदेश में सत्तारूढ़ रही और मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभा चुके इंडियन नेशनल लोकदल ने प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटो पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव चौधरी अभय सिंह चौटाला को कुरुक्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया है। इनेलो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती ने अभय चौटाला को कुरुक्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने की जानकारी दी। भारती के साथ इनेलो राष्ट्रीय संगठन सचिव श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती ने कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में एक प्रेसवार्ता के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने एक चयन समिति बनाई थी। इस चयन समिति ने पूरे हरियाणा का मंथन किया। अभी एक सीट की घोषणा की गई है। अभय सिंह चौटाला ने इससे पूर्व ऐलान किया था कि इंडियन नेशनल लोकदल हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्टी नेताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए थे।

# मंगल कमल में हवन यज्ञ के बाद शुरू हुआ कार्यकर्ताओं का आवागमन



टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : भाजपा के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर की अगुवाई में शनिवार को कार्यकर्ताओं ने सनसिटी सेक्टर-36ए, रोहतक में स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में विधि विधान से हवन-यज्ञ किया। हवन के बाद कार्यालय में कार्यकर्ताओं का आवागमन शुरू हो गया। इस दौरान सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने देश प्रदेश की उन्नति और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की भगवान से प्रार्थना की।

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने हवन के बाद कार्यकर्ताओं से डा. मंगल सेन की कर्तव्य निष्ठा और पार्टी के प्रति उनके समर्पण भाव के बारे में बताया। श्री ग्रोवर ने कर्म योद्धा, प्रखर राष्ट्रभक्त और महान समाज सुधारक डा. मंगल सेन के नाम पर प्रदेश कार्यालय का नामकरण करने पर शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यालय का नाम मंगल कमल रखना डा. सेन को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख शमशेर सिंह खरक आदि उपस्थित रहे।

मनीष ग्रोवर ने कहा कि पहले पार्टी का कार्यालय हुडा काम्पलैक्स में 1998 में खुला था। पार्टी का मौजूदा कार्यालय अभी तक किराये पर था। उन्होंने कहा कि मंगल कमल प्रदेश कार्यालय भव्य और चार मंजिला बनाया गया है और सभी सुविधाओं से युक्त है। अब कार्यकर्ताओं को अपना कार्यालय मिल गया है। मनीष ग्रोवर ने बताया कि डा. मंगल सेन हरियाणा के हितों के रक्षक और राष्ट्र के प्रति समर्पित नेता थे। मंगल सेन हरियाणा से भारतीय जनता पार्टी के नेता और 1977 से 1979 तक हरियाणा के उपमुख्यमंत्री रहे। 9 बार चुनाव लड़ा और वे सात बार रोहतक से हरियाणा विधान सभा के लिए चुने गए। जनसंघ के बाद वे हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। राष्ट्रीय विचारधारा के प्रचार-प्रसार और अखंड भारत की स्थापना के लिए डा. मंगलसेन काम करते रहे।

# देवकुमार शर्मा हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन नियुक्त



**संस्कारवान**

8 पद ग्रहण करने के बाद बाले-किसानों को अच्छा और गुणवत्ता युक्त बीज देने की प्राथमिकता

टीम एक्शन इंडिया
सिरसा : डबवाली के वरिष्ठ भाजपा नेता देवकुमार शर्मा को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। हरियाणा सरकार ने उन्हें एचएसडीसी (हरियाणा बीज विकास निगम) का चेयरमैन नियुक्त किया है। जजपा के सुमित राणा इस पद पर थे। भाजपा का जजपा से गठबंधन टूट चुका है। ऐसे में राणा के स्थान पर सरकार ने शर्मा को जिम्मेवारी सौंपी है। पद ग्रहण करने के बाद देव कुमार शर्मा ने कहा कि उन्होंने ताउम्र किसानों के लिए संघर्ष किया है। वे प्रयास करेंगे कि किसानों को अच्छा तथा गुणवत्ता युक्त बीज मिले। ताकि उनकी फसल की पैदावार बढ़े। किसान खुशहाल होंगे तो हमारा देश खुशहाल होगा। देवकुमार शर्मा स्वतंत्रता सेनानी वैद्य रामदयाल के भतीजे हैं। वर्ष 1996-97 में देवकुमार शर्मा हरियाणा भाजपा के युवा मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके हैं। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के प्रभारी थे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल संगठन महासचिव थे। वर्ष 1997-98 में शर्मा भाजपा के प्रदेश सचिव बने। वर्ष 1996 से 2000 तक मोदी तथा शर्मा ने एक साथ काम किया। वर्ष 2003-04 में भाजपा ने उन्हें किसान मार्चा जम्मू कश्मीर तथा पंजाब का प्रभारी मनोनित किया था। बताया जाता है कि उस समय वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी भी किसान मोर्चा में थे। वे मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल थे। चंडीगढ़, दिल्ली में लाल कृष्ण आडवाणी के साथ मिलकर किसान आंदोलन में भाग लेते हुए लाठीचार्ज सह चुके हैं। प्रधानमंत्री की नजदीकियों के कारण शर्मा काफी चर्चित चेहरे हैं।

**2014 में डबवाली से ल चुके हैं चुनाव :** अगस्त 2023 में भाजपा हरियाणा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने वरिष्ठ भाजपा नेता देवकुमार शर्मा को फतेहाबाद जिले का प्रभारी नियुक्त किया था।

# सैनिकों एवं उनके परिवारों को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिकता : योगेश

**शिविर**

8 हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में तैनात सीआईएसएफ यूनिट के वरिष्ठ कमांडेंट श्री योगेश प्रकाश सिंह ने कहा कि सैनिकों एवं उनके परिवारों को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिकता है, अगर सैनिक स्वस्थ होगा तो अपनी ड्यूटी सही तरीके से कर पाएगा। श्री सिंह आज यहां हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ स्थित सीआईएसएफ कैंपस में सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों के लिए आयोजित निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर के अवसर पर बोल रहे थे।

यह शिविर महात्मा गांधी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल जयपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें 400 सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य की जांच की गई। ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनकोलोजी पीजीआई चण्डीगढ़ के सीनियर प्रोफेसर डॉ एम एल स्वर्णकार कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर शिविर में डाक्टरों ने सीआईएसएफ कर्मियों के लीवर, सामान्य स्वास्थ्य मूल्यांकन, रक्तचाप, हाईपरटेंशन, कोरोनरी आर्टरी, ब्लड शुगर, डायबिटिज, बीएमआई, इनडेक्स, ईसीजी, फाईब्रो स्केन, आरबीएस, एफबीएस की जांच की गई और उन्हें संतुलित पोषण आहार करने का परामर्श दिया गया।

### आचार संहिता लागू होते ही कैथल प्रशासन हरकत में

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने लोकसभा चुनाव की तारीखें जारी होने के तुरंत बाद चुनाव के काम में आदर्श चुनाव आचार संहिता के तहत सरकारी भवनों पर लगे राजनीतिक पार्टियों के पोस्टर और बैनर तुरंत हटाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने शनिवार को चुनाव प्रक्रिया में लगे अधिकारियों और कर्मचारी को चुनाव आयोग की विधायकों का पालन करने के आदेश दिए हैं। लघु सचिवालय में हुई बैठक में डीसी प्रशांत पवार ने कहा कि 25 मई को लोकसभा के चुनाव होंगे। सभी संबंधित अधिकारी दिए गए कार्यों को समयबद्ध करना सुनिश्चित करें।

# सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर खटकड़ कला में नतमस्तक हुए भगवंत मान

**रोल मॉडल**

8 शहीद भगत सिंह राज्य, देश के नौजवानों के लिए जोश और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने का रोल मॉडल

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर शनिवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पैतृक गाँव खटकड़ कलां में नतमस्तक हुए। इस मौके पर उन्होंने पंजाब को हरेक क्षेत्र में अग्रणी बनाकर महान शहीद के सपनों को साकार करने के लिए और भी बड़े प्रयास करने का प्रण लिया।

शहीद-ए-आजम के जीवन को प्रदर्शित करने वाले हाई-टैक संग्रहालय को समर्पित करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ठीक दो साल पहले उन्होंने इस पवित्र धरती पर कसम लेने के बाद ही अपना पद संभाला था। उन्होंने कहा कि तब से लेकर अब तक उनका हर कार्य उस महान शहीद के सपनों को पूरा करना है, जिन्होंने देश को विदेशी साम्राज्यवाद के चंगुल से मुक्त करवाने के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार ने इस उद्देश्य को लेकर राज्य के विकास को बढ़ावा देने और यहाँ के लोगों की खुशहाली को यकीनी बनाने के लिए कई लोक हितैषी और नागरिक केंद्रित योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पिछले दो सालों में उन्होंने एक मिनट के लिए भी आराम नहीं किया और राज्य की तरक्की के लिए लगातार यत्न किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके नतीजे सामने आने शुरू हो गए हैं क्योंकि राज्य सरकार के अथक यत्नों से पंजाब में जश्न मनाए जा रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि आने वाले सालों में भी इस गति को बरकरार रखा जायेगा और पंजाब जल्दी ही देश का अग्रणी राज्य बन जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महान गुरुओं, पीरों-पैगंबरों, संतों-महापुरुषों और शहीदों के आशीर्वाद से उनकी सरकार साफ नीयत से लोगों की भलाई के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह राज्य और देश के नौजवानों के लिए जोश और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने का रोल मॉडल हैं।

# करनाल : महिला पुलिसकर्मियों के लिए वरदान साबित हो रहा क्रेच

**महिला पुलिसकर्मियों ने पुलिस महानिदेशक का जताया आभार, कहा- अब बच्चों की चिंता नही होती, टेंशनफ्री होकर कर सकते हैं ड्यूटी**



**योजना**

8 शुरू की गई इस ऐतिहासिक पहल के तहत प्रदेश भर में 34 ऐसे क्रश खोले जाने की योजना ह

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर द्वारा करनाल में बच्चों की देखभाल के लिए शुरू किए गए क्रेच (बच्चों की देखभाल का केन्द्र) से महिला पुलिसकर्मियों में खुशी का माहौल है। हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू की गई इस ऐतिहासिक पहल के तहत प्रदेश भर में 34 ऐसे क्रश खोले जाने की योजना है ताकि कामकाजी महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों को अच्छी देखभाल मिल सके और वे चिंतामुक्त होकर ड्यूटी पर जा सके। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों का अच्छे से पालन पोषण हो सके, इसके लिए हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कार्यरत महिला पुलिसकर्मियों से फीडबैक लेते हुए हर जिला की पुलिस लाइन में क्रेच खोले जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा हरियाणा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया है जिसके तहत प्रदेश के 24 जिलों में क्रेच स्थापित किए जा चुके हैं और 10 अन्य जिलों में इनको स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि करनाल में शुरू किए गए क्रेच में बच्चों को अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। यहां पर बच्चों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित हेल्पर तथा वर्कर तैनात की गई है ताकि बच्चों की अच्छे से देखभाल हो सके। इसके अलावा, यहां पर आने वाले बच्चों के संपूर्ण पोषण के लिए समुचित आहार का प्रबंध भी किया गया है ताकि बच्चे स्वस्थ रहें। यहां पर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिए जाने की व्यवस्था करते हुए अलग-अलग प्रकार के खेल उपकरण लगाए गए हैं ताकि बच्चे खेल-खेल में अच्छी आदतों को सीख सके। इन क्रेच की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर बच्चों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी इंस्टॉल किए गए हैं जिन्हें इंटरनेट के साथ जोड़ा गया है। अभिभावक इन सीसीटीवी कैमरा का आउटपुट अपने मोबाइल पर देख सकते हैं जिससे वे ड्यूटी के दौरान अपने बच्चे की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं।

# एचएयू हिसार में 18 व 19 मार्च को होगा कृषि मेले का आयोजन

**ड्रोन का महत्व**

8 इस वर्ष मेले का विषय खेती में ड्रोन का महत्व होगा। खेती में ड्रोन का महत्व आज समय की मांग है।

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़ : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा 18 व 19 मार्च 2024 को कृषि मेला (खरीफ) का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय खेती में ड्रोन का महत्व होगा। खेती में ड्रोन का महत्व आज समय की मांग है। ड्रोन के द्वारा कम समय में केमिकल फर्टीलाइजर व पेस्टिसाइड का उपयोग आसानी से किया जा सकता है, जिससे कम लागत होने के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत होगी। साथ ही उन्हें ड्रोन का उपयोग करना भी समझाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में किसानों के साथ बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त किसानों को इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी। कृषि मेला (खरीफ)-2024 में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई खरीफ फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टीलाईजर. के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए, मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर साल मार्च में कृषि मेला आयोजित करता है।

# पीएम स्वनिधि स्कीम को लेकर निगमायुक्त ने बैंक प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक

## बैंक प्रतिनिधि निपटाएं लंबित मामले, लक्ष्य करें पूरा

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा सरकार की फ्लैगशिप स्कीमों पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को उन्होंने पीएम स्वनिधि स्कीम की समीक्षा करने को लेकर 26 बैंक मैनेजर व उनके प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में निगमायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बैंक स्ट्रीट वैंडरों को ऋण वितरित कर अपनी पैंडेंसी निपटाएं। मीटिंग में उप निगम आयुक्त अशोक कुमार,



नगरीय परियोजना अधिकारी प्रवीन चुग, सहायक परियोजना अधिकारी तुषार खन्ना तथा टी.एफ.आई. राजेश भारद्वाज उपस्थित रहे। निगमायुक्त ने बताया कि करनाल शहर के ऋण वितरित करने के करीब 695 मामले लंबित पड़े हैं, इन्हें जल्द से जल्द निपटाया जाए। इसके लिए बैंक की ओर से स्ट्रीट वैंडरों को फोन कर बुलाया जाए। उन्होंने नगरीय परियोजना अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वह भी सभी स्ट्रीट वैंडरों को फोन कर बैंक में जाने के लिए कहें, ताकि सभी वैंडरों को लोन मुहैया करवाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि बिला वजह किसी भी स्ट्रीट वैंडर का लोन रद्द न किया जाए और न ही उनका सिबिल स्कॉर इत्यादि चैक किया जाए। यह स्कीम गरीब वैंडरों के लिए है और उन्हें इसका लाभ अवश्य मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई स्ट्रीट वैंडर लोन लेने से मना करता है, तो उसे स्कीम के बारे में पुनः जागरूक करें। उन्होंने नगरीय परियोजना अधिकारी व सभी बैंक प्रतिनिधियों को स्पष्टद्द किया कि आगामी 2 माह में टारगेट कम्पलीट कर स्कीम को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी बैंकों की प्रगति देखी जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि करनाल शहरी क्षेत्र 9298 स्ट्रीट वैंडरों को पीएम स्वनिधि स्कीम के अंतर्गत ऋण देने का लक्ष्य दिया गया था। इस पर काम करते हुए नगर निगम की ओर से 12 हजार 398 स्ट्रीट वैंडरों को लोन देने के लिए स्पाँसर किया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक 7 हजार 850 वैंडरों का ऋण स्वीकृत किया गया है। इनमें से 6 हजार 956 को 10 हजार रुपये का ऋण मुहैया करवाया जा चुका है।

# विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक



राजकुमार प्रिंस

**करनाल। नानक खालसा** कॉलेज में ग्राहक जागरूकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित जागरूकता दिवस पर विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने बताया कि जहां भी ग्राहक को लगता है कि उसका नुकसान हुआ है और इसके लिए कोई दोषी है तो आप उपभोक्ता कानून के तहत क्षतिपूर्ति के हकदार हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहक को कानून के अनुसार मिले अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सचिव सुभाष शर्मा ने कहा कि ग्राहक पंचायत की शुरूआत महाराष्ट्र के पुणे शहर में बिंदु माधव जोशी द्वारा एक क्रांति के रूप में हुई। महासचिव नरेश नरूला ने कहा कि उपभोक्ता अधिनियम 1986 एवं 2019 का विशेष महत्व है और इसका विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# न्यूज फ्लैश

## पति-सास को बेहोश कर विवाहिता फरार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के** गोंदर गांव में एक विवाहिता अपने पति व अपनी सास को नशे की गोलियों देकर घर से फरार हो गई। वह अपने साथ लाखों की नकदी व गहने भी लेकर गई है। पति को सुबह होश आया तो उसकी पत्नी घर से गायब मिली। वहीं उन्होंने एक व्यक्ति पर शक जताया गया है। निसिंग थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोंदर निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि करीब एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। रात के खाने में उसकी पत्नी ने उसे व उसकी मां को नशे की गोलिया दे दी, जिससे वह और उसकी मां खाना खाने के बाद गहरी नींद में सो गए। सुबह आंख खुली तो उसे अपनी पत्नी घर पर नहीं मिली। आस पड़ोस में तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। उसके बाद रिश्तेदारियों में भी पता किया गया, लेकिन सुराग नहीं लगा। 14 मार्च की रात को ही उसकी पत्नी घर से निकली है, क्योंकि खाना खाने के बाद हम गहरी नींद में थे और हमें कोई जानकारी नहीं मिली। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उसकी पत्नी घर पर नहीं मिली तो उसने घर की अलमारियों और संदूक को चेक किया, लेकिन उसमें रखे लाखों के सोने चांदी के गहने व करीब एक लाख रुपए की नकदी नहीं मिली। उसको शक है कि उसकी पत्नी गांव के ही किसी व्यक्ति के साथ भागी है। उसकी तलाश भी की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। निसिंग थाना के जांच अधिकारी परमजीत ने बताया कि महिला के लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## अब दूसरा बच्चा लडका होने पर मिलेगी पांच हजार की आर्थिक सहायता: डा. राजबाला मोर

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। महिला एवं** बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजबाला मोर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा अब कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लडका होने पर भी 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायताइ योजना के तहत पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। डीपीओ ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा ने गर्भावस्था में मजदूरी के दौरान नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायताइ योजना शुरू की है। इस योजना के तहत दूसरे बच्चे के रूप में लडके को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित महिला के परिवार की सालाना आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस योजना के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। केंद्र या प्रदेश सरकार की नौकरियों और सार्वजनिक उपक्रमों में तैनात महिला कर्मचारी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं होंगी। सहायता राशि लेने के लिए गर्भावस्था के पंजीकरण के बाद कम से कम एक बार प्रसव पूर्व जांच के साथ ही बच्चे का पंजीकरण और उसे बीसीजी, ओपीवी, डीपीटी और हेपेटाइटिस बी के टीके लगवाना जरूरी है। डीपीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर या आशा वर्कर के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। कामगार महिलाओं के लिए पहले से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित की जा रही है।

# करनाल के नवनियुक्त एसपी दीपक सहारन ने संभाला कार्यभार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। दीपक सहारन** ने सलामी लेकर करनाल के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक के तौर पर कार्यभार संभाला। पुलिस अधीक्षक का पदभार संभालते ही उन्होंने मिडिया कर्मियों से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने बताया कि करनाल में उनका पहला कार्य कानून की मदद से हरसंभव प्रयास करके करनाल को अपराध मुक्त बनाना होगा। इसके लिए वे नशा तस्करों पर शिकंजा कसेंगे और समाज को नशा मुक्त बनाएंगे। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा भी हमारी अहम जिम्मेवारी है, जिसे पुख्ता करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। एसपी दीपक सहारन ने कहा कि आने वाले दिनों में होने वाले चुनावों को निष्पक्ष ढंग से करवाने के लिए भी जिला पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। उनके द्वारा पुलिस की सेवाएं बेहतर तरीके से जनता के सामने रखी जाएंगी। उन्होंनें कहा कि हुड़दंगबाजों व बुलेट पर पटाखे चलाने



वालों के खिलाफ समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर उन पर नकेल कसी जाएगी। जिला पुलिस का हरसंभव प्रयास रहेगा कि जनता होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढ़ंग से मना सके व लोगों के दिल में सौहार्थ का माहौल बना रहे। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने मिडिया के माध्यम से करनाल वासियों से अपील करते हुए कहा कि करनाल की जनता पुलिस की आंख व कान बनकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करे।

## पंजीकरण के लिए युवा न करें अंतिम तिथि का इंतजार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। इंडियन आर्मी** सेना भर्ती कार्यालय अम्बाला में भर्ती निदेशक ने बताया कि इंडियन आर्मी में अग्रिवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फरवरी से शुरू हो चुका है और यह ऑनलाइन पंजीकरण 22 मार्च को रात 11:59 बजे तक किया जा सकता है। उन्होंने सभी इच्छुक युवाओं से आग्रह किया है कि वह समय रहते अपना पंजीकरण करवा लें। पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि का इंतजार न करें, क्योंकि अंतिम दिन अधिक भीड़ होने की स्थिति में युवाओं को दिक्कतें हो सकती हैं। निदेशक ने बताया कि यह भर्ती प्रकिया पुरुष वर्ग में अग्रिवीर (तकनीकी), अग्रिवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी) और अग्रिवीर (ट्रेडमैन) के लिए आयोजित की जायेगी। किसी अभ्यर्थी को अगर पंजीकरण में कोई मुश्किल आती है।

# गांव मुगल माजरा के पास गंदे नाले में मिला व्यक्ति का शव

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के** गांव मुगल माजरा के पास गंदे नाले में संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। व्यक्ति की हत्या हुई है या कोई हादसा, पुलिस इसको लेकर जांच कर रही है। मृतक के शरीर पर सफेद रंग की शर्ट व पेंट है। फिलहाल उसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम को यहां से गुजर रहे लोगों ने नाले में शव देखा था। कुछ देर बाद ही आसपास के एरिया में इसकी सूचना फैल गई। ग्रामीण एकत्रित हो गए। डेड बॉडी की सूचना कुंजपुरा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में




लेकर मोर्चरी हाउस रखवा दिया है। पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है। मुगल माजरा गांव के सरपंच सुशील कुमार ने बताया कि अभी तक मेरे पास किसी के लापता होने की जानकारी नहीं है। मृतक को देखकर नहीं लग रहा है कि यह आसपास के गांव का है। यह कोई बाहर का व्यक्ति है। नाले से सटे खेत में ट्यूबवैल ऑपरेटर ने डेड बॉडी की सूचना दी थी। सूचना के बाद कुंजपुरा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसके बाद टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

# विधायक शमशेर सिंह गोगी ने पूर्व सीएम मनोहर लाल पर कसा तंज

## पूर्व सीपीएस जिले राम शर्मा के भाजपा में शामिल होते ही मनोहर लाल मुख्यमंत्री की कुर्सी पर 12 घंटे भी नहीं निकाल पाए

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। असंध विधानसभा** क्षेत्र से कांग्रेस विधायक शमशेर सिंह गोगी ने एक बार फिर जिले राम शर्मा के मार्फत पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीपीएस जिले राम शर्मा के भाजपा में शामिल होते ही मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर 12 घंटे भी नहीं निकाल पाए। कहीं न कहीं मनोहर लाल ने जिले राम शर्मा के साथ धोखाधड़ी या फिर गड़बड़ी की होगी और पंडित जिले राम शर्मा ने मनोहर लाल को श्राप दे दिया होगा, इसलिए तो गद्दी से



उतरे। उन्होंने कहा कि भाजपा एंटी कंबेंसी का इस्तेमाल कर रही है। पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने साढ़े 9 साल में जो कर्म किए हुए है उन्हें लोग भूल नहीं सकते। बीजेपी वाले लोगों को मूर्ख समझते है। मनोहर लाल के ईमानदार होने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार भी करनाल में है और यह एक सवाल है। उन्होंने कहा कि अगर घर का मुखिया ईमानदार हो तो नीचे वालों की क्या हिम्मत वह भ्रष्टाचार कर दे। उन्होंने बताया कि मैने मनोहर लाल खट्टर को लेकर एक भविष्यवाणी की थी कि जो वित्त मंत्री बन गया, वह दोबारा इलेक्शन नहीं जीतता और वह सच साबित हुआ। भविष्यवाणी के अगले दिन ही सीएम की कुर्सी गई और टर्म भी पूरी नहीं कर पाए। उन्होंने नए मुख्यमंत्री को भी सलाह दी है कि वित्त मंत्रालय अपने पास न रखे। उन्होंने कहा कि अगर करनाल की जनता का मान सम्मान और स्वाभिमान जिंदा रहा तो न तो मौके का मुख्यमंत्री जीत पाएगा और न ही मनोहर लाल खट्टर जीत सकते हैं। भाजपा और जजपा के गठबंधन टूटने पर गोगी ने कहा कि वह गठबंधन नहीं था, बल्कि लूटबंधन था। एक एग्रीमेंट था कि आपको इस लेवल तक जनता को लूट सकते हो और वह लूट लिया तो गठबंधन टूट गया। अब जेजेपी ढिंढोरा पीट रही है कि 5100 पेंशन नहीं दे दी जा रही थी इसलिए गठबंधन तोड़ दिया, लेकिन जनता एक बार जेजेपी के बहकावे में आ गई थी कि बीजेपी को यमुना पार भेजना है और जेजेपी को 10 सीट मिल गई थी। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। रही बात सीएम को बदलने की तो मनोहर लाल ने कोई न कोई पाप किया होगा, तभी तो उनको बदल दिया गया। अब लोकसभा का टिकट देकर एक सांत्वना देने का प्रयास किया जा रहा है। अब खुद ही अंदाजा लगा लीजिए कि मुख्यमंत्री बड़ा होता है या फिर सांसद।

# छोटे कारीगरों के लिए वरदान साबित होगी पीएम विश्वकर्मा योजना: उत्तम सिंह

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों की कार्यकुशलता को बढ़ाने तथा उनके उत्पादों व सेवाओं को आसानी से लोगों तक पहुंचाने में पीएम विश्वकर्मा योजना एक वरदान साबित होगी। उन्होंने बताया कि एमएसएमई द्वारा पारंपरिक व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए एक जन-जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। जिससे कि स्थानीय कारीगरों को योजना के तहत दिए जाने वाले लोन, प्रशिक्षण व अन्य सुविधाओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना में 18 व्यवसाय शामिल किए गए हैं, जिनमें सुनार, नाव बनाना, शस्त्राकार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई बनाना, गुडि?ा व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी, बुनकर और मछली पकड? के लिए जाल बनाने का काम शामिल है। विभिन्न व्यवसायों से जुड़े दस्तकारों को स्कीम के अंतर्गत प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में कारीगर को पहले पीएम विश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण के बाद इन कारीगरों की करनाल जिला में स्थापित किए गए कौशल विकास केंद्रों में ट्रेनिंग करवाई जाएगी। लाभपात्रों को टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार रूपए का अनुदान दिया जाएगा। छोटे कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहले एक लाख रुपए का लोन दिया जाएगा, जिसे 18 महीनों में पांच प्रतिशत की मामूली ब्याज दर से अदा करना है।

# लाभार्थी आयुष्मान कार्ड दिखाकर पैनल अस्पतालों में करवा सकते हैं मुफ्त इलाज : उत्तम सिंह

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। अंत्योदय परिवारों के साथ-साथ जिस भी परिवार की आय तीन लाख रूपए वार्षिक हो, वह भी 1500 रुपए प्रीमियम का भुगतान करके आयुष्मान भारत चिरायु योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा के नाम से शुरू किया है। चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ही आती है।

चिरायु योजना की सहायता से गरीब परिवार के लोग 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज करवा सकते हैं। चिरायु योजना के तहत कम से कम 1500 बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1.80 लाख रुपये तक आय वाले बीपीएल परिवारों को ही लाभ मिलता था। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करने के लिए तीन लाख रुपये तक के आय वाले परिवारों को भी इस योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ देने का निर्णय लिया है। ऐसे परिवार केवल बहुत कम मासिक चार्ज केवल 1500 रुपये के वार्षिक भुगतान पर पूरे परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं।

# 'कांग्रेस नेता अंग्रेजों के दिखाए रास्ते पर चलने वाले में से हैं'

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। करनाल पहुंचे** भाजपा के सिरसा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अशोक तंवर ने कांग्रेस पर संगीन आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो मेरा कहीं न कहीं मर्डर करना चाहती थी। कांग्रेस दूसरी पार्टियों को अपना विरोधी न मानकर मुझे अपना दुश्मन मानती थी। कांग्रेस के नेता अंग्रेजों के दिखाए रास्ते पर चलने वाले लोगों में से है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की संसद में एक कहावत है मतलब यह है कि सामने वाले तो अपोनेंट हैं, लेकिन दुश्मन तो हमारे पीछे है।



कांग्रेस ने इस कहावत को सही मानी और मुझे दुश्मन मान लिया। अशोक तंवर ने कहा कि इसी चक्कर में कांग्रेस निपट गई। तो अब कांग्रेस के बारे में चर्चा ही क्या करनी, अब तो हम मोदी जी के साथ हैं। 2047 का विकसित भारत बनाने के लिए जो संकल्प लिया है और देश व प्रदेशों में विकास किया है। अब देश का कैसे भला हो, उस पर काम कर रहे हैं और आने वाले चुनाव में सभी लोकसभा सीटों पर 5 लाख वोटों के मार्जिन से जीत दर्ज करेंगे। अशोक तंवर ने मनोहर लाल खट्टर को एक त्यागी व्यक्ति बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम ने अपने घर को भी लाइब्रेरी को दे दिया है। ऐसे त्यागी व्यक्ति की जितनी सराहना की जाए कम है। वास्तव में मनोहर लाल मेरे मामा के गांव के हैं और इस हिसाब से मनोहर लाल मेरे मामा ही लगते हैं। जब मैने बीजेपी जॉइन की थी तो उस समय हम गांव में थे और पूर्व सीएम मनोहर लाल भी गांव में गए थे।

# राजनैतिक दलों से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार सामग्री को शीघ्र हटवाएं: उत्तम सिंह

## अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करवाने के दिए निर्देश

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है, इसकी अनुपालना दृढ़ता से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सबसे पहले आगामी 24 घंटे के अंदर राजनीतिक पार्टियों और सरकार की उपलब्धियों से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार सामग्री को शीघ्र हटवाएं। उपायुक्त शनिवार को कैंप कार्यालय में लोकसभा के आम चुनाव के दृष्टिगत अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा



कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार राजनैतिक पार्टियों से सम्बन्धित सरकारी संपत्तियों पर प्रचार-प्रसार की सामग्री बसों व सरकारी कार्यालयों से 24 घंटों में, सार्वजनिक स्थानों से 48 घंटों में तथा निजी स्थानों से 72 घंटों के अंदर-अंदर हटवाना आवश्यक है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में नगर निगम करनाल के डीएमसी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन दोनों अधिकारियों की देखरेख में प्रचार सामग्री हटवाने का कार्य संबंधित बीडीपीओ और शहरी क्षेत्र में नगर पालिका सचिव द्वारा करवाया जाएगा। इतना ही नहीं सम्बन्धित अधिकारियों को प्रचार-प्रसार सामग्री हटवाने के बाद प्रमाण पत्र भी देना होगा। इस कार्य में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में करनाल जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना करवानी होगी, जो भी अधिकारी लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से कंट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है, जिसका टोल फ्री नम्बर 1950 रहेगा। इस नंबर पर आमजन चुनाव से संबंधित शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं, जिनके निवारण के लिए स्टाफ की नियुक्ति की गई है और शुगर मिल करनाल के एमडी हितेंद्र शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो कि सभी शिकायतों का तत्परता से समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने डीआईओ को निर्देश दिए कि 'सुविधा एपइ के माध्यम से राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों को पब्लिक मीटिंग के लिए अनुमति लेनी होगी।

# शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए सूर्य नमस्कार एक बेहतर विकल्प: दिनेश गुलाटी

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत टीम द्वारा दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में सेक्टर 6 में चलाई जा रही श्री साईं कृपा, सायंकालीन योग कक्षा में हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में वहां मौजूद योग साधकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत सूर्य नमस्कार के विधिपूर्वक मंत्र उच्चारण, और सर्वश्रेष्ठ आसनों के साथ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। डॉ. अमित पुंज, नोडल अधिकारी, आयुष विभाग विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके साथ शिक्षिका



नीरज गुप्ता और मंजु शर्मा ने जज की भूमिका निभाई। दिनेश गुलाटी ने प्रतियोगिता के विजेताओं मीना,गोल्डी, सुषमा और निर्मल को शुभकामनाएं देते हुए प्रोत्साहित किया। छोटे बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संध्यांश, भाविका, जयंतीका और कोमल का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। इस दौरान दिनेश गुलाटी ने बताया कि सूर्य नमस्कार हमारे शरीर के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। यह शरीर और दिमाग के संपूर्ण स्वास्थ्य, वजन घटाने, डाइजेशन सुधारने, शरीर को मजबूत बनाने और ब्लड सकुर्लेशन बेहतर बनाने में बेहद असरदार है।

## संपादकीय

# भारतीय जनतंत्र

**एक** साथ चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस रिपोर्ट का विरोध भी प्रारम्भ भी हो गया है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है। लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवतः इस रिपोर्ट को पूरी तौर पर पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निमार्ताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ी। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधान मण्डलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधान मण्डल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनुच्छेद 324) बना। संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ. आम्बेडकर ने कहा, "आयोग के पास कम काम होगा।" शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, "संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केन्द्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।" उनकी आशंका सच निकली। सम्प्रति भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अकसर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था। लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग-अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी अचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ साथ चुनाव का विचार स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, "एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा लेकिन इसे संकीर्ण राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।"

1951-52 में पहली लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 तक दोनों के चुनाव साथ-साथ हुए थे। 1968 से यह क्रम टूट गया। दरअसल संविधान निमार्ताओं ने सरकारों का कार्यकाल नहीं सुनिश्चित किया। यहां सरकारों का जीवन संसदीय बहुमत की डोर से बंधा हुआ है। डॉ. आम्बेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट किया था कि सरकारी जवाबदेही को स्थिरता (कार्यकाल) की तुलना में ऊपर रखा गया है। सदन में सरकारों की संवैधानिक जवाबदेही है। इस आधारभूत सिद्धांत में सरकारों का कार्यकाल अनिश्चित है। यहां बहुमत स्थाई नहीं होता। दल-बदल प्राविधान में भी छेद किए गए। थोक दल बदल को दल टूट कहा गया। तमाम सरकारें अल्प मृत्यु की शिकार हुईं। साथ-साथ चुनाव का क्रम भंग हो गया। साथ-साथ चुनाव से राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय संदर्भों से जुड़ने की ओर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय दलों की दृष्टि राष्ट्रीय होगी। लेकिन कुछ दलों की चिन्ता बड़ी है। बीते कुछेक वर्षों में राष्ट्रीयता का भाव देशव्यापी हुआ है।

# कश्मीर में अमन से गुलजार होता गोवा

आर.के. सिन्हा

> असल में, जी20 शिखर सम्मेलन के बाद कई एयरलाइंस अब गोवा के लिए सीधी उड़ानों को शुरू करने पर विचार कर रही हैं। एक बार प्रसिद्ध क्रिकेट लेखक और कमेंटेटर स्वर्गीय टोनी कोजियर ने सही ही कहा था कि गोवा के लुभावने समुद्र तट और यहां का जीवन किसी को भी आकर्षित कर सकता है। अपने देश में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड और बफीर्ले वातावरण से इतर गोवा का खुला आसमान और तेज धूप की वजह से ही यहां बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी आते हैं। गोवा आकर समुद्र तट के किनारे धूप सेंकना विदेशी सैलानियों को पसंद है। यह उनकी अत्यधिक दूधिया त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। समुद्र तट के किनारे स्वादिष्ट नारियल पानी, मधुर संगीत और लाजवाब समुद्री भोजन की सुगंध पर्यटकों को खींच लाती है

**अब** गोवा के करीब आता जा रहा है कश्मीर। हो सकता है कि यह बात अविश्सनीय लगे, पर सच तो यही है। कश्मीर घाटी से हजारों लोगों का गोवा घूमने के लिए जाना बताता है, कि दोनों राज्य करीब आ रहे हैं। ये दोनों राज्य ना केवल भारत बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में शामिल हैं। गोवा वासी तो लंबे समय से छुट्टियां बिताने कश्मीर जाते ही रहे हैं, लेकिन कुछ साल पहले तक कश्मीरियों के लिए ऐसा सपने में भी नहीं सोचा जा सकता था। हालांकि, हालात अब तेजी से बदल रहे हैं और घाटी के लोग बड़ी तादाद में छुट्टियां बिताने गोवा जा रहे हैं। दिल्ली-गोवा फ्लाइट में सफर करने वाले इसे आसानी से समझ सकते हैं। अगर आपने हाल के दौर में कभी राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गोवा का सफर किया है तो आपने कश्मीरियों को सपरिवार गोवा जाते देखा ही होगा। इससे इस बात की पुष्टि भी होती है कि कभी अशांत रहे कश्मीर की फिजा अब तेजी से बदल रही है। श्रीनगर की अपनी हालिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि अब कश्मीर आर्थिक रूप से बदल रहा है। कश्मीर के लोगों ने जिस गर्मजोशी से उनका स्वागत किया, कुछ साल पहले तक यह अकल्पनीय था। प्रधानमंत्री ने श्रीनगर के बख्शी मैदान में आयोजित रैली में कहा, "मैं आपका दिल जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं।" कश्मीरियों के छुट्टियां मनाने गोवा जाने के पीछे बड़ी वजह कश्मीर घाटी में शांति और स्थिरता भी है। चूंकि श्रीनगर से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए कश्मीरियों को पहले दिल्ली जाना पड़ता है। दिल्ली से वो गोवा के लिए फ्लाइट पकड़ते हैं। जब कश्मीर में हाड़ कंपाने वाली ठंडी पड़ती है, तो वो गोवा का रूख करने लगे हैं। आप कह सकते हैं कि कश्मीरियों को गोवा घूमने और रहने के हिसाब से नवंबर से जनवरी तक का महीना मुफीद लगता है। अन्य पर्यटकों की तरह ही कश्मीरियों को भी गोवा का खुशनुमा और समावेशी समाज आकर्षित करता है। गोवा के कलंगुट, बागा, अंजुना और कैडोलिम सरीखे प्रसिद्ध समुद्र तटों पर कश्मीरियों की भीड़ को आसानी से देखा जा सकता है। यदि आप गोवा में कश्मीरी पर्यटकों से बात करेंगे तो वे निश्चित रूप



से आपको दो बातें बताएंगे। पहला, वे घाटी की लंबे समय की अशांति से थके हुए थे। अब जैसे-जैसे उनके राज्य में चीजें बेहतर होती जा रही हैं, वे विकास के साथ-साथ शांति का भी अनुभव कर रहे हैं। वे गोवा को आराम करने के लिहाज से एक बेहतर जगह मानते हैं। दूसरा, कश्मीरी पर्यटक गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की जमकर तारीफ करते मिलेंगे। कश्मीरियों का कहना है कि गोवा सरकार के गंभीर प्रयासों से पर्यटकों के हितों का ख्याल रखा जा रहा है। सरकार की कार्यनीति के कारण गोवा आने वाले पर्यटक अपने को सुरक्षित महसूस करते हैं। यह गोवा सरकार की बहुत बड़ी प्रशंसा है। गोवा सरकार अब 'क्वालिटी टूरिस्ट्स' यानी ज्यादा से ज्यादा खर्च करने वाल पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है। गोवा के ऊजार्वान मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हाल ही में कहा भी था कि उनकी सरकार गोवा में क्वॉलिटी टूरिस्ट को आकर्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है। ऐसे पर्यटकों से होटल मालिकों से लेकर टैक्सी आपरेटरों तक सबका लाभ होगा। उन्होंने कहा, "अगर हम क्वॉलिटी टूरिस्ट चाहते हैं तो हमें सुविधाएं भी वैसी ही प्रदान करनी होंगी। गोवा में वैसे तो पूरे साल भर पर्यटक आते ही रहते हैं, लेकिन, अक्टूबर के पहले सप्ताह से पर्यटकों की जो संख्या बढ़ती है वो क्रिसमस, नववर्ष तक पीक पर पहुंच जाती है। पर्यटकों का आना मई महीने तक लगातार जारी रहता है। गोवा में हर साल लगभग 80 लाख पर्यटक आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या विदेशी सैलानियों की भी होती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि गोवा की विकास यात्रा में बीता साल यानी 2023 बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ। क्योंकि तब जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत गोवा में कई अहम बैठकें हुई। यही नहीं गोवा ने पर्यटन पर केंद्रित जी-20 के मंत्रियों के एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम की भी मेजबानी की थी। जिसने पर्यटन सेक्टर के एक मंजे हुए खिलाड़ी के रूप में गोवा को ख्याति दिलाई। यह आयोजन वैश्विक आर्थिक मामलों के बारे में चर्चा में शामिल होने वाले अंतरराष्ट्रीय नेताओं और नीति निमार्ताओं के एकीकरण का प्रतीक बना। इस आयोजन ने न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता बल्कि वैश्विक पर्यटन को आकार देने में इसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। यह खरी बात है कि भारत की अध्यक्षता में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन का गोवा के पर्यटन पर सकारात्मक प्रभाव तो पड़ा ही। यह पिछले दो वर्षों में गोवा में विदेशी पर्यटकों की बढ़ोत्तरी के रूप में देखा जा सकता है।

असल में, जी20 शिखर सम्मेलन के बाद कई एयरलाइंस अब गोवा के लिए सीधी उड़ानों को शुरू करने पर विचार कर रही हैं। एक बार प्रसिद्ध क्रिकेट लेखक और कमेंटेटर स्वर्गीय टोनी कोजियर ने सही ही कहा था कि गोवा के लुभावने समुद्र तट और यहां का जीवन किसी को भी आकर्षित कर सकता है। अपने देश में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड और बफीर्ले वातावरण से इतर गोवा का खुला आसमान और तेज धूप की वजह से ही यहां बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी आते हैं। गोवा आकर समुद्र तट के किनारे धूप सेंकना विदेशी सैलानियों को पसंद है। यह उनकी अत्यधिक दूधिया त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। समुद्र तट के किनारे स्वादिष्ट नारियल पानी, मधुर संगीत और लाजवाब समुद्री भोजन की सुगंध पर्यटकों को खींच लाती है। ये लोग समुद्र तटों के पास घूमते हैं, सड़कों पर खरीदारी करते और खाना खाते हैं। उन्हें बहुत कम महंगी जगहों या फास्ट फूड दुकानों में झुंड के झुंड में जाते हुए देखा जा सकता है। उन्हें गोवा की खूबसूरती का आनंद उठाना पसंद है। भारत के अन्य राज्यों के मुकाबले गोवा आसानी पहुंचा भी जा सकता है। परिवहन सुविधाओं की सुगमता के कारण भी विदेशी पर्यटक गोवा में अधिक समय गुजारते हैं, इसे पसंद करते हैं। विदेशी सैलानियों की तरह ही हमारे अपने कश्मीरियों को भी यहां की चमकदार धूप पसंद है। जब उनका अपना कश्मीर सर्दियों में अत्यधिक ठंडा रहता है तो उन्हें सचमुच गोवा में राहत मिलती है। इसलिए, वे अब बार-बार गोवा आना पसंद करने लगे हैं।

रूसी पर्यटक भी हर साल बड़ी संख्या में गोवा आते हैं। गोवा में जिस समय गर्मी पड़ती है, रूस में उस समय कड़ाके की सर्दी होती है। इस वजह से भी रूसी यहां आराम करने आते हैं। अब आपको गोवा में रूसी भाषा में बहुत सारे साइनबोर्ड, रेस्तरां और स्टोर के नाम लिखे मिल जाएंगे। इससे उनके लिए घूमना-फिरना आसान हो जाता है। कुल मिलाकर बात यह है कि अगर गोवा में सारे भारत से पर्यटक आते हैं, तो इसका श्रेय गोवा सरकार को भी देना होगा, जिसने अपने राज्य को पर्यटकों का स्वर्ग बना दिया है। गोवा के मॉडल पर अन्य राज्यों को चलकर देश के पर्यटन क्षेत्र को मजबूती देनी होगी। यह बात हमेशा याद रखी जानी चाहिए कि किसी भी प्रदेश या देश की खुशहाली का रास्ता पर्यटन सेक्टर से ही होकर गुजरता है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

**संजीव**

# (बुजुर्गों का सम्मान देश की स्वस्थ परंपरा बने

**संजीव**

**यह वि**डंबना है जब मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगनशीलता और परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं। यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि इस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन,व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।

वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे-धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं।

## विचार

# संयुक्त राष्ट्र की मानव विकास रिपोर्ट: रैंकिंग में सुधार की जरूरत

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर भारत एक उभरता हुआ तेजी से विकास करने वाला देश और उसकी अर्थव्यवस्था विश्व के टॉप फाइव से सीधे टॉप थ्री नंबर पर पहुंचने को आतुर है। दुनियां की अनेक रैंकिंग एजेंटीयों ने इस स्तरपर काफी सकारात्मक अनुमान लगा रही है कि भारत तेजी सेविकसित देश होने की ओर बढ़ रहा है। रिकॉर्ड स्तर पर भारत में गरीबी स्तर से नीचे से ऊपर उठने वाले आंकड़े आ रहे हैं जो अपने आप में इसका सटीक उदाहरण है। परंतु एक बात सीरियसली रेखांकित करने वाली है कि हम सब भारत के नागरिकों, बुद्धिजीवियों, नेताओं, नीति निर्धारकों शासन प्रशासन व सरकार को इस बात को गंभीरता से सोचना चाहिए होगा कि विश्व की में भारत का डंका बजाने के बावजूद वैश्विक रेटिंग एजेंसियों के सूचकांकों में आखिर भारत पिछड़ा हुआ क्यों है ? अगर हम इन सूचकांको की रिपोर्ट्स को देखें तो भारत सवा पार है।

यानें हम अगर 200 देशों को देखें तो भारत की रैंकिंग बहुत नीचे आती है आखिरकार ऐसा क्यों? हमें जरूरत है इन रेटिंग मानदंडों मानको की आवश्यकताओं पर विचार करने की कि आखिर हम क्यों नहीं पहुंच पाए उन मानकों पर जिनकी गणना सूचकांकों को ऊपर उठाने में होती है?इसका मतलब यह हुआ कि या तो हमारे विकास के दावे खोखले हैं या फिर किसी साजिश के चलते भारत को कम आंका जाता है। कई बार हमने देखे हैं कि अनेकों रेटिंग एजेंसियों के सूचकांकों पर भारत ने आक्षेप भी उठाया है कि उम्मीद से कम रैंकिंग कैसे मिला? इसका सटीक उदाहरण हम दिनांक 14 मार्च 2024 को देर शाम संयुक्त राष्ट्र की मानव विकास रिपोर्ट 2023 2024 में देखने को मिला कि भारत की रैंकिंग 193 देश में 134 वें स्थान पर आई है जबकि 2021 में 191 देश के 135 में स्थान पर थी। यानें अगर हम पिछले 10 वर्षों में मानव संसाधन विकास के दावे कर रहे हैं तो फिर इस एचडीआई रिपोर्ट में अभी तक 134 वें स्थान पर इतनी दूर क्यों है? जो सोचनीय व रेखांकित करने वाला मुद्दा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत के सभी मानव विकास सूचकांकों की रैंकिंग में सुधार के बावजूद हम काफी पीछे क्यों हैं?

साथियों बात अगर हम 14 मार्च 2024 को देर शाम संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास रिपोर्ट 2023-2024 की करें तो, संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक (एचडीआइ) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में

134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआई आई), 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर हैजीआईआई -2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीजीआई- 2021 की तुलना में भारत ने जीजीआई-2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है, जो कि महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत है।हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट(एचडीआर) 2023-24 में कहा गया है कि एचडीआई में सुधार के बाद 2022 में भारत 193 देशों में 134वें स्थान पर रहा है। 2022 में भारत का एचडीआई स्तर सुधरकर 0.644 रहा जबकि 2021 में यह 0.633 था।यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट ह्यब्रेकिंग द ग्रिडलॉकः रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्डह्ण में प्रकाशित किया गया है।वर्ष 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा, जिनमें जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार दर्ज किया गया। इसी के तहत, जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई जबकि प्रति व्यक्ति जीएनआई 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# बड़े जिगरे का काम है

**डॉ. सुरेश कुमार**

यह जानते हुए कि सभी चीजें महंगी होती जा रही हैं बावजूद इसके उसे सस्ता कहना, बड़े जिगरे का काम है। यह अंधभक्ति की पराकाष्ठा है। मैं इस पराकाष्ठा का मजा लेने का आदी हो गया हूँ। यह मजा बाहर से मुस्कुराने और भीतर से रोने का टू इन वन अहसास देता है। इसलिए जिनमें देशभक्ति नहीं है उन्हें यह मजा नहीं लेना चाहिए। जो महंगे को सस्ता नहीं कह सकते उनके लिए दो रास्ते हैं- देशद्रोही कहलायें या मर जाएँ। अंधभक्त होना एक महान वरदान है। अंधभक्त न हों तो देश कब का बर्बाद हो जाता। उनके होने से ही निर्बाध गति से साँस ले पा रहे हैं। सूर्य का पूर्व से उदित होना, शाम को पश्चिम में अस्त होना यह सब क्या है? क्या यह सत्तर साल पहले हो पा रहा था? नहीं। कभी नहीं। यह सब तो पिछले कुछ वर्षों से हो रहा है। अभी जो राजाबाबू हैं, वे बड़े ही निहायती और अच्छे किस्म के आदमी हैं। अंधभक्तों की नजर से देखें तो उनमें भगवान नजर आते हैं। बहुत बड़े पद पर हैं। भेष बदलने में नंबर वन हैं। पल में रोना और पल में हँसना उनके बाएँ हाथ का खेल है। खुद किसी को कोई चीज दें तो उसे समय की जरूरत कहेंगे और कोई दूसरा दे दे तो उसे रेवड़ी का टैग लगाकर धोबी पछाड़ का मजा चखायेंगे। हमारे यहाँ चुनाव के दिन चल रहे थे। राजाबाबू अपनी आदत के अनुसार भेष बदलकर हमारे यहाँ पहुँच गए। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सड़क आदि छोड़कर शेष सभी विषयों पर घंटों बात करने लगे। न जाने किसी अज्ञानी ने बीच में पूछ लिया कि हमारी जरूरतें कब पूरा होंगी तब उन्होंने भगवान का वास्ता देकर भजन-कीर्तन करने के लिए कहा। उस दिन जाकर पता चला कि वे भगवानों को अपनी जेब में लेकर घूमते हैं। जहाँ जिसकी जरूरत होती है वहाँ उसी भगवान को उतार देते हैं। मंदिर जाने पर पंडित, मस्जिद जाने पर मौलवी, गिरजाघर जाने पर पादरी और गुरुद्वारे जाने पर पगड़ी बांधे सबसे बड़े भक्त होने का कीर्तिमान स्थापित करते हैं। लोग नौकरी मांगते तो उन्हें दो करोड़ का खाली कटोरा थमा देते। अन्न माँगते तो 370 थमा देते। भाईचारा माँगते तो धर्मों के बीच कबड्डी करवा देते। सुख-शांति मांगते तो तीन तलाक थमा देते। केवल मांगने की देरी होती कि वे कुछ न कुछ थमाने के लिए तत्पर रहते।

# पीठ दिखाकर जीने वाले

**सुरेश कुमार**

पिता जी ने फरमान जारी किया कि कल से सभी भोजन की मेज पर मिल बैठकर भोजन करेंगे। अगले दिन माता जी ने भोजन की मेज की खूब साफ-सफाई की। फल-फूल सजा दिए। अचार की बोतलें, बादाम-काजू-किशमिश, पिस्ता, सौंप-सुपारी की तश्तरी अच्छे से सजा दी। जब घर के सभी सदस्यों ने यह देखा तो उनके मुँह में पानी भर आया। जो कोई मेज के पास जाता कुछ बादाम-काजू-पिस्ता मुट्ठी में दबोच लेता। देखते ही देखते मेवा झम्म हो गया। माता जी का क्या है? ज्यादा से ज्यादा डाँट-फटकार सकती हैं, इससे ज्यादा क्या कर सकती हैं। वह अपने में ही बड़बड़ाने लगीं। रात होने को थी। उधर से पिता जी दफ्तर से निकल चुके थे। उधर बेटा बुलेट पर, इधर बिटिया स्कूटी पर घर की ओर कूच कर चुके थे। आज सभी मेज पर मिल बैठकर खाने वाले जो थे! पिता जी के बाद बेटा और बेटे के बाद बिटिया तीनों रात के विश्राम गृह यानी घर पहुँच चुके थे। इतने दिनों से यह विश्राम गृह किसी लॉड्ज से कम थोड़ी न था। पहली बार इसकी किस्मत में घर कहलाने का सुख नसीब होने वाला था। घर में तीन-तीन वाशरूम थे। तीनों वाशरूप में ऐसे घुसे जैसे वह ही उनका स्थाई निवास हो। पिता जी मोबाइल थामे वाट्सप पर, बिटिया इंस्टाग्राम और बेटा स्नैप चैट पर ऐसे जमे मानो उन्हें वाशरूम किसी स्वर्ग सा प्रतीत हो रहा हो। माता जी के चिल्लाने का असर यह हुआ कि उनका गला बैठ गया। जैसे-तैसे तीनों बाहर निकले। तब तक माता जी एक नींद पूरी कर चुकी थीं और दूसरी नींद के लिए ऊँघना भी आरंभ कर चुकी थीं। बिटिया ने कहा कि मुझे भूख नहीं है। मैं दोस्त की बर्थ डे पार्टी में पिज्जा-बर्गर खाकर आयी हूँ। बेटे ने कहा कि मैंने भी केएफएसी में जमकर टंगड़ी कबाब खाया है। दोनों अपने-अपने बेडरूम में घुसे और दरवाजा ऐसे बंद किया जैसे दुश्मन को देखकर कोई बंद करता हो। आज के समय में माता-पिता किशोरावस्था के बच्चों के असली दुश्मन होते हैं। वे कुछ भी कहें उन्हें बुरा ही लगता है। पिता जी ने बड़ी मुश्किल से एक रोटी उठाई होगी कि उन्होंने पत्नी पर झल्लाते हुए कहा कि कोई भला कामकाजी और थकेहारे आदमी को ठंडी रोटी खिलाता है?

## न्यूज फ्लैश

### समाजसेवी देवेन्द्र कादियान बने राज्य युवा आयोग के चेयरमैन बने



**गन्नौर। समाजसेवी देवेन्द्र** कादियान को प्रदेश सरकार ने आचार संहिता लगने से पूर्व राज्य युवा आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया है। कादियान ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश के नव नियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यंत्री मनोहरलाल का आभार व्यक्त किया। कादियान ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसका वे ईमानदारी से निर्वहन करते हुए युवाओं के हित में काम करेंगे। सरकार द्वारा राय युवा नीति को आगे बढ़ाएंगे। युवाओं का शिक्षा से लेकर विकास तक का ध्यान रखा जाएगा। इसके तहत प्रदेश के 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं के विकास पर फोकस किया जाएगा। युवाओं को सामाजिक मूल्यों से अवगत कराया जाएगा। हरियाणा युवा आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने कहा कि वे युवाओं के हितों पर किसी भी प्रकार से आंच नहीं आने देंगे। प्रदेश सरकार युवाओं के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। युवाओं को पारदर्शिता के साथ व योग्यता के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं।

### उचाना शहर के लोगों को मिलेगा बंदर, बेसहारा पशुओं से छुटकारा

**जींद। उचाना में काफी** लंबे समय से शहर के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहे बंदरों को पकड़वाने के लिए नपा द्वारा एजेंसी को ठेका दिया गया है। ऐसे ही बेसहारा पशुओं को पकड़वाने के लिए भी ठेका दिया गया है। बंदरों को पकड? के बाद यमुनानगर में जंगलों में छोड़ा जाएगा तो बेसहारा पशुओं को गौशालाओं में छोड़ा जाएगा। पहले दिन छह बंदर, तीन बेसहारा पशुओं को पकड़ा गया। पशुओं को उचाना की नंदीशाला में छोड़ा गया। उचाना निवासी कृष्णा, आत्मप्रकाश, बाला, सरोज ने कहा कि शहर में बंदरों का आंतक निरंतर बढ़ रहा है। काफी लंबे समय से बंदरों को पकड़े जाने की मांग प्रशासन से करते आ रहे है। बंदरों की संख्या बढ? से बच्चों को गली में खेलने से भी डर लगता है। कई बार बंदर राह चलते हुए लोगों को काट चुके है। ऐसा कोई मोहल्ला नहीं जहां पर बंदरों का आंतक से लोग परेशान न हो। कई बार तो बंदरों की टोलियों के चलते अकेले व्यक्ति का तो आना-जाना मुश्किल हो जाता है।

**मकानों पर लगवाने पड़े बंदर जाल**

शहर के लोगों ने कहा कि बंदरों का आंतक शहर में इतना बढ़ रहा है कि शहर के काफी संख्या में मकानों पर लोगों ने बंदरों से बचने के लिए लोहे के बंदर जाल लगवा रखे है। एक बंदर जाल पर कम से कम 20 से 50 हजार रुपए तक का खर्चा होता है। बंदरों के चलते आज लोग जाल के अंदर कैद है जबकि बंदर खुले में घूम रहे है। बंदरों को पकड़वाने की मांग नपा द्वारा पूरी करने से लोगों ा राहत मिलेंगी। एक हजार से अधिक बंदर शहर में है। उचाना नपा सचिव विक्रमजीत ने बताया कि शहर में बंदरों, बेसहारा पशुओं को पकड़वाने के लिए टेंडर एजेंसी को दिया है। बेसहारा पशुओं को गौशालाओं में तो बंदरों को यमुनानगर के जंगलों में छोड़ा जाएगा।

### भाजपा को दिए चंदे के बदले मिला कंपनियों को धंधा: विरेंद्र नरवाल

**हिसार: आम आ**दमी पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष विरेंद्र नरवाल ने इलेक्टोरल बॉन्ड के सार्वजनिक होने के बाद सामने आए प्रकरण पर केन्द्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड का जमकर दुरुपयोग किया और 60 प्रतिशत इलेक्टोरल बॉन्ड केवल भाजपा को गए हैं। विरेंद्र नरवाल ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2019 के बाद से कंपनियों और व्यक्तियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में भाजपा को 6 हजार करोड़ से अधिक का दान दिया है। कई कंपनियां है जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के बदले में सरकार से भारी लाभ लिया है। उन्होंने कहा कि उदाहरण के तौर पर मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने 800 करोड़ रुपए से अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड में दिए और एक महीने के बाद ही उस कंपनी को 14 हजार 400 करोड़ रुपए की ठाणे-बोरीवली ट्विन टनल प्रोजेक्ट मिल गया। विरेन्द्र नरवाल ने कहा की भाजपा द्वारा बॉन्ड लेने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रचे गए। पहले ईडी, सीबीआई व आईटी के माध्यम से कंपनियों पर छापा डलवाया गया।

# सांग हमारी प्राचीन संस्कृति है : अशोक अरोड़ा

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :बाबा संवारनाथ** डेरा बाहरी में महात्मा मुकेश नाथ जी ने बताया कि संवार नाथ चेला मोहरू नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज वार्षिक उत्सव में सांग का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने रिबन काटकर किया । यह सॉन्ग प्रसिद्ध सांगी सूरज बेदी और उसकी टीम द्वारा किया गया। बाबा मुकेश नाथ ने बताया 15 तारीख से 18 तारीख तक प्रत्येक दिन सांग होगा और 18 तारीख को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आज सांग के अवसर पर सबसे पहले कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि अशोक अरोड़ा का फूल माला और गुरु महाराज जी का सिरोपा और गुरु गोरख नाथ जी का स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया । ट्रस्ट के



प्रधान मानसिंह बजगांव और उप प्रधान मिहा सिंह रंगा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक अरोड़ा ने 21000 हजार रुपए डेरा बाहरी और 1100 रुपए सॉन्ग पार्टी के लिए दान किया। अशोक अरोड़ा ने कहा कि इस पवित्र डेरे में मुझे आने का सौभाग्य मिला और आदरणीय मुकेश नाथ और समस्त कमेटी की तरफ से आशीर्वाद मिला। अशोक अरोड़ा ने कहा कि इस पवित्र डेरे में सदियों से सभी पवित्र भावना से आते हैं और यहां पर हर मनोकामना पूरी होती है। इस पवित्र डेरे में आसपास के सभी गांव की संगत आस्था से जुडी है। इसके विकास के लिए ट्रस्ट के सभी सदस्यों का सहयोग करें।

## चुनौतियों का डट कर सामना करें: वीरेंद्र बढ़खालसा



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: हिंदू कॉलेज** के सभागार में छात्र सभा का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था :- "जीवन का सही विकल्प - प्लान बी?" इसमें वीरेंद्र बढ़खालसा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। हिन्दू संस्था के प्रधान श्री राजीव अग्रवाल सहित संस्था की कार्यकारिणी भी उपस्थित रही। सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया।

सभा को सम्बोधित करते हुए वीरेंद्र बढ़खालसा ने कहा कि आज कल के तनावपूर्ण वातावरण में विद्यार्थी असफल होने पर डिप्रेशन व नशे का शिकार हो कर अपने बहुमूल्य जीवन को बर्बाद कर रहे हैं, जबकि जीवन संघर्ष का नाम है। असफलता मन की हार है जीवन की नहीं , कोई न कोई रास्ता हमेशा खुला रहता है,

इसलिए जीवन में हमेशा प्लान बी रखना चाहिए । और कहा कि निरंतर प्रयास करते हुए आगे बढ़ कर चुनौतियों का डट कर सामना करने से इच्छित सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## मेयर ने निगम निवासियों को दी 4 करोड़ 10 लाख के विकास कार्यों की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शनिवार को** मेयर निखिल मदान ने वार्ड 11 का दौरा किया और विभिन्न विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया । इस मौके पर उनके साथ निगम पार्षद इंदु वलेचा एवं क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग विशेष रूप से मौजूद रहे।मेयर निखिल मदान ने बताया कि 55 लाख रु की लागत से ओल्ड डी सी रोड पर दीपक मंदिर के पास प्रेम नगर की गली में और वार्ड 11 में कई अन्य जगह नई सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी, साथ ही 58 लाख ? की लागत से मसद मोहल्ला,चार मरला,शांति नगर में सी सी की गलियों का निर्माण होंगा। वहीं 28 लाख ? की लागत से भीम नगर, इंदिरा कालोनी, राजेंद्र नगर में सी सी गलियों का निर्माण होगा। 62 लाख ? की लागत से कल्याण नगर, ऋषि



नगर और बत्रा कालोनी में सी सी गलियों का निर्माण किया जाएगा। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने वार्ड 9 में 1 करोड़ 59 लाख ? की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस मौके पर खरखौदा विधायक जयवीर वाल्मीकि, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा और वार्ड के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। राजीव सरोहा ने बताया कि जगदीशपुर गाँव में 55 लाख रु की लागत से रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाला रास्ता सी सी से पक्का होगा। साथ ही 47 लाख ? से राठधना गाँव में बने वाटर डिस्पोजल के साथ एक नये पार्क का नवनिर्माण किया जाएगा। राठधना गाँव में 40 लाख रु की लागत से हरिजन चौपाल का नवनिर्माण होगा। साथ ही 13 लाख ? से पाना पड़ंगा की हरिजन और धानक चौपालों की मरम्मत होगी।

साथ ही 4 लाख ? की लागत से गाँव की एक अन्य हरिजन चौपाल की भी मरम्मत होगी। मेयर निखिल मदान ने नारियल तोड़कर विधायक जयवीर वाल्मिकी, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा और गाँव के गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। मेयर निखिल मदान ने इसके बाद देवडू रोड का दौरा किया और आम जन की समस्याओं को सुना। साथ ही नगर निगम द्वारा 48 लाख की लागत से देवडू रोड पर बरसाती पानी की निकासी के लिए स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया। मेयर ने बताया कि स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने के बाद पी डब्ल्यू डी विभाग द्वारा देवडू रोड का निर्माण करवाया जाएगा।

इस अवसर पर उनके साथ निगम पार्षद मुकेश सैनी सहित स्थानीय लोग मौके पर मौजूद रहे । मेयर निखिल मदान ने कहा की पूरे निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को कराया जा रहा है। इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, पार्षद इंदू वलेचा, पार्षद मुकेश सैनी, संजीव वलेचा,पूर्व पार्षद रजिंदर चाँदना, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा,अत्तर सिंह सरोहा,भूपिन्द्र, शिव कुमार,कश्मीरी लाल, गौरव भोला, राज रानी, इशु रानी, उषा रानी, रवींद्र आर्या, सुमन नारंग, संतोष, अनिल मुंजाल, शशि दीपक,सरल दीपक, होतू राम रावल, रणजीत सिंह, साहिब सिंह, सुल्तान सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## डॉ. बिमलेंद्र को मिला एमएस स्वामीनाथन अवार्ड

**हिसार: हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. बिमलेंद्र कुमारी को एमएस स्वामीनाथन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मध्यप्रदेश के ग्वालियर में स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित भव्य आयोजन में उनको यह अवार्ड प्रदान किया गया। उन्हें यह अवार्ड वानिकी के क्षेत्र उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में डॉ. अविनाश तिवारी, कुलपति जीवाजी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर अवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला एवं अन्य गणमान्य वैज्ञानिक और प्रतिष्ठित बुद्धिजीवी व्यक्ति उपस्थित थे। इस सम्मलेन का आयोजन एग्री-मीट फाउंडेशन एवं आरवीएस कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। एमएस स्वामीनाथन अवार्ड के चयन के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करके उसकी अनुशंसा के आधार पर विजेता को यह अवार्ड प्रदान किया जाता है। प्रोफेसर बिमलेंद्र कुमारी ने अपनी स्नातक एवं पर स्नातक की डिग्री पंजाबी यूनिवर्सिटी से की है। इन्होंने अपनी पीएचडी की डिग्री हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से की। प्रोफेसर विमलेंद्र कुमारी गोल्ड मेडलिस्ट रही है।

## डीआरएम को ज्ञापन देकर रेल यात्रियों की समस्याओं के समाधान की मांग को उठाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: रेलवे सलाहकार** समिति सदस्य गन्नौर ने नई दिल्ली में डीआरएम सुखीन्द्र सिंह से मुलाकात कर रेल यात्रियों की समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। समिति सदस्य त्रिलोकचंद शर्मा राजलू गढ़ी ने बताया कि डीआरएम सुखविन्द्र सिंह ने समस्याओं को सुनने के बाद समाधान का आश्वाशन दिया। ज्ञापन में सदस्य ने 04583 अप दिल्ली- पानीपत पैसेन्जर को पुराने ही समय पर चलाने, 14331 अप दिल्ली-पानीपत जो अब एक्प्रैक्स बना दी है। उसका ठहराव गांव राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन पर करने, 14095 हिमालय क्वीन गाड़ी को दोबारा से चालू करने, 04452 पैसेन्जर ट्रेन के समय में बदलाव करने, गन्नौर में अगवानपुर रेलवे फाटक के पास बन रहे अंडरपास का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग करते हुए डीआरएम को बताया कि एक तरफ रेलवे की हद होने की वजह से अब रेलवे रास्ते का निर्माण नही कर रही, उसे बनवाया जाए ताकि वाहन चालकों को परेशानी न हो। राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन के पास बने अंडरपास के रास्ते को पक्का करने, राजलू गढ़ी से बडौत रेलवे लाईन से जोड़ने की मांग की। सदस्य त्रिलोक चंद शर्मा ने गांव राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन पर शैड निर्माण व पेयजल व्यवस्था शुरू करवाने के लिए डीआरएम का आभार जताया।

## कुरूक्षेत्र से अभय चौटाला भारी मतों से विजयी होंगे: रणवीर

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: इनेलो व्यापार** प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश हरियाणा एकता मंच के अध्यक्ष रणवीर देशवाल ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से इनेलो के वरिष्ठ नेता चौ.अभय सिंह चौटाला को प्रत्याशी बनाए जाने पर उनका स्वागत किया है। उन्होंने दावा किया की कुरुक्षेत्र लोकसभा से अभय सिंह चौटाला भारी मतों से विजई होंगे। इनेलो के कार्यकर्ता रात दिन मेहनत करके उन्हें जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इनेलो ही एक ऐसी पार्टी है जो 36 बिरादरी को साथ लेकर चलती है। चौ. अभय सिंह चौटाला ने जब भी किसी वर्ग के साथ ज्यादती हुई है तो उन्होंने अपना पद त्याग कर उसका साथ दिया है। किसान आंदोलन हो पहलवानों को प्रताड़ित करने का मामला हो, कर्मचारी व व्यापारी को दबाने का मामला हो सभी में अपने पद की परवाह न करके साथ देने का काम किया है।

## 85 हजार की रिश्वत लेता पटवारी गिरफ्तार

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: जिला में एंटी** करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। पानीपत इकाई ने एक पटवारी को रंगे हाथों 85 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। उसके खिलाफ करनाल एसीबी थाने में भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बापौली तहसील में टीम ने यह कार्रवाई की है। दरअसल एसीबी टीम को दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया था कि उक्त कर्मचारी उससे काम के एवज में लगातार रुपए की मांग कर रहा है। इसी पर टीम ने पहले शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया। शनिवार दोपहर को रुपए

**पकड़ में...**

**8 सुरेंद्र वर्मा को 85 हजार रुपए की रिश्वत के साथ पकड़ा। उसके हाथ धुलवाए तो पानी गुलाबी हो गया**

देने के लिए पाउडर लगाकर शिकायतकर्ता को उसके पास भेजा। यहां टीम ने ट्रैप लगाया। उसके बाद सुरेंद्र वर्मा निवासी बिहोली पटवारी को 85 हजार रुपए की रिश्वत के साथ पकड़ा। उसके हाथ धुलवाए तो पानी गुलाबी हो गया। पानी गुलाबी होते ही उनका चेहरा पीला पड़ गया। इस कार्रवाई के दौरान एक कानूनगो के भी पकड़े जाने की खबर है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह सनौली थाना क्षेत्र के गांव पत्थरगढ़ का रहने वाला है। उसने 2 साल पहले अरुण नाम के व्यक्ति से गांव में ही 20 कैनाल जमीन ली थी। यह शामलात भूमि है जिसकी गिरदावरी के लिए वह लगातार बापौली तहसील के चक्कर लगा रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि यहां पटवारी सुरेंद्र वर्मा निवासी बिहोली है। जिसने उससे रुपए की डिमांड की। एक बार वह 25 हजार रुपए ले भी चुका था। अब वह 1 लाख रुपए की और डिमांड कर रहा था। अंत में उससे 85 हजार रुपए में बात फाइनल हुई थी।

## मंदिरों के दर्शन के लिए नि:शुल्क यात्रा कराई जा रही: जैन

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: समाज सेवा** संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया मई के पहले सप्ताह में जरूरत मंद बुजुर्गो के लिए उज्जैन महाकालेश्वर व ओंकारेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग के दर्शन व आस पास के मंदिरों के दर्शन के लिए निःशुल्क यात्रा जा रही है। जिसमें आना जाना रहना खाना सभी निःशुल्क रहेगा। यात्रा के लिए उनसे सम्पर्क करके अपनी सीट बुक करवाएं। जैन ने कहा 2 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करना बहुत ही सौभाग्य की बात है। समाज सेवा संगठन पहले भी यात्रियों को माता वैष्णो देवी, शिवखोड़ी व मथुरा वृंदावन की यात्रा निःशुल्क करवा चुका है।

## अवैध कॉलोनियों में न खरीदे कोई भी प्लॉट: डीटीपी

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**शनिवार को सोनीपत, जिला** नगर योजनाकार (डीटीपी) नरेश कुमार ने बताया कि जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है। जिसके तहत खरखौदा के रोहतक रोड बाईपास के पास राजस्व संपदा में साढ़े 7 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी के कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को



बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए अनुमति ली गई है या नहीं। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है अगर कोई भी व्यक्ति इस

**पीला पंजा**

**8 अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया**

प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित एचएसवीपी कॉम्पलैक्स के प्रथम तल स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## बुडश्याम में दो सगे भाइयों पर तेजधार हथियारों से हमला,एक की मौत दूसरा घायल

### ोनों भाइयों पर गांव बुड़शाम में करीब 15 से ज्यादा लोगों द्वारा हमला किया गया। आरोपी युवक बुड़शाम और नारायणा के हैं

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**थाना समालखा के** गांव बुडशाम में एक दर्जन के करीब हमलावरों ने दो सगे भाइयों पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें एक की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों भाइयों की पहचान गांव खलीला प्रहलादपुर के रूप में हुई है जो अपने छोटे भाई के झगड़े को निपटाने के लिए गांव बुडशाम पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार मृतक युवक की पहचान अक्षय (23) निवासी गांव खलीला के रूप में हुई है। उसका भाई पवन है, जोकि सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है। दोनों भाइयों पर गांव बुड़शाम में करीब



15 से ज्यादा लोगों द्वारा हमला किया गया। आरोपी युवक बुड़शाम और नारायणा के हैं। वहीं अस्पताल में उपचाराधीन पवन ने बताया कि अक्षय उसका बड़ा भाई था, जोकि बिजली का काम करता था। उससे छोटा वह खुद है। वह पढ़ाई करते है, जबकि सबसे छोटा भाई हर्ष है, जोकि 10वीं कक्षा में पढ़ता है। जिसका परीक्षा केंद्र नामुंडा गांव में है। करीब 10 दिन पहले यहां परीक्षा के दौरान सन्नी नामक छात्र के साथ कहासुनी हो गई थी। कहासुनी का समझौता करने के लिए दोनों भाइयों को शुक्रवार शाम को गांव बुड़शाम में

**वारदात**

**8 गांव खलीला प्रहलादपुर के रूप में हुई है जो अपने छोटे भाई के झगड़े को निपटाने के लिए गांव बुडशाम पहुंचे थे**

बुलाया था। जहां सत्यवान, मोहित, सन्नी समेत 8 महिलाओं व अन्य लोगों ने उन पर ताबड़तोड़ तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। बताया जाता है कि हमलावर दोनों भाइयों को बुरी तरह से घायल करके मौके पर छोड़ कर भाग गए। आसपास के लोगों ने उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर किया गया लेकिन परिजनों ने दोनों भाइयों को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया,जिसमे उसके बड़े भाई अक्षय की इलाज के दौरान मौत हो गई और उसे भी गंभीर चोट आई है। मामले का पता लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपियों की पहचान न होने की स्थिति में पुलिस की पांच टीमें कार्रवाई और जांच में जुट गई है। पुलिस की तीनों सीआईए यूनिट समेत समालखा थाना पुलिस और साइबर टीम घटना की जांच में जुटी है। हर टीम अपने-अपने स्तर पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास में लग गई है

## अप्रवासी भारतीयों ने भी अभय चौटाला के लोकसभा चुनाव में उतरने पर स्वागत किया

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : अमरीका में** जे.एम.डी. ग्रुप ऑफ कम्पनीज के संस्थापक एवं अप्रवासी भारतीय व्यवसायी नरेंद्र जोशी आजकल कुरुक्षेत्र में हैं। शनिवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रधान महासचिव, वरिष्ठ नेता एवं विधायक अभय चौटाला के लोकसभा चुनाव में कुरुक्षेत्र सीट पर उतरने की घोषणा के बाद नरेंद्र जोशी ने बताया कि अभय चौटाला उनके मित्र हैं तथा समय समय पर मुलाकात भी होती है व अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा होती है। अमरीका सहित अन्य देशों में रह रहे अप्रवासी भारतीय विशेषकर हरियाणा से विदेश गए लोग अभय चौटाला के लोकसभा चुनाव में कुरुक्षेत्र सीट पर उतरने के बाद बहुत प्रसन्न हैं। जोशी को विदेश से उन्हें भी कई फोन आए हैं। उन्होंने बताया कि जब भी उनकी अभय चौटाला से मुलाकात हुई है उन्होंने कुरुक्षेत्र के तीर्थों के महत्व एवं विकास पर चर्चा हुई है। चौटाला का कहना है कि गीता जयंती के अंतर्राष्ट्रीय आयोजन की बात करना केवल मात्र औपचारिकता है। कुरुक्षेत्र में विदेश से आने वाले लोगों के लिए न कोई अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होटल है तथा न कोई अंतर्राष्ट्रीय दर्जे की ट्रांसपोर्ट है। चौटाला ने जोशी से कहा आप तीन दशक से अमरीका में हैं तथा विश्व के कई देश घूम चुके हैं। आप ही बताएं कुरुक्षेत्र का कितना अंतर्राष्ट्रीय स्तर का विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में अमरीका, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, इंग्लैंड इत्यादि से युवा इंडियन नैशनल लोकदल से सम्पर्क कर रहे हैं। ऐसे में विदेशों में इनैलो को सक्रिय करने एवं युवाओं को जोड़ने के अभियान पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि विशेषकर हरियाणा में इनैलो के सत्ता में आते ही भारत में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर देने के प्रयास होंगे ताकि युवाओं को विदेश में जाकर भटकना न पड़े।

# कुवि : दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

## दूसरे दिन का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) द्वारा सफलतापूर्वक किया गया

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इनोवेटिव टेक्नोलॉजिकल एप्लीकेशन रीशेपिंग मॉडर्न बिजनेस (आईटी-आईटीएआरएमबी) के दूसरे दिन का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) द्वारा सफलतापूर्वक किया गया ।



कार्यक्रम की शुरूआत डिजिटल युग में विपणन विषय पर तकनीकी सत्र से हुई, जिसमें प्रो. महाबीर नरवाल, अध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अध्यक्षता और डॉ. राजन शर्मा, सहायक प्रोफेसर, उप निदेशक, प्रबंधन अध्ययन संस्थान, सह-अध्यक्षता की। इसके साथ ही वित्तीय प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वित्त को फिर से परिभाषित करना विषय पर केंद्रित एक अन्य तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया, जहां कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रो. सुभाष चंद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, एवं इसकी सह- अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. जय किशन चंदेल ने की।समापन सत्र यूएसएम की अध्यक्ष प्रोफेसर निर्मला चौधरी के संबोधन के साथ शुरू हुआ। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के इस सत्र के

**तकनीकी**

**8 वित्त को फिर से परिभाषित करना विषय पर केंद्रित एक अन्य तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया**

मुख्य अतिथि, विनोद कुमार दत्त, प्रबंध निदेशक, चाणक्य डेयरी प्रोडक्ट्स लिमिटेड, खन्ना (पंजाब) थे

जिन्होंने छवि पहचान, आवाज से पहचान, और भावनात्मक पहचान से लेकर, ड्राइवर रहितकारों, उड़ने वाली टैक्सियों, हाइपरलूप और डिलीवरी बॉट जैसी नवीन डिजिटल प्रौद्योगिकियों का हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बनने के बारे में उल्लेख किया।इसके बाद, इंटरगिज कंसल्टिंग ग्रुप, गुरुग्राम के प्रबंध निदेशक श्री स्मार्टी पाल सिंह (पूर्व छात्र), ने उपस्थित लोगों के साथ बातचीत की और अपने मंत्रमुग्ध संबोधन से पूरे सत्र को जीवंत बना दिया। सम्मानित अतिथि प्रो. नीलम ढांडा, डीन, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने व्यापार क्षेत्र के लिये इन उभरती प्रौद्योगिकियों के भविष्य में विस्तार से बात की। दो दिवसीय इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 176 प्रतिनिधियों ने अपने पेपर प्रस्तुत किये। इसके बाद प्रत्येक ट्रैक के लिए सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार की भी घोषणा की गई है।अंत में सम्मान समारोह हुआ और प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

# शैक्षणिक भ्रमण भारतीय विविधताओं को जानने का अवसर देता है: सुधीर

**विशेष प्रयास**

**8 राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन को बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहे**

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन को बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। वार्षिक परीक्षाओं के एक दम बाद उन्हें घुमाने का इंतजाम किया जा रहा है। इस क्रम में परीक्षा दे चुके कक्षा 9वीं और 11वीं के 46 बच्चों को आज अम्बाला जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवम जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा द्वारा सात दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए जैसलमेर के लिए रवाना किया गया। उनके साथ चार अध्यापक भी रवाना हुए



हैं।उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए भारतीय विविधताओं के बारे में धरातल पर जाकर सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सफल शैक्षणिक भ्रमण की शुभ कामनाएं दी और सभी बच्चों को इस एतिहासिक स्थान के बारे बताते हुए कहा कि जब हमें किसी भी स्थान पर जाने का अवसर प्राप्त होता है तो उस क्षेत्र की भौगोलिक, सांस्कृतिक और एतिहासिक जानकारी लेने का एक बहुत अच्छा मौका मिलता है और ये हमारे जीवन का स्थाई ज्ञान भी बनता है ' इस अवसर पर मनोज कुमार, संजय कौशिक कॉर्डिनेटर यूथ एंड इको क्लब अंबाला, प्रवीण शर्मा प्रिंसिपल राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर सरसेडी, रामकुमार संस्कृत टीचर नीलकमल शर्मा और देवेंद्र उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों से उनका परिचय भी लिया और उनके कुशल क्षेम के बारे में जाना।

# बाबैन स्कूल ने क्रिकेट फ्रेंडली मैच में लहराया जीत का परचम



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबैन और राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरी के मध्य खैरी में शैक्षणिक आदान प्रदान का कार्यक्रम आयोजित हुआ। खैरी प्रिन्सिपल दया सिंह स्वामी द्वारा इस आयोजन के लिए विशेष प्रबन्ध कराया था। प्रिंसिपल बाबैन रमेश बौद्ध कुमार के नेतृत्व में अध्यापकों द्वारा अपने विषय और अन्य गतिविधियों से जुड़े अनुभव साझा किए गए. इसके पश्चात सभी अध्यापको को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया, सबने ही विद्यालय की व्यवस्था और सौन्दर्यकरण की तारीफ की. इसके पश्चात दोनों विद्यालय के अध्यापकों के मध्य एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ. बाबैन की टीम का नेतृत्व विनय ने किया और खैरी की टीम के कैप्टन अनिल रहे. टॉस बाबैन ने जीता और पहले बैटिंग का

**आदान-प्रदान**

**8 सभी अध्यापको को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया, सबने ही विद्यालय की व्यवस्था देखीं**

निर्णय लिया ।अपनी पारी में बाबैन ने कुल 98 रन बनाये, जिसमे मनीष के 24 रन, विनय के 18, जोगिंद्र के 22, कारण सिंह के 23 और कर्मवीर जी के 11 रन रहे. जवाब में खैरी की टीम निर्धारित ओवर में 92 रन ही बना सकी और इस तरह से बाबैन ने कड़े मुकाबले में ये मैच अपने नाम किया। बाबैन की टीम में विनय ,जोगिंदर ,अशोक, विक्रांत , कर्मवीर, करण, मनीष कंबोज, दलजीत ,सुनील, मनीष, अमित ने खेल के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन कर क्रिकेट फ्रेंडली मैच में जीत का परचम फहराया।

# कल्पना चावला पोलटेक्निक में खेल-कूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी. अम्बाला शहर में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को मुख्य अतिथि डा० विन्दू आनन्द ने विद्यार्थियों का मनोबल बढाते हुये प्रतियोगिता का आगाज किया। डा० अशवनी भारद्वाज ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को शपथ दिलवाई । लॉन्ग जम्प, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो और विभिन्न दौड प्रतियोगिता हुई । 100 मीटर दौड प्रतियोगिता में सन्धया, सलोनी और नेहा शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितिय और तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड में नेहा शर्मा प्रथम, रेशमा द्वितिय तथा सन्धया तृतीय स्थान पर रही। लॉन्ग जम्प में तमन्ना प्रथम, हिना द्वितिय और आचल तृतीय स्थान पर रही ।



डिस्कस थ्रो में जानहवी प्रथम, आंचल द्वितिय तथा सलोनी तृतीय स्थान पर रही। जैवलीन थ्रो में मानसी ने प्रथम, ऋतु द्वितिय, तथा आआंचल तृतीय स्थान पर रही। शॉटपुट में फिजा प्रथम आचल द्वितीय तथा हरमनदीप तृतीय रही। अंत में विभागानुसार रिले दौड में कम्प्यूटर विभाग प्रथम, लाईब्रेरी साईस विभाग द्वितीय और फामेर्सी विभाग तृतीय रहा। प्रतियोगिता की महिला सदस्य और छात्राओं के बीच टग ऑफ वार में छात्राओं ने बाजी मारी। पुरुष स्टाफ सदस्यों के मध्य वॉलीवाल का मैच हुआ। अंत में मुख्य अतिथि प्रिंसिपल महोदया ने छात्राओं को पुरूस्कृत किया। सपोर्टस प्रेजीडैन्ट डा० लाभ सिंह नैन, सपोर्टस सैकटेरी डा० अशवनी भारद्वाज, ऑफिसर इंचार्ज सपोर्टस सौरभ भटट ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। नीरज मलान, सरला, महिपाल रविन्द्र दहिया, श्रीमती कृष्णा, बाबूराम, परमजीत भौरिया, सुरेश खंडा प्रवीण मितल, अजय मलिक, सुरेन्द्र मलान, लौरेल आदि स्टाफ सदस्य प्रतियोगिता में उपस्थित रहे।

**पुरूस्कृत**

**8 पुरुष स्टाफ सदस्यों के मध्य वॉलीवाल का मैच हुआ। अंत में मुख्य अतिथि प्रिंसिपल महोदया ने छात्राओं को पुरूस्कृत किया**

# घर-घर जाकर लोगों को अपनी वोट बनवाने को लेकर किया जागरूक

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

समालखा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाना में चलाएं जा रहे मतदाता जागरूक अभियान के अंतर्गत गांव में घर-घर जाकर लोगों को अपनी वोट बनवाने व वोट देने के प्रति जागरूक किया गया उन्हें वोट देने के अधिकार के बारे में बताया गया और समझ गया कि अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निश्चित करें और योग्य उम्मीदवार को चुनकर



देश के विकास में योगदान दे प्रिसिपल सरिता देवी ने बताया की स्कूल में दाखिले के लिए लोढ़ा बस्ती मनाना में घर घर जाकर बच्चो के दाखिले के लिए जागरूक किया और जो बच्चे कभी स्कूल नही जाते उन के परिवार को भी बच्चो को स्कूल भेजने के लिए कहा गया।

# एम डीएवी जूनियर विंग में ग्रैंड पैरेंट्स डे धूमधाम से मनाया

**हर्षोल्लास**

**8 कक्षा दूसरी की ग्रेजुएशन सेरेमनी व ग्रैंड पेरेंट्स डे बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया**

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मुरलीधर डी ए वी जूनियर विंग मे कक्षा दूसरी की ग्रेजुएशन सेरेमनी व ग्रैंड पेरेंट्स डे बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय की भव्य सजावट की गई। कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ से की गई, जिसमे विद्यालय के प्रधानाचार्य, कक्षा दूसरी के नन्हे मुन्हे बच्चे, सभी अध्यापिकाएं व बच्चो के दादा-दादी व नाना-नानी शामिल हुए। प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने यज्ञ की पूणार्हुति के साथ बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विद्यालय के प्रधानचार्य व (ए आर ओ) जोन डी, डॉ आर आर सूरी जी थे। डॉ सूरी द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित की गई व तदुपरांत कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमे कक्षा दूसरी की छात्रा आध्या गुप्ता द्वारा दादा-दादी व नाना-नानी पर बहुत ही प्यारी कविता प्रस्तुत की गई। कक्षा पहली व दूसरी के बच्चो द्वारा बहुत




ही सुन्दर नृत्य प्रदर्शित किया गया। कक्षा दूसरी के अर्शकुंवर, अराध्या गुप्ता व गलकी द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य , कोऑर्डिनेटर व सभी अद्यापिकाओं का धन्यवाद दिया व उनके द्वारा दी गई शिक्षा व प्रेरणाओं पर मनमोहक स्पीच दी। कार्यक्रम के बीच बीच मे दादा-दादी, नाना-नानी का मनोरंजन करते हुए अनेकों उपहार भी वितरित किये गए। विद्यालय के एल एम सी मेंबर श्री गुरमीत चोपड़ा जी भी कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। कक्षा दूसरी के बच्चो को प्रधानाचार्य जी द्वारा ग्रेजुएशन सैरेमनी मे सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य जी द्वारा सभी बच्चो व दादा-दादी व नाना-नानी जी को सम्बोधित करते हुए अपने विचार साँझा किये। उन्होंने कार्यक्रम मे आये सभी ग्रैंड पेरेंट्स का आभार प्रकट किया व सभी बच्चो का अपने घर के बड़ो का सम्मान व उनके द्वारा सिखलाई गई शिक्षा को अपने जीवन मे ढालने की प्रेरणा भी दी। कक्षा दूसरी से विद्यालय के सीनियर विंग मे आने की बधाई भी दी। प्रधानाचार्य जी द्वारा कार्यक्रम मे एन ई पी शिक्षा नीति के बारे मे विस्तार से बताया व सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को अनेको शुभकामनायें भी दी। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती अमिता अरोड़ा ने भी श्रोता गण का कार्यक्रम मे आने के लिए धन्यवाद दिया व सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए व सीनियर विंग मे नए सत्र मे जाने की अनेको शुभकामनायें भी दी।

# हारे के सहारे आ जा, तेरा दास पुकारे आ जा...पर झूमे श्यामप्रेमी

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** खाटूश्याम जी के प्रचार प्रसार को समर्पित नगर की विख्यात संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार, कुरुक्षेत्र द्वारा शुक्रवार रात्रि विष्णु कॉलोनी में 515वां भव्य श्री श्याम संकीर्तन व भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक देवी दयाल गर्ग परिवार सहित अन्य श्यामप्रेमियों ने पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। इस दौरान गायक गायक गौरव



शान और उमेश रसिक ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें कर दी बाबा ने पवित्र मेरी झोंपड़ी..., हारे के सहारे आ जा, तेरा दास पुकारे आ जा..., लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण तेरी..., फूलों में सज रहे हैं मेरे श्याम खाटू वाले और घर आए बाबा श्याम दीवानी हो गई मैं.... इत्यादि भजनों पर सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे।श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया,मान्यता है कि पुष्प श्रृंगार से सभी बाधाएँ दूर होती हैं। भंडारे में सभी भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम आरती में पंडित महेश भारद्वाज,अनुज सिंगला,अरुण गोयल,अनिल मित्तल,संजय चौधरी,गौरव गुप्ता,गिरीश गर्ग,शुभम अरोड़ा,श्याम बंसल,सतीश मेहता, पवन मेहता,मनोज गुप्ता,योगेंद्र अग्रवाल,कविता गोयल,राजवती शर्मा, अंजली गौड़,स्वीटी मित्तल,मीनू गोयल,सोनिया गुप्ता,अनु गर्ग,अनिता शर्मा,सुषमा और वंशिका सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

**श्याम के दर पर**

**8 समस्त श्यामप्रेमी परिवार, कुरुक्षेत्र द्वारा 515वां भव्य श्याम संकीर्तन व भंडारा आयोजित**

# लोकसभा चुनावों के बाद पीएम मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे: संदीप गर्ग

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद पीएम मोदी तीसरी बार देश की बागडोर सम्भालेंगें व आने वाले विधानसभा चुनावों में भी भारी बहुमत से भाजपा की मनोहर सरकार बनेगी। भाजपा नेता संदीप गर्ग गांव बड़शामी में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि देश में सुशासन व व्यवस्था परिवर्तन से स्किल और स्केल पर कार्य किये गए। जिससे विकास की रफ्तार बढ़ी। सरकार की महिला सशक्तिकरण की नीति और उठाये गये कदमों से मातृशक्ति मजबूत



हुई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से शिक्षा व संरक्षण मिला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीति और नीयत पर विश्वास करते हुए दुनिया के देश भारी मात्रा में निवेश कर रहे हैं और उद्योग लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 साल के कार्यकाल में समाज का हर वर्ग सामाजिक, आर्थिक दृष्टि से मजबूत हुआ। सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के लोगों को मिला और दुनिया में भारत का गौरव भी बढ़ा।

# थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को समर्पित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्री नमर्देश्वर महादेव आश्रम के प्रांगण में आश्रम और मंदिर के संचालक पंडित महेश शर्मा के नेतृत्व में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के निमित्त 493 वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। यह शिविर पंडित महेश शर्मा के नेतृत्व में हुआ जिसके संयोजक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा थे। शिविर में रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक नरेश सैनी मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे। मुख्यातिथि नरेश सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि



थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों को समय समय पर रक्त की आवश्यकता होती है जो ऐसे शिविरों से प्राप्त होता है। उन्होंने रक्तदान को सबसे मूल्यवान दान कहा। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा ने शिविर के संचालन में सहयोग किया। श्री नमर्देश्वर महादेव आश्रम और मंदिर के संचालक पंडित महेश शर्मा ने स्वयं भी सबसे प्रथम रक्तदान कर शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि आज के शिविर की सबसे बड़ी बात यह रही कि शिविर में पिता पुत्र जिसमे संजीव कुमार मित्तल एवं देव मित्तल और कँवर भान एवं अभिषेक ने एक साथ रक्तदान किया। दूसरी और संतोष ढुल ने अपने पति कृष्ण सिंह संग 31 वीं बार रक्तदान किया। शिविर में लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के रक्तकोष प्रभारी डॉ. रमा ने अपने दल सहित रक्त का संग्रहण किया।

**शिविर**

**8 थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों को समय समय पर रक्त की आवश्यकता होती है जो ऐसे शिविरों से प्राप्त होता है**

शिविर में महेश शर्मा, विशाल, संजीव कुमार मित्तल पिता और देव मित्तल पुत्र, राज कुमार, संतोष देवी ढुल पत्नी एवं कृष्ण सिंह ढुल पति, अमित कुमार, परवीन कुमार, अभिषेक, बलविंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, विजय खेड़ा, गुलाब सिंह, पिता कँवर भान एवं पुत्र अभिषेक, राकेश पाहुजा, प्रदीप कुमार, कृष्ण सिंह, प्रेम चंद आदि ने रक्तदान किया।

# 'महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना करके क्रांति ला दी थी'

## गुरुकुलों के माध्यम से बच्चों में वैदिक संस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका है : राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुख्यमंत्री के** पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने सामाजिक परिवर्तन एवं समाज सुधार में वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हुए गोधन की रक्षा एवं गोहत्या के विरुद्ध आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनके अनुसार चरित्र निर्माण शिक्षा का लक्ष्य होना चाहिए।

राजीव जैन शनिवार को गांव जुआँ के वैदिक ज्ञान योग महाविद्यालय (गुरुकुलम) के प्रांगण में आयोजित पन्द्रहवां वार्षिकोत्तस्व एवं सत्संग समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने महर्षि दयानन्द की 200 वी जन्म जयंती समारोह की बधाई देते हुए कहा कि महर्षि दयानन्द ने आर्य समाज की स्थापना करके शिक्षा एवं धर्म के क्षेत्र में क्रांति ला दी। उन्होंने हिन्दू धर्म में आ गई जड़ता, अन्धविश्वास, आडंबर, पाखंड और अशिक्षा को दूर करने के लिए जबरदस्त आंदोलन खड़ा किया।

**विचार**

**8 गुरुकुलम के प्रांगण में आयोजित पन्द्रहवां वार्षिकोत्तस्व एवं सत्संग समारोह में अपने विचार व्यक्त किया**

उन्होंने कहा है कि गुरुकुलों के माध्यम से बच्चों में वैदिक संस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए आज की युवा पीढ़ी को मोबाइल से हटाकर स्वामी दयानन्द की शिक्षाओं का ज्ञान देना आवश्यक है ताकि वह अपने मार्ग से ना भटके। इस अवसर पर पंडित अजय शर्मा ने भजनों के माध्यम एवं स्वामी दयानन्द के जीवन पर प्रकाश डाला तथा आचार्य धनंजय ने उनकी शिक्षाओं की विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में आचार्य वेदनिष्ठ, ठेकेदार सतबीर छिकारा, कुलबीर सिंह छिकारा, जितेंद्र सिंह आर्य, मास्टर सुरजीत सिंह, नरेंद्र सिंह बुरा, सुरेश अंतिल, सायप्रकाश मालिक, डॉक्टर महिपाल आर्य, संजय सरपंच, संजीव आर्य, संदीप आर्य और ग्राम निवासी उपस्थित रहे।

# 'विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने का प्रयास करें'

**कार्यक्रम**

**8 आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के सभागार में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया**



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के सभागार में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पर्यावरण और पृथ्वी संरक्षण के लिए, समय की मांग अनुसार शिक्षा में संशोधित पाठ्यक्रम को बच्चों के लिए रोचक बनाने के विषय में जानकारी दी गई यह प्रशिक्षण एड्यु-ड्रा पंचकूला द्वारा आयोजित किया गया ' कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की और संस्था की मुख्य प्रशिक्षक प्रगति आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहीं ' प्राचार्या सत्यवान आर्य, आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य और जगदीश आर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया ' इससे पूर्व विद्यालय प्रबंधन समिति और अध्यापकों की ओर से मुख्य प्रशिक्षक प्रगति आर्य का भव्य स्वागत किया गया 'मुख्य प्रशिक्षक प्रगति आर्य ने कहा कि भारत में ही सबसे पहले सभ्यता और संस्कृति का विकास हुआ है भारतीय संस्कृति में प्रकृति जल देवता वरुण को अत्यधिक सम्मान देते हुए सभी महत्वपूर्व अवसरों पर इनकी उपासना की जाती है लेकिन विलासिता पूर्ण जीवनशैली के बढ़ते प्रभाव के कारण आज का मानव पृथ्वी, प्रकृति, पर्यावरण, वायु और जल संरक्षण पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है इसलिए इन सभी विषयों को विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा को रोचक बनाने के लिए, पर्यावरण और पृथ्वी के संरक्षण को संशोधित पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है इसी विषय में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालयों में आने वाले बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का प्रयास करें।

**न्यूज फ्लैश**

## टोयोटा त्सुशो और सेकॉम भारत में दूसरा मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करेंगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** बड़े समुदायों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के अपने निरंतर प्रयास में, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने शनिवार को बेंगलुरु में एक नई अत्याधुनिक सुविधा के लिए अपनी दूरदर्शी योजना की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण अवसर अग्रणी एमएनसी अस्पताल समूह की 10वीं वर्षगांठ समारोह का था। सकरा भारत का पहला 100% एफडीआई मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है जो स्वास्थ्य सेवा प्रमुख सेकॉम मेडिकल सिस्टम और व्यापारिक समूह टोयोटा त्सुशो के बीच सहयोग के माध्यम से जापानी नवाचार और प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है।



यह कार्यक्रम, श्री तात्सुरो फ़्यूज, कार्यकारी निदेशक, सेकॉम कंपनी लिमिटेड और अध्यक्ष, सेकॉम मेडिकल सिस्टम कंपनी लिमिटेड जापान, श्री हिरोशी योनेनागा, डिवीजन सीईओ वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी, टोयोटा त्सुशो कॉपोर्रेशन जापान की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु के प्रबंध निदेशक श्री युइची नागानो, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु के उप प्रबंध निदेशक श्री नाओया मात्सुमी, और सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु के समूह मुख्य परिचालन अधिकारी श्री लवकेश फासु, सकरा की विस्तार योजनाओं और अन्य अभूतपूर्व पहलों के गवाह बने। एकीकृत तृतीयक देखभाल में सबसे आगे, नई इकाई उन्नत ऑन्कोलॉजी उपचार और अत्याधुनिक पुनर्वास कार्यक्रमों सहित विशिष्टताओं और सुपर विशिष्टताओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगी। नई परियोजना की घोषणा करते हुए श्री तात्सुरो फ़्यूज ने कहा, "हमें बेंगलुरु में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान करने के लिए सेकॉम मेडिकल सिस्टम और टोयोटा त्सुशो की विशेषज्ञता को संयोजित करने पर गर्व है। नई सुविधा स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय समुदायों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का विस्तार है।" 1,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनासवाड़ी बेंगलुरु उत्तर में रणनीतिक रूप से स्थित, सकरा की नई सुविधा, उल्लेखनीय 500 बिस्तरों की क्षमता और 600,000 वर्ग फुट (55,740 वर्ग मीटर) में फैले विशाल निर्मित क्षेत्र का दावा करेगी। यह विस्तार स्थानीय समुदाय और उससे परे अद्वितीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की सकरा की प्रतिबद्धता को दर्शार्ता है। इसके अलावा नवीनतम स्वास्थ्य देखभाल परियोजना भारतीय तटों पर चिकित्सा प्रगति और तकनीकी नवाचारों का एक अद्वितीय तालमेल लाती है।

## मोर्टिन ने प्रीति जिंटा के साथ लॉन्च किया 'अब रहो बेफिकर' कैम्पेन

**नोएडा।** पेस्ट कंट्रोल के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक, मोर्टिन ने अपने मोर्टिन लिक्विड वेपोराइजर के लिए मशहूर अभिनेत्री प्रीति जी जिंटा के साथ एक नया कैम्पेन शुरू किया है। यह कैम्पेन एक महिला के लिए उसके मातृत्व के सफर और मां के रूप में अपने बच्चे को सुरक्षित रखने की उसकी ज़िम्मेदारी को प्रदर्शित करेगा। मोर्टिन की मॉस्किटो फाइट टेक्नोलॉजी की मदद से मच्छर से पैदा होने वाली बीमारियों के खतरे से उनका बच्चा सुरक्षित रहेगा, इसी जानकारी के साथ 'अब रहो बेफिकर' कैम्पेन नई माताओं को निडर होकर जीने के लिए प्रोत्साहित करता है। सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया – हाइजीन, रेकिट, ने कहा, "मोर्टिन में, हम अपने प्रियजनों को मच्छर से पैदा होने वाली बीमारियों के खतरों से निपटने के लिए परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति गहरी सहानुभूति रखते हैं। जैसे ही हम अपने नए कैम्पेन की शुरुआत करते हैं, हमें बेहद गर्व का अनुभव होता है। हम इस कैम्पेन में मच्छरों के खिलाफ इस लड़ाई में माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डालते हैं। मोर्टिन की मॉस्किटो फाइट तकनीक* के साथ, हम युवा माताओं को बेहतर सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं, ताकि वे मच्छरों से पैदा होने वाली बीमारियों का निडरता से सामना कर सकें। मोर्टिन के साथ अपनी साझेदारी पर बोलते हुए, अभिनेता और कैम्पेन एम्बेसेडर प्रीति जी जिंटा ने कहा, "एक माँ के रूप में, मुझे पता है कि अपने बच्चों को उन छोटे लेकिन भयानक मच्छरों जैसे हर खतरे से बचाना मेरी जिम्मेदारी है। मोर्टिन की मॉस्किटो फाइट टेक्नोलॉजी* सिर्फ कीड़ों को भगाती नहीं है, बल्कि यह माताओं को निडर होकर एक अभिभावक की जिम्मेदारी निभाने के लिए भी प्रेरित करती है। तो, आइए अपने जीवन में 'अब रहो बेफिकर' की भावना को अपनाएं और चिंताओं से मुक्त हो जाएं। हमें पता है कि हमारा प्यार और मोर्टिन की सुरक्षा हमारे घर को पूरी सुरक्षा प्रदान करती है।"



# 'विकसित भारत-मोदी की गारंटी रथ' को विधायक आवास से पार्टी नेताओं ने किया झंडी दिखाकर रवाना

## गन्नौर लोकसभा संयोजक कप्तान नांदल ने पार्टी हितैषी जयकारे लगाए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गन्नौर** विधानसभा में विकसित भारत-मोदी की गारंटी रथ को शनिवार को विधायक निर्मल चौधरी के आवास परिसर में बने लोकसभा चुनाव में गन्नौर कार्यालय से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश आत्रेय, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, जिला महासचिव निशांत छोक्कर, नवीन मंगला, गन्नौर लोकसभा संयोजक कप्तान नांदल आदि ने झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के काम, उनके नाम और नेतृत्व के साथ ही इस बार भगवान श्रीराम का आशीर्वाद भी हमारे साथ है। हमें सोनीपत की लोकसभा सीट के साथ प्रदेश की 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है और अति आत्मविश्वास से बचना है। भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि "विकसित भारत-मोदी की गारंटी" रथ के साथ हमें बूथ संरचना को और सुदृढ़ करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद व संबंध को और अधिक प्रगाढ़ करना है। लोकसभा चुनाव में गन्नौर प्रभारी कप्तान नांदल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी का मतलब कमल का फूल, यही मानकर मेहनत करने के साथ आगे बढ़ना है। वीडियो वैन के रूप में तैयार रथ प्रधानमंत्री मोदी सरकार के जनकल्याण और विकास कार्यो को गन्नौर विधानसभा के प्रत्येक गांव तक पहुंचाएंगे। इसके साथ ही सुझावों और समर्थन के लिए अभियान, रथ के माध्यम से जनता से संवाद किया जाएगा। साथ ही, विकसित भारत-मोदी की गारंटी सुझाव पेटिका में जनता के सुझावों को एकत्र किया जाएगा। इस मौके पर नरेन्द्र जागड़ा, सन्नी, अनिल गोस्वामी, अमन, विकास शर्मा, धर्मबीर, श्रवण कौशिक आदि मौजूद थे।

# गाड़ी चालक से दर्जन युवकों ने की मारपीट

**टीम एक्शन इंडिा**

**गन्नौर:**जी टी रोड पर फलाई ओवर के पास के गाड़ी की टक्कर लगने के मामले में दूसरी गाड़ी चालक पर मारपीट कर धमकी देने के आरोप में गाड़ी चालक ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में सलीमसर माजरा गांव के गजेन्द्र ने बताया कि 14 मार्च को अपनी गाड़ी को गांव सिवाह पानीपत से लेकर चला था। शाम 5 बजे गन्नौर जी टी रोड पर फ़्लाई ओवर के पास पहुंचा तो तीन गाड़ी ने पीछे से व तीन ने गलत साईड से आकर टक्कर मार दी। जिससे मेरी गाड़ी के अगले दोनों टायर फट गए और डिवाइडर से जा टकराई। उसी दौरान नाहरी गांव का कुलदीप व उसके दर्जन साथी गाड़ी से उतरकर आए और किसी के हाथ चाकु व किसी के हाथ मे बिण्डे व लाठी थी। उन्होंने मेरे उपर हमला कर दिया और मुझे जान से मारने की नियत से मेरी गाड़ी पर हमला कर दिया और मेरी गाड़ी के शिशे तोड़ दिए और फिर दाएं कंधे पर काफी बिट्टे लगे। शिकायत में आरोप है कि मेरी गाड़ी के डेश बोर्ड में 5500 रुपएं व मेरा मोबाइल रखा था। सभी आरोपित पैसे मोबाइल लेकर जाते समय जान से मारने की धमकी दे गए। गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में गाड़ी चालक ने कार्रवाई की मांग की है।

# जलालपुर से अतौलापुर तक 84 लाख से बनेगी सडक : संजय छौक्कर

**कमाल हुसैन**

**पानीपत::** भाजपा नेता संजय छौक्कर ने बताया कि गांव जलालपुर से गांव अतौलापुर तक बनने वाली सडक का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। जिस पर करीब 84 लाख रुपए का खर्च आयेगा। संजय छौक्कर आज गांव जलालपुर में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि समालखा में आयोजित रैली में उन्होंने प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सामने 51 सूत्रीय मांग पत्र रखा था। जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी का मानते हुए काम कराने का विश्वास दिलाया था। वहीं अब समालखा विधानसभा क्षेत्र की सभी 51 मांगों पर काम शुरू हो चुका। जलालपुर से अतौलापुर की यह करीब एक किलोमीटर सडक का निर्माण भी उसी का हिस्सा है। जिसके बन जाने से दोनों गांवों के ग्रामीणों के अलावा अन्य गांवों के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। वहीं गांव जलालपुर में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भाजपा नेता संजय छौक्कर का ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संजय छौक्कर ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में विकास कार्यों में कभी कोई भेदभाव नहीं किया। जिसने जहां भी जिस विकास कार्य की मांग की वहीं पर कार्य कराए।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना सनौली का किया दौरा

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने शनिवार को थाना सनौली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थाना के रिकार्ड के रजिस्टर व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरिक, मैस व मालखाना का जायजा लिया। खामियों को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निरिक्षण उपरांत क्राइम कंट्रोल के संबंध में पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व अनुसंधानकताओं की थाना में क्राइम मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में उप पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्र सिंह, थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप, एसपी रिडर सुभाष, डीएसपी रिडर राजीव व थाना में तैनात अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहे।



**दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें:** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मीटिंग में सर्वप्रथम थाना के प्रत्येक कर्मचारी की ड्यूटी बारे जानकारी लेकर कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर थाना प्रबंधक व अनुसंधानकताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें। दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें। पीओ, बेल जम्पर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। मादक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे आरोपियों के अतिरिक्त पीओ, बेल जम्पर अपराधियों की संम्पत्ति जब्त करने की प्रक्रिया को अमल में लाए। महिला विरूध अपराध, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ सचेत होकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाही अमल में लाए। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास करें।

# सुसराल में ससुर ने दामाद को मारपीट कर किया घायल

**गन्नौर।** सुसराल में पत्नी से मिलने गए युवक के साथ सुसर ने मारपीट कर दामाद को गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक ने गन्नौर थाना पुलिस में ससुर के खिलाफ मामला दर्जकर कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में शहर के नमस्ते चौक निवासी दीपक ने बताया कि मेरी पत्नी प्रियंका की आपसी मतभेद चल रहा है। मेरी पत्नी अपनी मां के घर पर कोट मोहल्ला मे रहती है। 14 मार्च को अपनी पत्नी के पास उनके घर पर मिलने के लिए गया था। आरोप है कि मेरे ससुर रणबीर ने मेरे साथ बिना वजह झगड़ा किया और मुझे काफी चोटे मारी।

# जो जजमेंट है, जरूरी नहीं वह न्याय हो: जस्टिस संजय करोल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: डॉ** बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत के प्रो बोनो क्लब द्वारा निःशुल्क कानूनी सेवाओं और क्षमता निर्माण विषय पर कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया. जिसमें मुख्य अतिथि भारत का सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस संजय करोल एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन, एनएलयू प्रयागराज की कुलपति प्रो उषा टंडन तथा भारत का सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप बोस, रिलायंस कॉरपोरेट अफेयर्स के उपाध्यक्ष एस के घोष, कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा, डीन प्रो आशुतोष, प्रो बोनो क्लब नोडल अधिकारी डॉ संजय कुमार मंचासीन रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्होंने स्वागत वक्तव्य में विश्वविद्यालय की अब तक विकास यात्रा पर प्रकाश डाला.



उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया. न्यायाधीश जस्टिस संजय करोल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम एक संवैधानिक व्यवस्था में है. न्याय और जजमेंट में भारी अंतर होता है. जो जजमेंट है, जरूरी नहीं वह न्याय हो. उन्होंने कहा कि वे फाइलों से नहीं, मानव जीवन के साथ डील करते हैं. न्याय वही है, जो सामाजिक हो. उन्होंने कहा न्याय के लिए अधिवक्ताओं की भी उतनी ही अधिक जिम्मेवारी है, जितनी एक न्यायाधीश की होती है. जस्टिस करोल छात्र छात्राओं को सीखने की ललक को खत्म न होने दें सीख दी. उन्होंने कहा कि जहां सीखने की ललक खत्म हो जाती है, वहां तरक्की रुक जाती है. उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में न्यायपालिका को लोकतंत्र का तीसरा स्तंभ माना गया है. यह तीसरा स्तंभ तभी मजबूत रहेगा, जब न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं के बीच आपसी तालमेल और संबंध बेहतर हों. उन्होंने कहा हिंदुस्तान का सम्मान, संविधान का सम्मान करना सबका धर्म है।

# 1 करोड़ 90 लाख की लागत से शहरी विधानसभा के विभिन्न वार्डों में होंगे विकास कार्य

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पानीपत शहरी विधानसभा के वार्डों में लगभग 1 करोड़ 90 लाख की लागत से 7 विकास कार्य कराए जाएंगे। लंबे समय से विधायक प्रमोद विज वार्ड के कार्यो को कराने हेतु प्रयासरत थे। विधायक ने कार्यो का वर्क ऑर्डर जारी करा दिया है। शीघ्र ही विकास कार्यो का निर्माण कार्य चालू किया जाएगा। इन विकास कार्यों में वार्ड 10 में 15 लाख 84 हजार की लागत से अवध धाम सेवा समिति में भवन का निर्माण, वार्ड 3 में 16 लाख 13 हजार से ओल्ड तहसील में 80 एमएम आईपीबी पाइप लाइन, वार्ड 3 में 9 लाख 42 हजार की लागत से 80 एमएम आईपीबी पाइप, वार्ड 11 में 18 लाख 36 हजार की लागत से रविदास धर्मशाला का निर्माण, वार्ड 19 में 4 लाख 76 हजार की लागत से होटल मिड टाउन के समीप इंट्री गेट का निर्माण, वार्ड 15 में 38 लाख 50 हजार की लागत से आरसीसी स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण, वार्ड 7 में 5 लाख 98 हजार की लागत से 80 एमएम आईएसआई पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

**विकासात्मक**

**8 विधायक ने कार्यो का वर्क ऑर्डर जारी करा दिया है। शीघ्र ही विकास कार्यो का निर्माण कार्य चालू किया**

# 'पोस्टर, होर्डिंग, बैनर इत्यादि लगाने के लिए स्थान अधिसूचित'

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** जिलाधीश वीरेंद्र कुमार दहिया ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए जनसभा करने पोस्टर, बैनर, होर्डिंग लगाने के लिए स्थान अधिसूचित किए हैं। कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार वर्णित स्थान के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर जनसभा नहीं कर सकेंगे और ना ही कोई पोस्टर, बैनर होर्डिंग लगाएंगे।

आदेशानुसार पानीपत ग्रामीण में जनसभा के लिए काबडी गांव के मध्य पंचायत घर के पास प्रसिद्ध चौक, बबैल गांव के मध्य चौक पर शिव स्टेडियम में, बराना गांव के बीच सामान्य चौपाल, आसन कला कुमहार चौपाल, जाटल गांव नीम वाली चौपाल और हरिजन चौपाल, दशहरा ग्राउंड सेक्टर 25 पार्ट 2 नूर वाला गांव का चौक और चौपाल अशोक विहार कॉलोनी, बाबरपुर मंडी प्राइमरी स्कूल के सामने,अनाज मंडी कचरोली, बीचपड़ी हरी नगर चौपाल चौक में, बधावा राम चौक सौंधापुर गांव की सामान्य चौपाल अधिसूचित किए गए हैं। इसी तरह पोस्टर, बैनर, होर्डिंग लगाने के लिए सेक्टर 25 जिम खाना क्लब के सामने, नूरवाला गांव बेरी वाली मस्जिद के पास, बाबरपुर मंडी नई अनाज मंडी, सिवाह गांव का द्वार, नांगल खेड़ी वाल्मीकि चौपाल बिचपड़ी पंचायत घर, काबड़ी वाल्मीकि चौपाल, बबैल स्टेडियम, बराना पंचायत घर, आसन कलां की बीसी चौपाल, जाटल बीच वाली चौपाल, सोदापुर सामान्य चौपाल के सामने,मित्तल मेगा मॉल के पूर्व की तरफ, मेहराना में बस स्टैंड के पास और राजकीय माध्यमिक विद्यालय के पास, ब्राह्मण माजरा माड़ू चौपाल के पास में मंदिर वाली गली के पास, बुडश्याम पंचायत भवन के पास खाली मैदान में, स्टेडियम के पास खाली मैदान, हड़ताडी पंचायत भवन के पास खाली मैदान व खेल का मैदान जगह अधिसूचित की गई है इसी तरह पानीपत शहरी विधानसभा में सर्कस ग्राउंड जीटी रोड पानीपत आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत का क्रिकेट ग्राउंड, शिवाजी स्टेडियम मॉडल टाउन और किला ग्राउंड पानीपत जनसभा के लिए अधिसूचित किए गए हैं वहीं पुरानी सब्जी मंडी सलोनी रोड, नई अनाज मंडी जीटी रोड, किला ग्राउंड, सर्कस ग्राउंड, शिवाजी स्टेडियम, ट्रक यूनियन थाना चांदनी बाग, फतेहपुरी चौक तहसील कैंप, बत्रा कॉलोनी चौक, कच्चा कैंप, खेड़ा चौक किशनपुरा आजाद नगर नजदीक रेलवे क्रॉसिंग, 8 मरला चौक, नजदीक नारायणदत्त अस्पताल और धानक बस्ती जाटल रोड को पोस्टर बैनर होर्डिंग इत्यादि लगाने के लिए अधिसूचित किया गया है। इसराना विधानसभा में जनसभा के लिए इसराना बस स्टैंड, नौल्था में तालाब वाले चबूतरे पर अहर गांव में चौक पर, छिछड़ाना रामलीला ग्राउंड, पाथरी शीतला माता मंदिर के बाहर ग्राउंड, परढाना स्टेडियम, मांडी राजीव गांधी पार्क बैंक के सामने, कुराना जिम हाल/स्टेडियम, बलाना गांव की मंडी, भालसी गांव सामान्य और एससी चौपाल, सोंधापुर कश्यप चौपाल सैनी चौपाल रैर कलां पंचायत घर, धर्मगढ़ वृद्ध आश्रम, आसन खुर्द बीसी चौपाल, नोहरा एससी चौपाल और सामान्य चौपाल, शेरा में रोड चौपाल और सामान्य चौपाल, उरलाना कला वाल्मीकि चौपाल और एस सी चौपाल, उरलाना खुर्द वाल्मीकि चौपाल अंबेडकर भवन, खूखराना सामान्य चौपाल, जोशी सामान्य चौपाल, उंटला बस अड्डा, मोहिदीनपुर थी बस अड्डा।

**आदेश**

**8 कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार वर्णित स्थान के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर जनसभा नहीं कर सकेंगे**

# सीएम फ्लाइंग ने फूड सेफ्टी विभाग के साथ 4 डेयरी पर छापा मारकर 5 सैम्पल लिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।**

शहर में शनिवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने पुराना मार्किट कमेटी रोड पर स्थित डेयरी की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने घी व क्रीम के चार डेयरी से सैम्पल लेकर सील किया। टीम का कहना था कि सैम्पल रिपोर्ट आने के बाद डेयरी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। टीम में सीएम फ्लाइंग के साथ फूड सेफ्टी अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र, सी एम फ्लाइंग टीम के इंस्पेक्टर सुनील व श्रवकुमार के अलावा गुप्तचर विभाग के राजेश, प्रकाश राठी, सतेन्द्र, ज्योति कार्रवाई में शामिल थी। सीएम फ्लाइंग टीम का कहना है टीम द्वारा आगे भी अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि सीएम फ्लाइंग टीम को गुप्त सूचना मिली कि मिलावटी घी व करीम बेची जा रही है। जिसके बाद टीम के साथ मिलकर में दूध की डेयरी की दुकानों पर छापेमारी की। टीम ने इस दौरान डेयरी के लाइसेंस भी चेक किया । शहर के लोगों ने सीएम फ्लाइंग द्वारा लिए गए सैंपलों के कार्य की सराहना की। टीम द्वारा लिए गए सैंपल लेकर लैब में भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगा।

**पोलिथिन में घी डालकर बेचने पर डेयरी होगी सील : डा वीरेन्द्र**

छापेमारी के दौरान फूड सेफ्टी विभाग से चिकित्सक डा. वीरेन्द्र ने चेताया कि जिस तरह से पोलिथिन में डालकर घी बेचा जा रहा है। अगर आगे भी इस तरह से पोलिथिन में घी डालकर बेचा तो डेयरी सील कर दी जाएगी। उन्होंने चेताया कि डेयरी संचालकों के खिलाफ आगे भी सैम्पल लेने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से भी कहा कि अगर कही नकली घी व क्रीम की शिकायत मिलती है तो वे विभाग को अवगत करवाएं। सीएम फ्लाईंग व फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने जगदम्बा डेयरी घी व क्रीम के दो सैम्पल, गोस्वामी डेयरी से घी का एक सैम्पल, विशाल डेयरी से एक घी का सैंपल, बजरंग डेयरी से एक घी का सैंपल लेकर सील बंद किया।

# नरेला: मतदाता पहचान पत्र कैंप का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में सबोली रोड, संजय कॉलोनी स्थित आर के फॉर्म में शनिवार को किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रितेश खत्री व भाजयुमो प्रचार मंत्री विजय भगत अंकु ने मतदाता पहचान पत्र शिविर का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ों महिला और पुरुष शिविर में पहुंचे और पहचान पत्र के लिए फॉर्म भरा। मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए आयोजित शिविर में पहली बार वोट डालने के लिए योग्य होने वाले युवाओं के फार्म भरवाए गए। साथ ही ऐसे लोगों ने भी अपने फार्म भरे जिनके नाम मतदाता सूची में थे, लेकिन उनके पहचान पत्र नहीं बने थे। वहीं ऐसे लोगों ने भी शिविर में संपर्क किया जिनके पहचान पत्र तो बने हैं, जबकि वोटर लिस्ट में उनके नाम नहीं थे। इस दौरान ज्यादातर महिला पुरुष आने वाले चुनाव में वोट करने के लिए अपने पहचान पत्र बनवाने के लिए आतुर दिखे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों को फायदा मिलता है और उन्हें सरकारी कार्यालय के धक्के नहीं खाने पड़ते और घर के पास ही सुविधा मिल जाती है। इस तरह के आयोजन समय-समय पर होने चाहिए। आयोजन से जुड़े विजय भगत अंकु ने बताया कि मतदाता कैंप को आयोजित करने का उद्देश्य लोगों को घर के पास ही सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में मौजूद कार्यकर्ताओं ने यहां आने वाले महिला पुरुषों की फॉर्म भरने में मदद की। शिविर में पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, भाजयुमो जिला अध्यक्ष उत्तर पश्चिम पंकज यादव, पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, नरेला मंडल अध्यक्ष प्रताप दहिया, नवल किशोर, रामबाबू, सोनू, पुतुल श्रीवास्तव, सुनैना जैन, खुशी ठाकुर, अंजलि पांचाल मौजूद रहे।

## जहांगीरपुरी में श्रीमद् भागवत का हो रहा है भव्य आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी इलाके के आई ब्लॉक के पार्क में भव्य रूप में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के आयोजक व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष टीटू राम ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा का आयोजन 19 मार्च तक किया जायेगा। इस दौरान कथा में राजेन्द्र नगर विधानसभा प्रभारी भाजपा व सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब, भाजपा नेत्री सरिका गुप्ता, पवन गोयल, नवीन वर्मा, गुलशन, रोहित, रामप्रवेश मिश्रा, आशीष, राजेंद्र सिंह बिष्ट, बलविंदर सिंह, हिमांशु भारद्वाज, मुकेश साहू, शिवम साहू, राम निवास शर्मा, वीरेंद्र पहलवान, जगदीश यादव, गुलशन कुमार, रोहित कुमार, रश्मि गुलशन कुमार, मधु रोहित कुमार, मुकेश गर्ग, रवि शर्मा, वेद प्रकाश उर्फ काले, श्याम सुंदर, प्रमोद सिंह, ओम प्रकाश साहू एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कथा व्यास परम श्रद्धेय प्रमोद कृष्ण शास्त्री ने भक्तों से कहा कि सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए और हमेशा ही गरीब व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए। उन्होंने भक्तों से कहा कि कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारे और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करें।
इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी राजेन्द्र नगर विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र खर्ब ने बताया कि मैं कथा के आयोजको का धन्यवाद करता हूं और प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में खुशियां लाये।
इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## दिल्ली की सातों सीटों पर लहरायेगा भाजपा का परचम: यादव

### भाजपा के मजबूत सिपाही है योगेन्द्र चंदोलिया, जनता के बीच इनकी है मजबूत पकड़: सुनील यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अहीर रेजीमेंट व भाजपा नेता सुनील यादव भलस्वा ने बताया कि भाजपा ने दिल्ली में सातों उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और सभी उम्मीदवार काफी मजबूत और जनता के बीच में पकड़ रखने वाले उतारे है।
जिसको देखते हुए साफ है कि दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा और देश में भी भारतीय जनता पार्टी का परचम फिर से लहरायेगा।
भाजपा नेता सुनील यादव ने कहा कि उत्तर-पश्चिम सीट से भाजपा ने योगेन्द्र चंदोलिया को मैदान में उतारा है। योगेन्द्र चंदोलिया



भाजपा के एक मजबूत सिपाही है और जनता से बीच में रहने वाले और जनहित के कार्यों को करने वाले व्यक्ति है। यही कारण है कि इनकी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद से ही उनके समर्थको व

**यादव ने कहा...**

**8 भाजपा के प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया भारी मतों से विजयी होगें। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।**

भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष और उल्लास है।
भाजपा नेता सुनील यादव भलस्वा ने कहा कि योगेन्द्र चंदोलिया को भाजपा उम्मीदवार बनाये जाने पर मैं उनको बधाई देता हूं और साथ ही भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व का विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना होगा और भाजपा की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचना होगा, ताकि जनता भाजपा के कार्यों को बेहतर तरीके से जान सके।
सुनील यादव भलस्वा ने आगे बताया कि आज भाजपा राज में देश में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है, जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के नेता व समाजसेवी सुनील यादव भलस्वा ने कहा कि योगेन्द्र चंदोलिया भारी मतों से विजयी होगें और मैं उन्हें विशेष रूप से बधाई देता हूं।

## केशवपुरम: खादी एवं ग्रामोद्योग विकास योजना कार्यक्रम का किया आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के जिला केशव पुरम में खादी एवम ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला केशव पुरम स्थित वीआईपी पार्क में किया गया जिसके संयोजक जिला केशव पुरम उपाध्यक्ष महेश अवाना रहे।
**उद्योग संबंधित बांटी गई टूलकिट:** इस दौरान खादी एवम ग्राम उद्योग विकास योजना के अंतर्गत बी बॉक्स, (टूल किट) विघुत चालित चाक, स्वचालित अगरबत्ती मशीन का अन्य वस्तुओं का वितरण खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार द्वारा किया गया।
**कई लोग रहें मौजूद:** कार्यक्रम के दौरान केशव पुरम जिला के जिला अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र गोयल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं निगम पार्षद रेखा गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, पूर्व पार्षद व जिला उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयकिशन गोयल, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंचल जैन, रमेश जोनवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहें, इसके साथ ही शालीमार बाग विधानसभा प्रभारी पवन गौड, अविनाश सिंह, नरेंद्र गुप्ता सहित पार्टी के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने कहा कि मोदी सरकार की इस योजना के तहत बेरोजगारों को लघु उद्योग करने मे सहायता मिलेगी, तो वहीं बेरोजगारी भी कम होगी।

## एससी, एसटी, ओबीसी माइनॉरिटी ऑगेनाईजेशंस की हुई चाय पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ज्वाइंट एक्शन कमेटी दिल्ली स्टेट एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी ऑगेनाईजेशंस की दिल्ली में हुई चाय पर चर्चा में समाज के बुद्धिजीवी, पत्रकार, सोशल एक्टिविस्ट, एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने दिल्ली सरकार को कटघरे में खड़ा किया। इस अवसर पर ज्वाइंट एक्शन कमेटी के मुख्य समन्वयक वीरेंद्र कुमार जाटव ने कहा कि दिल्ली सरकार की बेरुखी के कारण दिल्ली के लाखों अनुसूचित जाति वर्ग में भारी रोष दिखाई देता है। दिल्ली की केजरीवाल सरकार पिछले 10



वर्ष से सत्ता में है लेकिन दिल्ली राज्य अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं किया गया है। इसके अलावा भी कई मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उदय गिल अध्यक्ष वाल्मीकि चौपाल, केपी चौधरी सेक्रेटरी जनरल आल इंडिया फेडरेशन आफ एससी एसटी आगेर्नाईजेशन्स, ओपी गौतम एवम मास्टर बृजेंद्र सिंह उपाध्यक्ष समता सैनिक दल, चंद्र निम, मनोज कुमार, उतम कुमार, एम बी गौतम, चौधरी रघुवीर सिंह समाजसेवी, आरएन बालगुहार समाजसेवी ने अपने संबोधन में दिल्ली के मुख्यमंत्री से अपील की है सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान निकाला जाए।

## मोदी के रूप में देश के विकास को मिली नई दिशा: अमन वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जिला बाहरी दिल्ली से ओबीसी मोर्चा के महामंत्री व अधिवक्ता अमन कुमार वर्मा ने कहा कि देश के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें तेजी से लोककल्याण कर रही है व जनहित के लिए संकल्पित है।
**मोदी राज में विकास को मिला नया आयाम:** वहीं अमन वर्मा ने कहा कि सत्ता यदि प्रभु श्रीराम के हाथों में होती तो राजनीति मयार्दा बन जाती और श्रीकृष्ण के हाथों में राजनीति युक्ति हो जाती तो वहीं चाणक्य के हाथों में राजनीति संकल्प बन जाती और गौतम बुद्ध के हाथों में राजनीति करूणा बन जाती।
राजनीति जब देश के गौरव नरेंद्र मोदी के हाथों में आती है तो त्याग और तपस्या बन गई जिनके पीएम बनने के बाद देश में विकास गंगा की भांती बह रहा है।
**अन्तिम छोर पर खडे व्यक्ति की सेवा ही भाजपा का संकल्प:** जिला बाहरी दिल्ली ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने कहा कि मोदी के पीएम बनने से देश का सम्मान बढ़ा है।
भारत की विश्व में जय जयकार हो रही है।
वहीं उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति कांग्रेस के हाथों में जाकर भ्रष्टाचार बन गई थी और वहीं प्रदेश में सपा-बसपा की सरकार बनने से भ्रष्टाचार जातिवाद तथा गुण्डागर्दी अपने चरम सीमा में थी, लेकिन योगी आदित्यनाथ के सीएम बनने से



गुंडागर्दी में निरंकुश लगा है।
वहीं अमन वर्मा ने कहा कि समाज के अन्तिम छोर पर खड़े. व्यक्ति की सेवा ही राजनैतिक ध्येय है और यही संकल्प लेकर मोदी सरकार गरीब को मकान, शौचालय, निःशुल्क गैस पहुंचाकर उनके सामाजिक व आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रही है।
समाजसेवी अमन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा सरकार के शासन काल में भारत देश ने आज विश्व भर में अपना लौहा मनवाया है, और दुनियाभर के तमाम देशों की निगाहें भारत की ओर मित्रता करने के लिए एक नज़र लगाए बैठे है।
समाजसेवी देवेंद्र वर्मा ने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि मैं भी भारतीय जनता पार्टी का हिस्सा हूं और इससे भी ज्यादा इस बात का गर्व है कि मैनें भारत की इस पावन धरा पर जन्म लिया है।
उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने दुनिया भर में भारत का मान सम्मान बढ़ाया है।

## निगम पार्षद अजीत यादव ने कई विकास कार्यों का किया उद्घाटन

### क्षेत्र के विकास पर दे रहा हूं विशेष रूप से ध्यान: अजीत यादव









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इस दौरान स्थानीय निवासियों ने निगम पार्षद अजीत यादव का भव्य रूप में स्वागत किया और इस कार्य के लिए पार्षद का धन्यवाद भी किया।
निगम पार्षद अजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव और मेरे प्रयासों एवं आपके आशीर्वाद से वार्ड-17 भलस्वा में कई विकास कार्य का उद्घाटन किया गया।
पार्षद अजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव की नाई वाली गली, हुकुम प्रजापति वाली गली, देवेन्द्र यादव हार्डवेयर वाली गली, लालचंद वाली गली, सुल्तान के घर से लेकर प्रधान की कोठी तक, मिंटू के घर से लेकर नारायण के घर तक वाली गली, भलस्वा गांव मोहन शर्मा वाली गली की पुलिया का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा जहांगीरपुरी के ब्लॉक मकान नंबर 550 से लेकर बारात घर वाला रोड़ तक, के ब्लॉक 600 वाली गली, के ब्लॉक 1800 वाले पार्क, के ब्लॉक 1200 वाली पुलिया का और के ब्लॉक 1300 वाली पुलिया का और के ब्लॉक गुरुद्वारा के सामने वाले पार्क में हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया गया।
निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।
उन्होंने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उनको सुन उनकी समस्या का उचित समाधान कर रहा हूं ताकि जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके।

# मंगल कमल में हवन यज्ञ के बाद शुरू हुआ कार्यकर्ताओं का आवागमन

**आहूतियां**

8 पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर की अगुवाई में वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने डाली हवन में आहूतियां



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भाजपा के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर की अगुवाई में शनिवार को कार्यकर्ताओं ने सनसिटी सेक्टर-36ए, रोहतक में स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय ह्यह्यमंगल कमल में विधि विधान से हवन-यज्ञ किया। हवन के बाद कार्यालय में कार्यकर्ताओं का आवागमन शुरू हो गया। इस दौरान सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने देश प्रदेश की उन्नति और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की भगवान से प्रार्थना की।

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने हवन के बाद कार्यकर्ताओं से डा. मंगल सेन की कर्तव्य निष्ठा और पार्टी के प्रति उनके समर्पण भाव के बारे में बताया। श्री ग्रोवर ने कर्म योद्धा, प्रखर राष्ट्रभक्त और महान समाज सुधारक डा. मंगल सेन के नाम पर प्रदेश कार्यालय का नामकरण करने पर शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यालय का नाम मंगल कमल रखना डा. सेन को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश कार्यलय सचिव गुलशन भाटिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख शमशेर सिंह खरक आदि उपस्थित रहे।

मनीष ग्रोवर ने कहा कि पहले पार्टी का कार्यालय हुडा काम्पलैक्स में 1998 में खुला था। पार्टी का मौजूदा कार्यालय अभी तक किराये पर था। उन्होंने कहा कि ह्यह्यमंगल कमल प्रदेश कार्यालय भव्य और चार मंजिला बनाया गया है और सभी सुविधाओं से युक्त है। अब कार्यकर्ताओं को अपना कार्यालय मिल गया है। मनीष ग्रोवर ने बताया कि डा. मंगल सेन हरियाणा के हितों के रक्षक और राष्ट्र के प्रति समर्पित नेता थे।

मंगल सेन हरियाणा से भारतीय जनता पार्टी के नेता और 1977 से 1979 तक हरियाणा के उपमुख्यमंत्री रहे। 9 बार चुनाव लड़ा और वे सात बार रोहतक से हरियाणा विधान सभा के लिए चुने गए। जनसंघ के बाद के हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। राष्ट्रीय विचारधारा के प्रचार-प्रसार और अखंड भारत की स्थापना के लिए डा. मंगलसेन काम करते रहे।

## गऊ करण पार्क रोहतक में होली के पावन त्योहार पर होली मिलन समारोह का आयोजन

**होली मिलन**

8 समारोह का आयोजन हरियाणा कला परिषद व हरियाणा लोक कल्याण संस्थान द्वारा किया गया।



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

गऊ करण पार्क रोहतक में होली के पावन त्योहार पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन हरियाणा कला परिषद व हरियाणा लोक कल्याण संस्थान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रणवीर सिंह ढाका, अशोक रंगा, शमशेर सिंह कालिंग, अनिल रंगा व जिला सचिव गीता ,सम्मानित पार्टी के कार्यकर्ता व नेता शामिल रहे। हरियाणा लोक कला संस्थान के प्रधान व जिला संयोजक कला संस्कृति प्रकोष्ठ भाजपा रोहतक शीशपाल सिंह चौहान इस कार्यक्रम का आयोजन किया। श्री राम जी और बाबा भोलेनाथ के भजनों से दर्शकों को मंत्र मुक्त किया, वहीं पर पूनम देवी आकाशवाणी रोहतक रेडियो सिंगर अपने फागुन मास के गीतों से महिलाओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। प्रदीप कुमार बामणी ने हमसे हरियाणा के छोरे देशभक्ति गीत गाकर लोगों की वाहवाही लूटी। इसी कड़ी में गगन हरियाणवी ने देशभक्ति गीत देश में देश हरियाणा बहुत सुंदर प्रस्तुति दी, वहीं पर धर्मेंद्र सांगी व नरेंद्र सांगी ने देशभक्ति वह फागुन मास की रागनियों से आए हुए श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। संदीप यादव के लोक नृत्य दल ने हरियाणवी लोक नृत्य की बहुत सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर हरियाणा लोक कला संस्थान के निदेशक शीशपाल सिंह चौहान ने रोहतक जिले के 48 लोक कलाकारों को होली के मिलन समारोह में अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सत्ता से बाहर होते ही दुष्यंत चौटाला को आने लगी किसानों व आम जनता की याद: मनोज राठी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने कहा है कि पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला अब किसानों व आम जनता के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाकर फिर से अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने सत्ता में रहकर दुष्यंत चौटाला ने भाजपा के हाथों किसानों व आम जनता पर जो अत्याचार करवाए, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कांग्रेस नेता मनोज राठी शनिवार को यहां पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के उस बयान पर प्रतिक्रिया जता रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि आचार संहिता लगने से पहले-पहले नए मुख्यमंत्री किसानों के लिए मुआवजे की घोषणा करें। उन्होंने कहा कि लगभग एक सप्ताह पहले तक दुष्यंत चौटाला खुद सरकार में थे, अब भी अप्रत्यक्ष रूप से सरकार में है। रात के अंधेरे में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मिलते हैं। गुफ्तगू करते हैं और जनता में यह भ्रम फैला रहे हैं कि हमारा गठबंधन टूट गया है।

उन्होंने कहा कि अब किसानों के लिए मुआवजा मांगकर व लाभपात्रों के लिए 5100 रुपये पैंशन मांगकर दुष्यंत चौटाला ह्य900 चूहे खाकर बिल्ली हज को चलीह्व वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं, जनता इनकी असलियत जान चुकी है और अब इन्हें कभी मुंह नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि यदि इन्हें लाभपात्रों के लिए 5100 रुपये पैंशन करवाने की इतनी ही चिंता थी तो भाजपा की गोद में बैठने से पहले यही काम करवाना चाहिए था, लेकिन जैसे ही सत्ता मिली, दुष्यंत परिवार ने जनता से किए वादों से चुप्पी साध ली।

### हिसार: इलेक्टोरल बॉन्ड से करोड़ों का घोटाला करके भाजपा ने रचा भ्रष्टाचार का इतिहास: लाल बहादुर खोवाल

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से वसूल की गई करोड़ों की रकम को भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा बताते हुए कड़ी निंदा की है। लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के सदस्यों एवं अन्य अधिवक्ताओं ने शनिवार को बैठक करके स्पष्ट किया कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने कई सौ करोड़ का घोटाला किया है।

हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रतन सिंह पानू की अध्यक्षता में आयोजित की गई, इस बैठक में भाजपा द्वारा मोटा चंदा वसूलने के तरीकों का विस्तार से खुलासा किया गया। बैठक के दौरान हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड आजादी के बाद देश का सबसे बड़ा घोटाला है। इस घोटाले से जुड़े लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के लिए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट प्रभावी कदम उठाएगा।

यदि इन लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई न की गई तो हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा धरना व प्रदर्शन भी किया जाएगा। खोवाल ने कहा कि भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी को सार्वजनिक करने से हर हाल में बचना चाहती है। इसलिए इलेक्टोरल बॉन्ड की अधूरी जानकारी देने पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए एसबीआई के प्रति नाराजगी भी जताई है। एसबीआई द्वारा यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक कोड का खुलासा करते ही भाजपा को कुल कितने सौ करोड़ का चंदा किससे मिला है, इसका पदार्फाश हो जाएगा।

हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट की बैठक में राज्य सचिव श्वेता शर्मा, अधिवक्ता अजमेर सिंह मोर, राज्य सचिव पवन तुंदवाल व कुलवंत सिंह सैनी, सरबजीत सिंह, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव एडवोकेट हिमांशु आर्य खोवाल, जिला महासचिव विपिन सलेमगढ़ व आशा बहलान, जिला सचिव गौरव टुटेजा, सहिल लाडूना, हिमांशु आर्य खोवाल, बलबीर कटारिया व ओमप्रकाश धरतरवाल सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मायूस हुए विधायक, नहीं हुआ मंत्रिमंडल का विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

नायब सैनी सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पेंच फंसता जा रहा है। शनिवार को राजभवन में तीन बार मंत्रिमंडल विस्तार तथा शपथ ग्रहण को लेकर कार्यक्रम आयोजन की खबरें आईं, लेकिन शाम होते-होते विस्तार भी टल गया और मंत्री बनने की इच्छा लेकर चंडीगढ़ पहुंचे विधायक भी मायूस होकर लौट गए।मनोहर लाल ने 12 मार्च को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। इसी दिन नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया गया। सीएम के साथ पांच मंत्रियों कंवर पाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौ. रणजीत सिंह, जेपी दलाल और डॉ बनवारी लाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

## एनआईटी कुरुक्षेत्र में खेले गए सेमीफाइनल मैच में केयूके वॉरिसर्य को हराया

**सेमीफाइनल मैच**

8 एनआईटी कुरुक्षेत्र में खेले गए सेमीफाइनल मैच में केयूके वॉरिसर्य को 109 रन से हराया



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारियों की क्रिकेट टीमों के बीच आयोजित अनौपचारिक मैचों की श्रृंखला में शनिवार को एनआईटी कुरुक्षेत्र के प्रांगण में आयोजित केयू स्टार व केयू वॉरियर्स के बीच हुए सेमीफाइनल टी-20 मुकाबले में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुटा प्रधान प्रो. परमेश कुमार व जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर प्रो. परमेश कुमार ने टॉस उछालकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए सभी खिलाड़ियों से कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बहुत जरूरी है। इसलिए कर्मचारियों द्वारा खेल को अपनी दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। केयू जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने सभी कर्मचारियों को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया व टीम भावना के साथ खेलने का आह्वान किया।

केयू वॉरियर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केयू स्टार इलेवन के ओपनर बल्लेबाज हेमंत सिंगला ने ताबडतोड़ बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंदों में 100 नाबाद रन व विजय जांगडा ने 51 नाबाद रन की बेहतरीन पारी खेली। वहीं अजय यादव ने 28 व शमशेर चौहान के 19 रनों का योगदान टीम का स्कोर 20 ओवर में 223 रन पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए केयू वरियर्स की पूरी टीम 114 रन ही बना सकी। केयू वॉरियर्स की ओर से सागर ने सर्वाधिक 21 रन बनाए। केयू स्टार इलेवन की ओर से दीपक थापा व अरविन्द श्रीवास्तव ने 3-3 विकेट व परवीन ने 2 विकेट झटके।

बाक्स

### केयू स्टार इलेवन व एडमिन प्लेयर्स के बीच फाइनल मैच आज

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में रविवार को सेमीफाइनल की विजेता टीम केयू स्टार इलेवन व एडमिन प्लेयर्स के बीच खेला जाएगा। वहीं शनिवार को यूनिवर्सिटी स्कूल में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में एडमिन प्लेयर्स ने स्पार्टन टीम के शिकस्त दी। मैच में एडमिन प्लेयर्स की टीम ने 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज की जिसमें पवन शर्मा ने 50 रन व रविन्द्र सैनी ने 51 रन बनाए।

## जींद में बनेगा मुंबई की तर्ज पर पार्क

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने भाजपा जिला महामंत्री डा. राज सैनी की मौजूदगी में शनिवार को रोहतक रोड पर भव्य विश्वकर्मा चौक व भिवानी रोड पर वार्ड 27 में विशाल पार्क के कार्य का उद्घाटन किया। पार्क के उद्घाटन करते समय डा. अनुराधा सैनी व वार्ड 27 से नगर पार्षद नीतिका कौशिक ने नारियल फोड़ कर पार्क के कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान वार्डवासियों ने डा. अनुराधा सैनी व डा. राज सैनी का भव्य स्वागत किया।



डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि सभी वार्डों को सम्मान रूप से विकास कार्य करवा रही हैं। यहां पर पार्क बनने पर हजारों लोग पार्क में सैर कर सकेंगे। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि इस पार्क निर्माण ने आसपास के अनेकों वार्डो के व्यक्तियों को फायदा होगा। पार्क सौंदर्यकरण व इसको तैयार करने के लिए लगभग 33 लाख रुपये की राशी खर्च की जाएगी । जिसमें चारदीवारी, पगडंडी के साथ अनेकों फूलदार व छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। कुछ दिन पहले ही वार्ड नंबर 27 के नगर पार्षद व उनके साथ अनेकों आसपास के पार्षदों द्वारा चेयरपर्सन की मौजूदगी में इस पार्क का प्रस्ताव पास किया था। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि इस पार्क में सैर करने के लिए यहां वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा।

## ए. श्रीनिवास होंगे राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

प्रदेश सरकार ने एक आईएएस और तीन एचसीएस अधिकारियों का तबादला किया है। वर्ष 2004 बैच के आईएएस अधिकारी ए. श्रीनिवास को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। उनके पास फरीदाबाद विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और गुरुग्राम विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का प्रभार भी रहेगा।मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक एचसीएस अधिकारियों में 2002 बैच के अधिकारी महावीर प्रसाद को महेंद्रगढ़ नगर परिषद आयुक्त के साथ जिला परिषद महेंद्रगढ़ सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## इस चुनाव में भाजपा की तानाशाही हारेगी, लोकतंत्र और संविधान की होगी जीत : अनुराग ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शनिवार को कैथल के दिलों वाली पब्लिक मीटिंग की। उनके साथ गज्जन सिंह, सतबीर गोयत, राजू कांगड़ा, आदित्य बंसल, आयुष खटकड़, मोना सिवाच, हरजिंदर सिंह, जसविंदर खरका समेत अन्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की समस्या मेरी समस्या होगी। इंडिया गठबंधन के सभी सांसद हरियाणा और कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की आवाज पूरी मजबूती से उठाएंगे।

उन्होंने कहा भाजपा का घमंड तोड़ने से पहले ये समझना पड़ेगा कि जो देश से गद्दारी करते हैं, इंसान को इंसान, किसान को किसान और युवा को युवा नहीं समझते। ऐसे लोगों को 2014 और 2019 में जीतने का मौका कैसे मिल गया। उनको जीतने का मौका इस प्रकार मिला कि अंधभक्त एक तरफ और देशभक्त इधर उधर बंट गए। इसलिए अंधभक्तों को राज आ गया। सबसे पहले इस बात को समझने के लिए हमें ये समझना पड़ेगा कि इंडिया गठबंधन क्यों बना। आज देश का संविधान, लोकतंत्र और देश की आजादी खतरे में है। इसलिए सभी ने अपने निजी स्वार्थ भूलकर देश को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया, ताकि देशभक्तों को वोट न बंटे। जब से इंडिया गठबंधन बना है तब से भाजपा के हाथ पैर फूले हुए हैं। इंडिया गठबंधन को कुरुक्षेत्र सीट से उम्मीदवार घोषित किए हुए 15-16 दिन हो गए लेकिन भाजपा को अपना उम्मीदवार नहीं मिल रहा।

उन्होंने कहा कि आज चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय चुनाव की घोषणा की है। हरियाणा आम आदमी पार्टी चुनाव के ऐलान का स्वागत करती है। आम आदमी पार्टी और पूरा इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। मुझे लगता है कि देश की जनता भी इस चुनाव का बेसब्री से इंतजार कर रही थी।

## व्यापारी वर्ग समेत हर वर्ग सत्ता परिवर्तन के लिए बेताब: गुप्ता

**बैठक**

8 कुरुक्षेत्र समेत हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतेगा इंडिया गठबंधन: डॉ. सुशील गुप्ता



**रादौर/यमुनानगर, 16 मार्च**

आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से "इंडिया" गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ . सुशील गुप्ता ने शनिवार को रादौर में कार्यकताओं के साथ बैठक की और अनाज मंडी का दौरा किया और आगामी लोकसभा चुनावों में बड़ी जीत दर्ज करने को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उनके साथ एमएलए बिशन लाल सैनी, आदर्शपाल सिंह, गगनदीप सिंह, रणधीर सिंह, कर्मवीर बूटर, संजू धौलंग, संजय गुप्ता, सतीश शर्मा, शमशेर सिंह, ऋषिपाल राणा, शिव कुमार शास्त्री, करमबीर खुर्दबन, सरदार संतोष सिंह, गुलजार सिंह, एडवोकेट कर्म सिंह और उमेश बुबका मौजूद रहे। इससे पूर्व, प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार की नीतियों से प्रदेश का व्यापारी वर्ग समेत हर वर्ग पूरी तरह से त्रस्त हो चुका है और सत्ता परिवर्तन के लिए बेताब है। इसलिए कार्यकताओं और सम्मानित मतदाताओं के उत्साह और समर्पण से इंडिया गठबंधन' कुरुक्षेत्र लोकसभा के साथ-साथ पूरे हरियाणा में एक शानदार जीत हासिल करेगा।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने मंडियों को बंद करने की पूरी तैयारी कर ली थी। 750 किसानों ने शहादत दी थी। इसके बाद मोदी सरकार को झुकना पड़ा और तीन काले कानून वापस लिए और एमएसपी लागू करने का वादा किया। बीजेपी को किसान और आढतियों से नफरत है, जो आढ़त कांग्रेस की सरकार में ढाई परसेंट मिलती थी. बीजेपी ने उसको फिक्स 46 रूपए करने का काम किया।

## सीएम के तौर पर खट्टर साहब फेल साबित हुए: अनुराग ढांडा

**चुनाव प्रचार**

8 *धर्मनगरी से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के लिए चुनाव प्रचार किया शुरू*



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर विभिन्न मुद्दों पर हरियाणा सरकार को घेरा। उनके साथ गेहल सिंह संधू, स्वामी कृष्णानंद, जयपाल शर्मा, मोना सिवाच और अनिल पंजेटा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हाल ही में हरियाणा सरकार ने स्वीकार किया है कि वो पिछले साढ़े नौ साल में हरियाणा में कोई काम नहीं कर पाए, लोगों को अपनी नीतियों से प्रभावित नहीं कर पाए और मुख्यमंत्री के तौर पर खट्?टर साहब पूरी तरह से फेल साबित हुए हैं। भाजपा को पता था कि प्रदेश की जनता को सरकार से नाराजगी है इसलिए चुनाव से ठीक पहले लोगों को भ्रमित करने के लिए मनोहर लाल खट्?टर को मुख्यमंत्री पद से हटाकर नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया। टीवी पर भाजपा के कार्यकर्ता कह रहे हैं कि ओबीसी मुख्यमंत्री बनाया गया है। इसका मतलब साफ है कि काम और प्रतिष्ठा के आधार पर मुख्यमंत्री परिवर्तित नहीं किए गए हैं बल्कि जाति के आधार पर मुख्यमंत्री बदला गया है।

उन्होंने कहा कि नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने के बाद जो देखने को मिल रहा है वो बहुत ही हैरान करने वाला है कि कैसे संविधान को ताक पर रखकर मनोहर लाल खट्?टर एक सुपर सीएम की तरह एक्ट कर रहे हैं। उनके पास कोई संवैधानिक पद नहीं है वो विधानसभा से इस्तीफा दे चुके हैं। लेकिन कल जब एक पटिटका का उद्घाटन किया जा रहा था तो उस पर लिखा हुआ था कि पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर की मौजूदगी में ऊपर पूर्व मुख्यमंत्री खट्?टर का नाम था और नीचे मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी का नाम था। जो मुख्यमंत्री पद के साथ साथ किसी व्यक्ति विशेष का भी अपमान था। नायब सैनी को रबड़ स्टैंप सीएम बनाने की कौशिश की जा रही है। भाजपा रिपोर्ट कंट्रोल से हरियाणा की सत्ता चलाना चाहती है, जो बेहद आपत्तिजनक है। इस पर भाजपा को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि किस हैसियत से उस पटिटका पर मनोहर लाल खट्?टर का नाम लिखा हुआ था और किसी संवैधानिक पद पर न होते हुए भी सुपर सीएम जैसा व्यवहार कैसे कर रहे हैं।

## हरियाणा आईएमए का ऐलान, आयुष्मान व चिरायु कार्ड धारकों का नहीं करेंगे इलाज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

हरियाणा के मेडिकल एसोसिएशन ने शनिवार को बड़ी घोषणा करते हुए राज्य के आयुष्मान कार्ड धारकों और चिरायु कार्ड धारकों को बड़ा झटका दिया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (हरियाणा आईएमए) ने एक पत्र जारी कर ऐलान किया है कि अब से पूरे हरियाणा में आयुष्मान योजना से जुड़े अस्पताल आयुष्मान और चिरायु कार्ड के लिए काम नहीं करेंगे।



हरियाणा आईएमए ने जारी पत्र में लिखा गया है कि पहले भी हमने अपनी समस्या लगातार सरकार को अवगत कराई है। लेकिन सरकार की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया। सरकार का यह रवैया आयुष्मान के पैनल वाले हरियाणा के अस्पतालों में असंतोष पैदा कर रहा है। इसी कड़ी में जरनल फिजिशियन डा. सुमित शर्मा ने कहा कि पिछले 1 साल से सरकार के साथ हमारी कई तरह की समस्या चल रही है। जिस कारण इस योजना को निजी अस्पतालों में बंद किया गया है। इसमें सबसे बड़ी प्रॉब्लम यह है कि जब भी किसी बिल की पेमेंट के लिए अप्रूवल लिया जाता है तो उसे बहुत सारे डिक्टेशन आ जाती है पिछले 6 सालों से हरियाणा रिन्यू नहीं किए गए हैं।

आपको बता दें कि आयुष्मान और चिरयु योजना के तहत आने वाले अस्पतालों का राज्य सरकार पर करीब 300 करोड़ रुपया बकाया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 17 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## 'निर्मल गुजरात 2.0' कार्यान्वयन के लिए 240 करोड़ आवंटित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गांधीनगर:** स्वच्छ भारत अभियान को गुजरात में और अधिक प्रभावी गति देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने निर्मल गुजरात 2.0 के अंतर्गत विभिन्न नए आयामों के लिए 240 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य की नगर पालिकाओं को सफाई कर (टैक्स) प्रोत्साहन के अंतर्गत कर वसूली में वृद्धि के लिए प्रोत्साहक अनुदान देने का निर्णय किया है। इसके मुताबिक अ एवं ब श्रेणी की नगर पालिकाओं द्वारा वार्षिक सफाई कर की 71 से 80 फीसदी वसूली करने पर 50 फीसदी प्रोत्साहक अनुदान, 81 से 90 फीसदी वसूली पर 100 फीसदी प्रोत्साहक अनुदान तथा 91 से 100 फीसदी वसूली करने पर 200 फीसदी प्रोत्साहक अनुदान दिया जाएगा। क एवं ड वर्ग की नगर पालिकाओं में इस प्रोत्साहक अनुदान की दर 60 से 70 फीसदी वसूली करने पर 50 फीसदी, 71 से 80 फीसदी वसूली पर 100 फीसदी, 81 से 90 फीसदी वसूली पर 200 फीसदी और 91 से 100 फीसदी तक की कर वसूली पर 300 फीसदी रखी गई है। प्रत्येक नगर पालिका को प्रतिवर्ष उसके द्वारा वसूली गई सफाई कर की राशि के बराबर सफाई कर का मिलान अनुदान (मैचिंग ग्रांट) दिया जाएगा।

**कुल 111 करोड़ का प्रावधान:** राज्य के शहरी विकास और शहरी गृह निर्माण विभाग द्वारा निर्मल गुजरात 2.0 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जारी किए गए प्रस्ताव के अनुसार मुख्यमंत्री ने नगर और महानगरों में प्रवेश की मुख्य सड़कों तथा शहर की किसी एक सड़क को आइकॉनिक रोड के रूप में विकसित करने के लिए भी सहायता देने का निर्णय किया है। महानगर पालिकाओं को शहर के सीमा क्षेत्र से 5 किलोमीटर तक और नगर पालिकाओं को शहर की सीमा से 2 किलोमीटर तक की सड़कों की सघन सफाई करनी होगी। इतना ही नहीं, शहर में प्रवेश के एप्रोच रोड की सफाई और किसी एक सड़क को आइकॉनिक रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए महानगर पालिकाओं और नगर पालिकाओं को जो आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अंतर्गत अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट महानगर पालिका को 2-2 करोड़ रुपए, भावनगर, जूनागढ़, जामनगर और गांधीनगर महानगर पालिका को 1.5-1.5 करोड़ रुपए, अ श्रेणी की नगर पालिकाओं को 1-1 करोड़ रुपए, ब श्रेणी की नगर पालिकाओं को 75-75 लाख रुपए तथा क एवं ड श्रेणी की नगर पालिकाओं को 50-50 लाख रुपए सहित कुल 111 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## 'इंडिया गठबंधन चुनाव से पहले ही बुरी तरह अस्त-व्यस्त'

**कानपुर:** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन चुनाव से पहले ही बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। इसलिए चुनाव के बाद तो इसके बने रहने की कल्पना भी बेमानी है। वह कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारियों की गोष्ठी में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी जहां अलग चुनाव लड़ रही है, वहीं दिल्ली में केजरीवाल ने भी खुद चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बसपा के किसी भी दल से गठबंधन न करने पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मायावती का अकेले चुनाव लड़ना उनका अपना निर्णय है।

# 'आज नो कर्फ्यू-नो दंगा है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है'

### सीएम ने रामपुर को दी 610 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं की सौगात

खुशहाली

**गुरु पर्व हो या होली, ईद हो या दीपावली-क्रिसमस, सभी खुशहाली से मनाए जा रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**रामपुर/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले कर्फ्यू व दंगे होते थे। आज यहां नो कर्फ्यू, नो दंगा है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है। सारे पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा रहे हैं। गुरु पर्व हो या होली, ईद हो या दीपावली-क्रिसमस, सभी खुशहाली से मनाए जा रहे। हर कोई अपने तरीके से पर्व-त्योहार मनाने के लिए स्वतंत्र है। यहां सुरक्षा भी है तो समृद्धि भी है। आज बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता, यदि किसी ने कोशिश की तो यमराज उसे अगले चौराहे पर दबोच डालेंगे। सरकार सुरक्षा और सुविधा भी दे रही है। सरकार जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। जब ऐसी सरकार होती है तो देश विकास की नई बुलंदियों को छूता हुआ दिखाई देता है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को रामपुर के महात्मा गांधी स्टेडियम (फिजिकल ग्राउंड) पर जनसभा को संबोधित किया। यहां सीएम ने रामपुर के लिए 610 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। रामपुर के विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया।

**किसान को फसल का दाम, नौजवान को मिल रहा काम:** सीएम ने कहा कि पहले किसानों को बिजली नहीं मिलती थी, इस साल किसानों को फ्री नलकूप में सिंचाई के लिए 26 सौ करोड़ बजट में दिए गए हैं। 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई है। सरकार अन्नदाता किसान को समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान, उपज को एमएसपी से अधिक दाम उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास भी कर रही है तो नौजवानों के रोजगार की व्यवस्था की जा रही है।

### 'विकसित उप्र के लिए चाहिए विकसित रामपुर'

**सीएम** ने कहा कि पढ़ाई हो या दवाई, रोजगार के लिए कमाई हो, बेटी हो और व्यापारी, देश में आज दोनों सुरक्षित हैं। विकसित भारत हमारा संकल्प होना चाहिए। इससे देश खुशहाल होगा। हर गरीब को अमीर कर देंगे तो उसके चेहरे पर खुशहाली आएगी, हर हाथ को काम, हर खेत को पानी, हर व्यापारी का व्यापार फलता-फूलता दिखेगा, चहुंओर खुशहाली होगी। विकसित भारत की परिकल्पना के लिए पीएम मोदी ने अहर्निश 10 वर्ष तक काम किया। विकसित भारत के लिए विकसित उप्र, विकसित उप्र के लिए विकसित रामपुर चाहिए। विकसित रामपुर के लिए कहीं रिंगरोड बन रही, कहीं एयरपोर्ट बन रही, कहीं चीनी मिल का पुनरोद्धार हो रहा, कहीं रोड, पॉलीटेक्निक, आईआईटी, यूनिटी-प्रगति मॉल बन रहा है तो कहीं पीएम स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित पुर्नवास किया जा रहा है तो कहीं सरस मेले के लिए हॉट बन रहा है। यह रामपुर की नई पहचान को बढ़ा रहे हैं। हर भारतवासी का संकल्प विकसित भारत होगा तो कोई ताकत विकसित होने से वंचित नहीं कर सकती। सीएम ने कहा कि मीरजापुर और इस मंडल के लिए आज नए विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया गया है। पहले की सरकार विश्वविद्यालय नहीं बनाने देती थी। लोग जमीन हड़पकर अपने नाम पर बनाने का प्रयास करते थे। आज कोई गरीबों की जमीन कोई हड़प नहीं सकता, हमें जमीन चाहिए होती है तो बातचीत कर चार गुना मुआवजा देते हैं।

## दो पूर्व विधायकों ने थामा भाजपा का दामन



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** लोकसभा से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दो पूर्व विधायकों ने जहां कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले ली है वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की बहू अनुकृति गुसाईं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को अपना इस्तीफा भेज दिया है, उनके भी भाजपा में शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। शनिवार को कांग्रेस के जिन दो पूर्व विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ली। इनमें गंगोत्री विधायक रह चुके विजयपाल सजवाण और पुरोला से विधायक रह चुके मालचंद का नाम शामिल है। इन दोनों विधायकों ने अपने भारी संख्या में समर्थकों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, प्रेमचंद अग्रवाल सहित भारी संख्या में भाजपा नेता उपस्थित थे जबकि अनुकृति गुसाईं ने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भेजकर त्याग पत्र की जानकारी दी है जो कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है।

## 'सीडीएस रावत का राष्ट्र सेवा में योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा'



भव्य सैन्य धाम

**उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए प्रदेश सरकार गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम का निर्माण कर रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** सैनिक कल्याण मंत्री ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत को स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा में उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए प्रदेश सरकार गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम का निर्माण कर रही है। शनिवार को कनक चौक स्थित जनरल बिपिन रावत पार्क में प्रथम सीडीएस स्व.जनरल बिपिन रावत की जयंती पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत पार्क के सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्यों को संपादित करने के लिए जल्द ही एक एक कमेटी बनाई जाएगी। इसके बाद उस कमेटी के अनुरूप आगे के कार्य किए जाएंगे। भव्य सैन्य धाम का मुख्य द्वार शहीद सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर बनाया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड के युवाओं को सेना में लंबाई में 5 सेंटीमीटर की छूट जनरल बिपिन रावत की वजह से ही संभव हो पाई। पहाड़ के युवाओं की लंबाई मैदानी इलाकों के युवाओं से थोड़ी कम होती है। युवाओं को सेना में नौकरी के लिए लंबाई में छूट के लिए मिलकर अपनी बात रखी और इसकी उन्होंने स्वीकृति दी मंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत की ओर से बॉर्डर के दो ब्रिगेड पिथौरागढ़ और जोशीमठ में सेना के माध्यम से गांवों को संवारने का कार्य हो रहा है यह भी किया गया है।

इस मौके पर विधायक खजान दास,जनरल सम्मी सभरवाल,उपनल एमडी जे.एस बिष्ट, उपनिदेशक कर्नल बीएस रावत,कर्नल आरएल थापा,सुरेंद्र राणा,भूपेंद्र कटेत सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## प्रत्येक लोकसभा सीट को 5 लाख के वोटों से जीतने का लक्ष्यः त्रिवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** उत्तराखंड के पूर्व सीएम और हरिद्वार लोकसभा के उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि इस बार हम विधानसभा स्तर पर काम कर रहे हैं और हमारा पूरा फोकस है कि हाई कमान ने हमें जो लक्ष्य दिया है, हम उससे भी बेहतर प्रदर्शन करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोकसभा सीट को 5 लाख के वोटों से जीतने का लक्ष्य रखा गया है। हरिद्वार लोकसभा के उम्मीदवार त्रिवेंद्र भाजपा कार्यालय में आयोजित एक भव्य स्वागत समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब मेरे ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि जिस निष्काम प्रेम के साथ हरिद्वार की जनता ने बीते रोज मेरा स्वागत और अभिनंदन किया।

## उत्तराखंड में हो रहा फैसला ऑन द स्पॉट



सुशासन

**गुड गर्वनेंस मॉडल से जनता और नौकरशाही के बीच सेतु बने मुख्यमंत्री धामी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गुड गवर्नेंस मॉडल जनता और नौकरशाही के बीच सेतु बन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण की मंशा के साथ न्याय आपके द्वार की परिकल्पना साकार कर रहा है। यह संभव हो पाया है मुख्यमंत्री धामी के सरलीकरण, समाधान, निस्तारण व संतुष्टि की नीति से। गुड गवर्नेंस मॉडल की मूल अवधारणा में प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, सामाजिक न्याय, सहयोगी शासन और नागरिकों के साथ संवेदनशीलता को बढ़ावा देना शामिल है।

**मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ता से फोन पर बात कर लिया फीडबैकः** मुख्यमंत्री धामी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शनिवार को एक वीडियो चल रहा है। वीडियो में मुख्यमंत्री धामी अधिकारियों की बैठक ले रहे हैं और शिकायतकर्ता से फोन से बात कर फीडबैक ले रहे हैं। इसी बीच अधिकारियों की बोलती उस समय बंद हो गई, जब मुख्यमंत्री से सुना कि शिकायतकर्ता तीन माह पहले शिकायत किया है और अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता की बिजली बिल अधिक आने की शिकायत थी।

**समाधान न होने पर भड़के धामी, सख्त लहजे में कार्रवाई के दिए निर्देशः** शिकायतकर्ता को समय से समाधान न मिलने पर मुख्यमंत्री ने सख्त लहजे में अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सरलीकरण, समाधान, निस्तारण व संतुष्टि के साथ काम करने व ऐसी शिकायत न आने की चेतावनी दी और जवाबदेही तय करने को भी कहा। यह मुख्यमंत्री की समयबद्धता और जनसमस्याओं के प्रति सरकार की जिम्मेदारी की समझ प्रदर्शित करता है।

## भंडाफोड़: अफीम की खेती करने पर खेत सीज



कार्रवाई

**खेत को सीज कर दिया। इसके बाद डेढ़ हजार अफीम पोस्ता के पौधे, 1718 अफीम के फल बरामद किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**हंडियाः** नौनरा गांव में हो रही अवैध अफीम की खेती का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस, प्रशासन, आबकारी की टीम ने खेत को सीज कर दिया। इसके बाद डेढ़ हजार अफीम पोस्ता के पौधे, 1718 अफीम के फल बरामद किया गए हैं, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई गई है। अवैध रूप से अफीम की खेती करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करते हुए भू-स्वामी विजय चंद्र मौर्या को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया है कि नौनरा गांव निवासी विजय चंद्र पांच भाई हैं। जमीन का बंटवारा होने पर उसके हिस्से में 10 बिस्वा आई थी। उसी जमीन पर वह अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहा था। इसकी भनक लगने पर पुलिस ने गोपनीय स्तर पर छानबीन की। इसके बाद कार्रवाई की तैयारी की गई।


## नाजायज संबंधों के डर से किया था मासूम का कत्ल, आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वारः** महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने और उसके साथ नाजायज संबंधों का बच्चों को पता चलने के डर से आरोपित ने एक मासूम को मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। भगवानपुर निवासी सरदार सिंह ने अपने 13 वर्षीय नाबालिग बेटे कार्तिक की गुमशुदगी दर्ज करायी थी।

## प्रवासी बीकानेरियों को बनाएंगे विकास में भागीदार

**बीकानेरः देश और दुनिया** में सफलता का परचम लहराने वाले प्रवासी बीकानेरियों को शहर के विकास और आधारभूत सुविधाओं के इजाफे में भागीदार बनाया जाएगा। इसके लिए बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास की पहल पर 'मेरी जन्मभूमि, मेरी जिम्मेदारी अभियान' चलाया जाएगा। यह अभियान विभिन्न चरणों में काम करते हुए अगले कुछ समय में शहर की सूरत बदलेगा।

## प्रदूषण मुक्त होगी चारधाम यात्रा, विश्व फलक पर जगाएगी स्वच्छता की अलख



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** देवभूमि उत्तराखंड को प्रदूषण मुक्त बनाने की कवायद तेज हो गई है। धामी सरकार केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री समेत चार प्रमुख तीर्थ स्थलों के पैदल मार्गों को प्रदूषण मुक्त बनाएगी। इससे चारधाम यात्रा पर देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की तीर्थ यात्रा सफल होगी। साथ ही वे स्वच्छता का संदेश भी लेकर जाएंगे और विश्व फलक पर स्वच्छता की अलख जगाएंगे। उत्तराखंड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अब चारधाम यात्रा में भी इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग और संचालन बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इसके तहत आरटीओ अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कामर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा चारधाम यात्रा के रूट मार्ग पर 28 इलेक्ट्रिक स्टेशन लगाने की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए जीएमवीएन को नोडल एजेंसी बनाया गया है। आरटीओ अधिकारी ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे।

**प्लेन क्षेत्रों में हर नौ किलोमीटर और चारधाम यात्रा मार्ग पर हर 30 किमी पर बनेगा चार्जिंग स्टेशनः** दरअसल, फरवरी 2018 में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में वाहनों से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण पर चिंता जताई गई थी। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में देहरादून में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला।

## 'कारोबारी फैट निकालने के बाद खोवा तैयार कर रहे हैं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः** कारोबारी फैट निकालने के बाद खोवा तैयार कर रहे हैं, जबकि चने से निर्मित बेसन में मटर का आटा मिला रहे हैं। बर्फी, दूध, पनीर, पेड़ा, पान मसाला, नमकीन, मिर्च, इलायची व काली मिर्च में भी मिलावट कर बिक्री की जा रही है। मिलावट कई बार सेहत के लिए भी खतरनाक साबित होती है। अपर जिलाधिकारी नगर डा. राजेश कुमार ने 55 ऐसे ही मिलावट के मामलों में निर्णय सुनाते हुए 22 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। आरोपितों से अर्थदंड की वसूली भूराजस्व की तरह तहसीलों के माध्यम से करने के आदेश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त खाद्य-दो विजय प्रताप सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर मिलावटखोरों के विरुद्ध कार्रवाई तेज की गई है। अपर जिलाधिकारी नगर न्यायालय ने होली के अवसर पर ऐसे कारोबारियों पर कार्रवाई की है, जिनके खाद्य पदार्थों में मिलावट पाई गई है।

आदर्श रसोई सप्ताह 101 वां

# राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने मनाया महिला दिवस

### धूमधाम से मनाया गया महिला दिवस, आदर्श रसोई की महिला शक्ति ने मिलकर काटा रिबन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी **'राकेश भारद्वाज चौक'** पर आदर्श रसोई ने 101वां रविवार का सफर पूरा कर लिया है। इस मौके पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और इस विशेष मौके पर सभी ने महिला शक्ति को महिला दिवस की बधाई दी। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

**रिबन काटकर महिला शक्ति ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ**

**आदर्श** रसोई के पदाधिकारियों ने राकेश भारद्वाज चौक पर धूमधाम से महिला दिवस मनाया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर उत्सव सा माहौल था। हर कोई नारी शक्ति को बधाई दे रहा था। इसके उपरांत महिला शक्ति ने रिबन काटकर आर्दश रसोई का शुभारंभ किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस विशेष मौके पर उत्साह देखते बनता था।





**महिला शक्ति का हुआ हुआ भव्य स्वागत, किया अभिनंदन**

महिला दिवस पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने महिला शक्ति को सम्मानित किया और उनका पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया गया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था।



**आदर्श रसोई मजबूती से आगे बढ़ रही**

इस विशेष मौके पर महिला शक्ति ने एक सुर में कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं।

**लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली**

आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया